kanwhizztimes

@kanwhizztimes

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-146 | शनिवार, 28 जून 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। यह उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं।

द्रौपदी मुर्मु


नौसेना प्रमुख ने 51 नौसैनिकों को वीरता और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया 11

युवा अपने लक्ष्य राष्ट्र पर केंद्रित रखें : धनखड़ 12


# केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं पिछली सरकारें : योगी

## पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल ऐप का शुभारंभ और बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने न सिर्फ उद्यमियों की उपेक्षा की, बल्कि जातीय संघर्षों को बढ़ावा देने का कार्य भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों की उपलब्धि जातीय संघर्ष करा कर परिवारवाद के नाम पर एक जनपद एक माफिया देने की रही है। इसके चलते जनता के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। उन्होंने कहा कि यूपी ने 24 जनवरी 2018 में पहली बार अपने स्थापना दिवस का आयोजन किया। 1950 में यूपी की स्थापना होने के बाद से लेकर 2018 तक कभी प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन नहीं हुआ, क्योंकि पिछली सरकारों को जातीय संघर्ष कराने और इसके आधार पर प्रदेश को पहचान का संकट खड़ा करने से फुरसत ही नहीं थी। वे सब अपने परिवार के लिए कार्य कर रहे थे, प्रदेश से उनका कोई मतलब नहीं था।



- विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का किया शुभारंभ
- युवाओं के लिए उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

मुख्यमंत्री ने यूथ अड्डा का लोकार्पण किया, जिसे यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यह मंच सभी जातियों और समुदायों के युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। सीएम युवा मोबाइल ऐप के शुभारंभ के साथ, सरकार ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सभी समुदायों के युवाओं को बिना किसी जातिगत भेदभाव के प्रशिक्षण, ऋण और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐप सुनिश्चित करेगा कि कोई भी युवा सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न हो। मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के तहत बरेली और मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के ● शेष पेज 11 पर

### आर्थिक प्रगति है यूपी का नया चेहरा

मुख्यमंत्री ने पिछले आठ वर्षों में यूपी की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2017 में प्रदेश का निर्यात मात्र 80 हजार करोड़ रुपये था, जो आज 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 46 हजार रुपये से बढ़कर 1 लाख 20 हजार रुपये और जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह प्रगति बेहतर कानून व्यवस्था और सभी समुदायों को समान अवसर देने के कारण संभव हुई है।

## संक्षेप

### नई तैनाती पर न जाने वाले स्थानान्तरित कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही

**लखनऊ।** आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय ने अपने यहां स्थानांतरित कार्मिको को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने को कहा है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो नियमानुसार उन पर अनुशासनिक कार्यवाही कर दी जाएगी। आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशक साधना श्रीवास्तव ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किए। इसमें कहा गया कि 15 जून के तबादला आदेश के क्रम में अपना कार्यभार ग्रहण न करने वाले सहायक लेखाधिकारी, लेखाकार, सहायक लेखाकार, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक व लेखा परीक्षकों को अंतिम मौका दिया जा रहा है।वह मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम के जरिए कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण प्रमाण पत्र की एक प्रति निदेशालय को आवश्यक रूप से उपलब्ध करायी जाए। निदेशक ने संबंधित विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष, नियंत्रक अधिकारी से अनुरोध किया है कि स्थानांतरित कार्मिकों को बिना किसी विलम्ब के तत्काल उन्हें कार्यमुक्त करें।

### बब्बर खालसा के तीन सदस्य गिरफ्तार

**मोहाली।** पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) मोहाली ने पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए एक किशोर सहित इसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह के रूप में हुई है, जो दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं, साथ ही एक किशोर भी है।

### कोलकाता के लॉ कालेज में छात्रा से गैंगरेप, 3 गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता में लॉ कॉलेज की स्टूडेंट से गैंगरेप मामले के 3 आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 10 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी शुक्रवार सुबह हुई। घटना 25 जून को हुई थी। पुलिस के मुताबिक, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई। आरोपियों में मोनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मोनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। बाकी के दो 2कॉलेज के छात्र हैं। भाजपा ने मोनोजीत के तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़े होने का दावा किया। टीएमसी ने इसे माना, लेकिन कहा कि मोनोजीत सक्रिय सदस्य नहीं है। पीड़ित ने एफआईआर में लिखाया है कि मोनोजीत ने शादी का ऑफर दिया था, लेकिन मैंने मना कर दिया।

# लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मूल्यों के खिलाफ : हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट में ऐसे मामलों के बढ़ने पर कोर्ट नाराज, आरोपित की जमानत मंजूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शादी का झूठा वादा करके एक महिला का यौन शोषण करने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि लिव-इन रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मध्यम वर्गीय समाज में स्थापित मूल्यों के खिलाफ है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की पीठ ने अदालतों में पहुंचने वाले ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या पर भी नाराजगी व्यक्त की। हाईकोर्ट ने कहा '' सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लिव-इन-रिलेशनशिप को वैधानिक बनाए जाने के बाद, न्यायालय ऐसे मामलों से तंग आ चुका है। ये मामले न्यायालय में इसलिए आ रहे हैं क्योंकि लिव-इन-रिलेशनशिप की अवधारणा भारतीय मध्यवर्गीय समाज में स्थापित कानून के विरुद्ध है...। कोर्ट ने आगे कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप महिलाओं को अनुपात में नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि पुरुष ऐसे रिश्ते खत्म होने के बाद आगे बढ़ सकते हैं और यहां तक कि शादी भी कर सकते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए ब्रेकअप के बाद जीवन साथी ढूंढना मुश्किल होता है।



अदालत ने यह टिप्पणी शाने आलम नामक एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने शादी का झूठा आश्वासन देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उससे शादी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट के समक्ष पीड़िता के वकील ने दलील दी कि आरोपी के कृत्यों ने उसके पूरे जीवन का ● शेष पेज 11 पर

### अब शव का चार घंटे के भीतर पोस्टमार्टम करना होगा

**लखनऊ।** पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को बहुत इंतजार नहीं करना होगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दुखी की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे के भीतर करने के निर्देश दिए हैं।
डिप्टी सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है। प्रदेश भर के पोस्टमार्टम हाउस में नई व्यवस्था लागू होगी। अब शव का पोस्टमार्टम अधिकतम चार घंटे के भीतर होगा। जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां सीएमओ दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े।

# भारत के साथ हो सकता है 'बहुत बड़ा' व्यापार समझौता : ट्रम्प

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ 'बहुत बड़ा' व्यापार समझौता कर सकता है। राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल अंतिम दौर की व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन गया हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था लेकिन भारत सरकार के रूख को देखते हुए उसे नौ जुलाई तक स्थगित कर दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हो गयी। श्री ट्रंप का कहना था कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर अधिक आयात शुल्क लगाता है जबकि अमेरिका की ओर से यह शुल्क कम है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम में श्री ट्रम्प ने कहा कि चीन के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं और भारत के साथ भी इसी तरह का व्यापार समझौता हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा भारत के साथ एक समझौता हो सकता है...हम भारत के साथ उसी तरह का समझौता करने जा रहे हैं जैसा चीन के साथ किया है। हमने अभी चीन के साथ समझौता किया है। हम सभी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। लेकिन कुछ बेहतरीन करार कर रहे हैं। शायद भारत के साथ एक बहुत बड़ा समझौता हो सकता है। भारत अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है और कपड़ा,रत्न और आभूषण,चमड़े के सामान पर शुल्क में रियायत चाहता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले महीने कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और उचित व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहे हैं जिससे दोनों देशों को लाभ होगा।

# उत्तराखंड में पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटी

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय से शुक्रवार को राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटा दी। साथ ही चुनाव आयोग को चुनावी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में आज कुल 19 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत की ओर से लगी रोक को हटाने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। याचिकाकर्ताओं की ओर से आज सरकार की ओर से तय किये गये आरक्षण को गलत ठहराने के लिये कई दलीलें पेश की गयीं और कहा गया कि कई सीटों का आरक्षण गलत किया गया है। आरक्षण में पुनरावृत्ति की गयी है लेकिन वह अंततः अदालत को संतुष्ट नहीं कर पाये। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि आरक्षण तय करने में संविधान और कानूनी प्रावधानों का अनुपालन किया ● शेष पेज 11 पर

# चार परियोजना प्रबंधक और तीन जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

- सीएम के निर्देश पर परती भूमि विकास विभाग के अधिकारियों और इंजीनियर के खिलाफ हुई कार्रवाई
- विभागीय समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के कार्यों में सामने आयी थी लापरवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। इस बार परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 में प्रयागराज, महोबा, चित्रकूट और प्रतापगढ़ के चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लापरवाह अधिकारियों के कार्य में कार्रवाई के बाद भी सुधार नहीं आता है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

समीक्षा बैठक में सामने आयी परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ता की लापरवाही परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि हाल ही में योजना के परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान परियोजना प्रबंधक और अवर अभियन्ताओं से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए कार्यों के विवरण की जानकारी की गई, लेकिन चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ता कार्यों का विवरण नहीं दे सके। इसके साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के बारे में भी नहीं बताया सके। कार्य में सुस्ती और लापरवाही पर चार परियोजना प्रबंधक और तीन अवर अभियन्ताओं की कार्यशैली पर उठे सवाल पर, मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया। इसके बाद एक्शन लिया गया। मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगर कार्रवाई के बावजूद वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करते हैं, तो भविष्य में और भी कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रयागराज, महोबा, चित्रकूट और प्रतापगढ़ के परियोजना प्रबंधक को थमायी गयी प्रतिकूल प्रविष्टि सीओ ● शेष पेज 11 पर



# रिहाई में देरी, उप्र को देना पड़ा लाख रुपए मुआवजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपए का मुआवजा देना पड़ा। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत दे दी थी, लेकिन उसे गाजियाबाद जिला जेल से 24 जून को रिहा किया गया। इस तरह अदालती आदेश के बावजूद आरोपी की रिहाई में 28 दिनों की देरी हुई। शीर्ष अदालत ने 29 अप्रैल को आरोपी को जमानत दी और उसके बाद 27 मई को गाजियाबाद की एक निचली अदालत की ओर से रिहाई संबंधी आदेश जारी किया गया था। शीर्ष अदालत को पिछले दिनों आरोपी व्यक्ति ● शेष पेज 11 पर



# चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए जटिल मुद्दों का समाधान जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन सीमा पर स्थायी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से लंबित जटिल मुद्दों को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया है। श्री सिंह ने चीन के किंगदाओं में गुरूवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुनः सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधान पर बल दिया।

रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया। श्री सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने स्थायी संपर्क और तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से जटिल मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने सीमा प्रबंधन पर जोर दिया और इससे संबंधित स्थापित तंत्र को फिर से सक्रिय करते हुए सीमा विवादों के स्थायी हल का समर्थन किया।

उन्होंने परस्पर लाभ के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाकर अच्छे माहौल की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्री सिंह ने जमीनी स्तर पर कदम उठाकर 2020 के सीमा गतिरोध के बाद बनें अविश्वास के माहौल को दूर करने का भी आह्वान किया। दोनों मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमांकन से संबंधित मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष होने की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने पांच वर्ष के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा के पुनः आरंभ होने की भी सराहना की। रक्षा मंत्री ने चीनी रक्षामंत्री को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर जघन्य आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को नष्ट करने के उद्देश्य से भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी।



- एससीओ सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात, भेंट की मधुबनी पेंटिंग

### आतंकवाद के संदर्भ के बिना एससीओ का घोषणापत्र भारत को स्वीकार्य नहीं : जयशंकर

**नई दिल्ली।** चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के इनकार करने के फैसले को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही ठहराया। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की पोल भी खोली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रक्षा मंत्री ने बिल्कुल सही कदम उठाया। क्योंकि 10 सदस्यीय समूह में केवल एक देश ऐसा था तो आतंकवाद का जिक्र नहीं करना चाहता था। जबकि एससीओ का मुख्य उद्देश्य ही आतंकवाद से लड़ना है। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं आपको कुछ संदर्भ देता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। शंघाई सहयोग संगठन का उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना था। यह संगठन आतंकवाद से लड़ने के लिए है। जब राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रियों की बैठक में गए और दस्तावेज पर चर्चा हुई तो एक देश ने कहा कि नहीं नहीं, हम इस पर बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह का दृष्टिकोण सही था। जिस संगठन का उद्देश्य ही आतंकवाद से लड़ना है, उस पर बात नहीं की गई तो रक्षा मंत्री ने साझा बयान को स्वीकार करने की अनिच्छा व्यक्त की। एससीओ सर्वसम्मति से चलता है। एक देश बयान में आतंकवाद का संदर्भ देने के लिए सहमत नहीं था। इसलिए राजनाथ सिंह जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि बयान में आतंकवाद का उल्लेख नहीं है, तो हम इस पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की सराहना करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है क्योंकि देश के हित को सबसे पहले रखा जाता है। मैंने दुनिया भर में घूमने वाले और राष्ट्रीय हित में बोलने वाले

# प्रयागराज सरकारी आईटीआई और सेवायोजन कार्यालयों में चरम पर फैला है भ्रष्टाचार

**इटावा में पाकिस्तान भागे कर्मचारी आसिफ खान को अवैध तरीके से किया गया ज्वाइन**

**दिया गया प्रमोशन प्रदेश में सरकारी आईटीआई में 438 अवैध नियुक्तियों की दबीं फाइलें, मुख्य सचिव और निदेशक से भी हुई हैं शिकायतें**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और सेवायोजन कार्यालयों में भ्रष्टाचार इस हद तक पहुंच चुका है कि नियम, कानून और नैतिकता अब बेमानी हो चुके हैं। प्रयागराज से लेकर इटावा तक ऐसे मामलों की लंबी श्रृंखला है, जिनमें अवैध नियुक्तियां, फर्जी प्रमोशन और सेवा में बने रहने के लिए दस्तावेजों में हेराफ़ेरी आम बात हो गई है। सरकार और विभागीय अफसरों की चुप्पी इन मामलों को और भी संदेहास्पद बना रही है।प्रयागराज के आईटीआई में तैनात अजय कुमार का मामला लंबे समय से चर्चा में है। वर्ष 2005 में समूह ग़ श्रेणी में नियुक्त हुए अजय कुमार की नियुक्ति को लेकर कई बार शिकायतें की गईं कि यह अवैध तरीके से हुई है, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा उसे पदोन्नत कर वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक बना दिया गया और 1 फरवरी 2023 को प्रमोशन का पत्र भी जारी कर दिया गया। इसी तरह रामनरेश यादव जो नैनी आईटीआई में तैनात थे उनको रिटायरमेंट होने के बाद भी 26 महीने तक नौकरी कराया गया, जिससे लगभग 24 लाख का सरकारी रकम की क्षति हुई है ।

हालांकि इस मामले में नैनी थाना में क्राइम नंबर 158/23 मुकदमा रामनरेश यादव के खिलाफ दर्ज हुआ है ।इसी तरह प्रदेश के सरकारी आईटीआई संस्थान में सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से करीब 438 लोगों की अवैध नियुक्तियां की गईं, लेकिन अब तक सिर्फ एक व्यक्ति को निलंबित किया गया है। शेष 437 लोग आज भी विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं और कई तो निदेशालय लखनऊ तक पहुंच चुके हैं। यह सवाल उठता है कि जब मामले की मीडिया में कई बार रिपोर्टिंग हुई, फिर भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?उधर, इटावा आईटीआई में तो भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा सामने आई है। यहां मोहम्मद आसिफ खान नामक कर्मचारी 2007 से 2016 तक बिना सूचना के विभाग से गायब रहा और पाकिस्तान चला गया। इतने वर्षों तक पाकिस्तान में रहने के बाद जब वह लौटकर आया तो उसे तत्कालीन सेवायोजन अधिकारी अरशद अली ने अवैध रूप से फिर से सेवा में बहाल कर दिया। कुछ वर्षों बाद उसे प्रमोशन भी दे दिया गया।

इस पूरे मामले की शिकायत एक अन्य कर्मचारी ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से की है, जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि भगोड़े कर्मचारी को कैसे नियमों की अनदेखी कर फिर से सेवा में लाया गया और प्रमोशन तक दे दिया गया। न तो आसिफ खान पर कोई कार्रवाई हुई, न ही उसे जॉइन कराने और प्रमोट करने वाले अधिकारियों पर हुई ।इन घटनाओं से यह स्पष्ट है कि आईटीआई और सेवायोजन कार्यालयों में नीचे से ऊपर तक पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में संलिप्त है। उच्च न्यायालय में कई मामले विचाराधीन हैं, लेकिन विभागीय कार्रवाई अब तक ठप है। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि क्या सरकार इन घोटालों को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है।

इन अवैध तरीके से नियुक्त हुए 438 लोगों को प्रमोशन दे दिया गया है जबकि इनसे सीनियर और वरिष्ठ कर्मचारी आज भी प्रमोशन के लिए लटके हुए हैं ।अब समय आ गया है कि प्रदेश सरकार इन मामलों पर गंभीरता दिखाए और एक स्वतंत्र जांच समिति का गठन कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। वरना यह भ्रष्टाचार न केवल संस्थानों की साख को ध्वस्त करेगा, बल्कि ईमानदार कर्मचारियों के भविष्य के लिए भी खतरा बन जाएगा।

# उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा समिति की बैठक आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उपेन्द्र चन्द्र जोशी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को हिंदी के अधिकतम प्रयोग का निर्देश देते हुए कहा कि राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्टेशन, मंडल और कार्यालयों में सभी सूचनाएं हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाएं। बैठक में 'रेल संगम' पत्रिका के संरक्षा और सुरक्षा विभाग विशेषांक का विमोचन भी किया गया।उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को किया गया सम्मानितमहाप्रबंधक ने मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक बसंत कुमार शर्मा को 'ढाई आखर' काव्य संग्रह के लिए रेलवे बोर्ड के मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार हेतु चयनित होने पर बधाई दी। प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) नवीन प्रकाश को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक और कार्य अध्ययन अधिकारी संतोष कुमार वाजपेयी को व्यक्तिगत नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। बैठक में राजभाषा प्रगति, हिंदी कार्यशालाओं और कर्मचारियों के प्रशिक्षण की भी सराहना की गई।अगर चाहें त तैयार कर सकता हूँ, बताइए ।

## जमीनी विवाद में दलित समाज पर हमला, जातिसूचक गालियों का आरोप

प्रयागराज। थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में जमीन विवाद को लेकर दलित (पासी) समाज के लोगों पर हमला करने और जातिसूचक गालियां देने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।खेत में काम कर रहे मजदूरों पर हमला शिकायतकर्ता जंग बहादुर पासी पुत्र अमरनाथ पासी ने थरवई थाने में तहरीर देकर बताया कि वह और उनके साथी हेतापट्टी गांव में मजदूरी कर रहे थे। उसी दौरान सदानंद यादव, प्रदीप कुमार यादव, आशीष कुमार यादव, प्रवेश कुमार यादव, शुभम कुमार यादव और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीटकर राकेश पासी, धीरेन्द्र पासी, संदीप पासी और विकास पासी समेत कई मजदूरों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।जंग बहादुर पासी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित पक्ष ने इस मामले में थरवई पुलिस से सख्त कार्रवाई करने और आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।घटना से आक्रोशित पासी समाज के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शांत नहीं बैठेंगे।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

## हत्या के तीन आरोपियों को उम्रकैद, कोर्ट ने सुनाया फैसला

प्रयागराज। धूमनगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2006 में हुई हत्या के एक मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एसीजेएम (प्रथम) कुमारी अनीता की अदालत ने उमरी गांव के निवासी मुन्नू, साबिर और रमजानी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा के साथ 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।2006 में हुई थी गोलीकांड में हत्यामामला 2006 का है जब धूमनगंज इलाके में गोली लगने से समून नामक युवक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मोहम्मद आसिफ की तहरीर पर धूमनगंज थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच और गवाही के आधार पर कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी पाया।कोर्ट का सख्त रुखएसीजेएम कुमारी अनीता प्रथम की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे अपराधों में सख्त सजा जरूरी है ताकि समाज में कानून का भय बना रहे। अदालत ने सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा के साथ आर्थिक दंड भी लगाया है।

## थानों में दलालों की नो एंट्री, डीसीपी अजय पाल शर्मा की सख्त चेतावनी

प्रयागराज । कमिश्नरेट प्रयागराज में पुलिसिंग में पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से इक्र्ए अजय पाल शर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कमिश्नरेट क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि थानों में दलालों और भूमाफियाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।थाने में फरियादी को मिले प्राथमिकताइक्र्ए ने निर्देश दिया कि किसी भी थाने में दलालों का जमावड़ा न हो। थाने पर आने वाले फरियादियों को ही प्रमुखता से बैठाया जाए, न कि दलालों को। उन्होंने कहा कि यदि किसी थाने में दलालों की उपस्थिति की शिकायत मिली तो उसके लिए सीधे तौर पर संबंधित थाना प्रभारी जिम्मेदार होंगे।गूगल मीट पर हुई सख्त बैठकगूगल मीट के माध्यम से हुई बैठक में इक्र्ए अजय पाल शर्मा ने थानों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और थाना प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी को ईमानदारी और जनहित में कार्य करना होगा। थानों में आम जनता की सुनवाई सुनिश्चित हो, यही सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## लोक निर्माण विभाग ने कार्यदाई संस्था को दिया अंतिम चेतावनी

कोरांव, प्रयागराज। लोक निर्माण विभाग ने कार्यदाई संस्था को लेडीयारी से नीबी पवारी संपर्क मार्ग की खराब स्थिति के संबंध में अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया है। यह सड़क कई लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी, लेकिन मानक के अनुसार निर्माण नहीं होने के कारण यह सड़क बनने के बाद से ही टूटने लगी। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं और पटरियों पर मिट्टी नहीं डाली गई है।लेडीयारी नीबी गांव के अम्बुज कुमार ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद कार्यदाई संस्था को कई बार नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने मरम्मत नहीं कराई। अब 24 जून 2025 को अंतिम चेतावनी नोटिस दिया गया है।अब देखना है काम का केवल खाना पूर्ति होता है या हकीकत मे सड़क को मरम्मत कराया जायेगा या कार्रवाही होगा।

# बारा विधायकने गौहनिया में लगाया जनता दरबार, सुनीं लोगों की समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। बारा क्षेत्र के विधायक डॉ. वाचस्पति ने शनिवार को गौहनिया स्थित एम. वी. कॉन्वेंट स्कूल में जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी शिकायतें लेकर जनता दरबार में पहुंचे, जहां विधायक ने गंभीरता से सभी फरियादियों की बातें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि जनता की समस्याओं का समय से समाधान कराना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अफसरों से कहा कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्रीय लोगों ने सड़क, बिजली, पानी और आवास से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से रखीं, जिन पर विधायक ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।जनता दरबार में कई सामाजिक संगठन के लोग भी मौजूद रहे और क्षेत्र के विकास से जुड़ी अपनी मांगें रखीं। विधायक ने कहा कि वे लगातार जनता के बीच जाकर इसी तरह जन सुनवाई करते रहेंगे।

# विधवा की नगर पंचायत मे नहीं हुई सुनवाई तो खुद बनवा डाली सड़क

**आने जाने मे लोगो मे मिली सहुलियत नगर पंचायत कोरांव के शास्त्री नगर मोहल्ला का मामला, जनसुनवाई पोर्टल पर भी जिलाधिकारी से की शिकायत**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव के शास्त्री नगर मोहल्ला की रहने वाली विधवासुमित्रा देवी के पति शशि कुमार सिंह ने अपने जीवित रहने पर भी मिट्टी सार्वजनिक रूप से आने जाने के लिए डलवाये थे जिससे लोग आते जाते रहे लेकिन बारिश के महीने मे काफी जल भराव हो जाने के कारण घर से बाहर वाहन नहीं चल पाते जीव जंतु भी घर मे घुसते है इस संदर्भ मे कई लोगो ने पीजी पोर्टल व अन्य माध्यम से नगर पंचायत कोरांव से माँग की है की मूर्तजा हुसैन के घर से केशव कुशवाहा के घर तक सीसी या इंटर लाकिंग सड़क बनवाया जाय लेकिन आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया पिछले वर्ष की बारिश मे एक सभासद द्वारा लगभग 10 ट्राली मिट्टी डलवाकर और रास्ता को और अवरुद्ध कर दिया गया था चुकी काली मिट्टी पड़ने के बाद और कीचड हो गया तो विधवा सुमित्रा ने मोहल्ला के लोगो का हस्ताक्षर कराकर प्रार्थना पत्र दी साथ ही नगर पंचायत कोरांव के अध्यक्ष से मिली लेकिन कोई सुनवाई न होने से निजी खर्च से सड़क बनवा रही है साथ ही विधवा महिला ने जन सुनवाई पोर्टल के जरिये सुमित्रा ने जिलाधिकारी प्रयागराज को एक प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र की सड़क समस्या के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में सड़क पर जल भराव रहता है, जिससे स्कूली छात्रों को आने-जाने में परेशानी होती है और घर में भी पानी भर जाता है। उन्होंने नगर अध्यक्ष और कार्यालय में भी गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरी में उन्होंने अपने पैसे से मिट्टी और गिट्टी भस्सी डलवाई है। अब वे जिलाधिकारी से सड़क बनवाने और अपने द्वारा डलवाए गए मटेरियल का भुगतान कराने की माँग की हैं। अधिशाषी अधिकारी कोरांव को फोन किया ललेकिन रिसीव न करके फोन काट दिया गया।

इस सम्बन्ध में नगर अध्यक्ष कोरांव प्रयागराज ओम प्रकाश केशरी ने बताया कि इस तरह का खुद से निर्माण कार्य कराने की कोई जानकारी नहीं है पक्का काम कराने के लिए स्वीकृति भेजा गया है स्वीकृति मिलने पर कार्य कराया जायेगा

# डीएम साहब? आखिर कौन है इनका जिम्मेदार



**दर–दर मारे मारे भटक रहे गौवंश कोरांव क्षेत्र मे गली, सड़क,कस्बा मुख्य मार्ग पर बेजुबानो का भरमार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव ब्लॉक में गौवंश की समस्या बढ़ती जा रही है। सड़कों पर घूमते गाय, बैल और बछड़े दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और खुद भी घायल हो रहे हैं। इनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, जिससे ये अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए धन आवंटित किया जा रहा है, लेकिन इसका सही उपयोग नहीं हो रहा है। क्षेत्र के किसान भी इन पशुओं से परेशान हैं और उनकी रखवाली करने में असमर्थ हैं। कोरांव में कई गौशालाएं होने के बावजूद इन पशुओं को वहां नहीं रखा जा रहा है।इस मामले मे खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह से वार्ता किया गया उन्होंने बताया मीटिंग मे है बाद मे बात करते है

## एटीएम काटकर करोड़ों की चोरी करने वाले गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

बांदा। जिले के थाना पैलानी पुलिस ने अंतरजनपदीय एटीएम चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये एटीएम मशीनों को काटकर या उनमें तकनीकी छेड़छाड़ कर रुपए चोरी करने की फिराक में थे। उनके पास से अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, एटीएम काटने के उपकरण और चोरी में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद किया गया है।घटना की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि गिरफ्तारी 26-27 जून की रात्रि उस समय हुई जब थाना पैलानी पुलिस को गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति ग्राम नरी के पास चारपहिया वाहन में मौजूद हैं और किसी बड़ी चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और सभी आरोपितों को दबोच लिया।तलाशी में उनके पास से अवैध असलहा, कारतूस, लोहे के सब्बल, हथौड़ी, पेचकस, ग्राइंडर मशीन जैसे उपकरण बरामद हुए, जिनका इस्तेमाल एटीएम काटने में किया जाता है। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उक्त गिरोह कानपुर नगर समेत आसपास के जिलों में एटीएम मशीनों को निशाना बनाकर रुपए चोरी करता रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.07.2025 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 07102025 दिनांक 26-06-2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 18-Sr-DEN-VI-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत एस.एस.ई./वर्क्स/प्रयाग तथा सहायक मण्डल इंजीनियर–उन्नाव के अन्तर्गत एस.एस.ई./वर्क्स/उन्नाव के अधीन पुलों की विविध मरम्मत का कार्य । |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 99,95,682.14 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 1,99,900.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 04.07.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.07.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1933/25

**उत्तर रेलवे**

**लखनऊ मंडल के 18 स्टेशनों पर फैसिलिटेटर के चयन हेतु आवेदन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तर रेलवे के सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों से लखनऊ मंडल के निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से अनारक्षित टिकट वितरित करने के लिए (110) सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं। सुविधाकर्ता के रूप में काम करने की नियुक्ति शुरू में अगले आदेश तक होगी और मौजूदा नीति दिशानिर्देशों के अनुसार समय–समय पर बढ़ाई जाएगी। चयनित आवेदक के पास एटीवीएम सुविधाकर्ता के रूप में नियुक्ति के आधार पर रेलवे में रोजगार का कोई दावा नहीं होगा। रेलवे द्वारा कोई पारिश्रमिक/वेतन/मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाएगा। लखनऊ मंडल में यात्रियों को टिकट जारी करने के लिए सुविधाकर्ताओं और स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (एटीवीएम) की आवश्यकता वाले स्टेशनों की सूची निम्नानुसार है:

| एस.एन | स्टेशन | स्टेशनों की श्रेणी | फैसिलिटेटर रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | वाराणसी | NSG-1 | 40 |
| 2 | लखनऊ | NSG-2 | 24 |
| 3 | बाराबंकी | NSG-3 | 2 |
| 4 | जौनपुर | NSG-3 | 3 |
| 5 | उन्नाव | NSG-3 | 3 |
| 6 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. | NSG-3 | 2 |
| 7 | रायबरेली | NSG-3 | 3 |
| 8 | शाहगंज | NSG-3 | 2 |
| 9 | सुल्तानपुर | NSG-3 | 6 |
| 10 | जघई | NSG-3 | 3 |
| 11 | भदोई | NSG-3 | 3 |
| 12 | जौनपुर शहर | NSG-4 | 2 |
| 13 | गौरीगंज | NSG-5 | 3 |
| 14 | ऊचाहार | NSG-5 | 3 |
| 15 | जायस | NSG-5 | 3 |
| 16 | बछरावा | NSG-5 | 3 |
| 17 | जफरबाद | NSG-5 | 2 |
| 18 | फूलपुर | NSG-5 | 3 |
| | कुल | | 110 |

विज्ञापन नोटिस और आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.indianrailways.gov.in. पर उपलब्ध है। सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी जो एटीवीएम के माध्यम से टिकट जारी करने के लिए सुविधाकर्ता के रूप में काम करने के इच्छुक हैं, उन्हें आवेदन में सभी कॉलमों को विधिवत भरकर और अधिसूचना के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करके अपना आवेदन जमा करना चाहिए। आवेदन पर "............................ रेलवे स्टेशन पर एटीवीएम सुविधाकर्ता के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए और इसे एक सीलबंद लिफाफे में 30.07.2025 को 14.00 बजे या उससे पहले वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ को जमा करना चाहिए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भरे हुए आवेदन पत्र इस कार्यालय द्वारा प्राप्त किए जाएंगे | 01.07.2025 को 10.00 बजे से |
| 2. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 30.07.2025 को 14.00 बजे तक |
| 3. | आवेदन प्रस्तुत करने का स्थान | वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे, लखनऊ |

नोट: आवेदन पत्र उपरोक्त वेबसाइट से 01.07.2025 तक डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नं: सी/123–1–एटीवीएम/25/एसवी दिनांक : 27.06.2025 1945/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठन पर कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला कांग्रेस गंगापार की हाल ही में घोषित कार्यकारिणी को लेकर प्रतापपुर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी देखी जा रही है। प्रतापपुर कांग्रेस कमेटी की बैठक में पीसीसी सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जिन लोगों को जिला कांग्रेस कमेटी में जगह दी गई है, वे 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के विरोधी रहे हैं।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए गंभीर आरोपकार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई, वे कभी कांग्रेस के सक्रिय सदस्य नहीं रहे और चुनाव के दौरान खुलेआम कांग्रेस प्रत्याशी का विरोध करते रहे। विशेष रूप से श्याम सूरत उपाध्याय ग्रुप, जिनमें साधु चरण तिवारी, शरद उपाध्याय, मुन्ना, संतोष सिंह, जय नाथ गौतम सहित कई लोग शामिल हैं, उन पर कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप लगाया गया।सोनू दुबे, कमर रिजवी, एहतेशाम अहमद, मकसूदन पांडे और अन्य कांग्रेसजनों ने कहा कि जिन लोगों को जिला कार्यकारिणी में महासचिव और सचिव बनाए गए हैं, वे कभी कांग्रेस के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए और चुनाव के समय बसपा और सपा प्रत्याशियों का समर्थन करते रहे।राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की संगठन नीति की अवहेलना का आरोपवरिष्ठ नेता राजेश भारतीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हाईकमान की मंशा के विपरीत जिला अध्यक्ष अहमद द्वारा बिना बैठक और सलाह के यह कार्यकारिणी गठित कर दी गई। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी द्वारा गठित संगठन को दरकिनार कर दिया गया है, जबकि राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि कांग्रेस में पुराने, निष्ठावान और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाए।2027 चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्पवरिष्ठ नेता संजय तिवारी ने बैठक में कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हताश न हों, बल्कि आक्रोश को संगठन की ताकत में बदलें।

# एडेड विद्यालयों में पहली बार आनलाइन तबादले, आफलाइन पर संशय

**प्रदेश में पहली बार आनलाइन 360 शिक्षकों के स्थानान्तरण किये गये है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में लंबे समय से प्रतीक्षित तबादलों की प्रक्रिया में बड़ा कदम उठाया गया है। पहली बार प्रदेश में आनलाइन माध्यम से 360 शिक्षकों के तबादले किए गए हैं। हालांकि, आफलाइन तबादलों को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। आनलाइन तबादले के लिए प्राप्त कुल 1700 से अधिक आवेदनों में से 106 आवेदन खामियों के कारण निरस्त कर दिए गए। निरस्त किए गए आवेदनों में प्रमाणपत्र व भारांक का सही विवरण उपलब्ध नहीं था।

### आनलाइन रिजल्ट वेबसाइट पर उपलब्ध

अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी जेडी और डीआईओएस को निर्देशित किया है कि आनलाइन तबादले का परिणाम एनआईसी द्वारा घोषित कर दिया गया है। शिक्षक secaidedtransfer.upsdc.gov.in साइट पर जाकर मानव संपदा आईडी और मोबाइल नंबर के माध्यम से अपना ट्रांसफर आदेश देख सकते हैं।अपर शिक्षा निदेशक ने सभी डीआईओएस और जेडी को निर्देशित किया है कि तबादले वाले शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त किया जाए।

### आफलाइन तबादलों पर संशय

अपर शिक्षा निदेशक ने यह भी बताया कि एडेड विद्यालयों के करीब 1200 शिक्षकों ने आफलाइन तबादले के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन शासन से दिशा-निर्देश न मिलने के कारण ये तबादले फिलहाल लंबित हैं।

### शिक्षकों ने उठाए सवाल, जांच की मांग

उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव ने आनलाइन और आफलाइन तबादलों में भारी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के अफसर गंभीर नहीं थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 1700 से अधिक आनलाइन आवेदन आए थे तो सिर्फ 466 आवेदन ही फारवर्ड कैसे हुए? बाकी आवेदन प्रबंधक, डीआईओएस और जेडी स्तर की लापरवाही के चलते रोके गए।डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस पूरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में शिक्षकों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# मलिहाबाद थाने से चंद कदमों की दूरी पर असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, सलाउद्दीन उर्फ लाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❐ पुलिस ने आरोपी सलाउद्दीन को न्यायालय में पेशकर ली 14 दिन की रिमांड
- ❐ कई बिंदुओं पर पुलिस कर रही जांच,रिमांड के दौरान अवैध धंधे के नेटवर्क का हो सकता है खुलासा

मलिहाबाद/लखनऊ। दशहरी आमों के मिठास के लिए मशहूर मलिहाबाद एक बार फिर सुर्खियों में है, लेकिन इस बार वजह कड़वी है। मिर्ज़ागंज कस्बे में थाने से कुछ ही कदमों की दूरी पर चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने 68 वर्षीय हकीम सलाउद्दीन उर्फ लाला पुत्र सहाबुद्दीन को गिरफ्तार किया है। उसके घर से भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। बृहस्पतिवार की देर रात अतिरिक्त निरीक्षक सुरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मलिहाबाद पुलिस और रहीमाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर सलाउद्दीन (लाला) के घर से 12 बोर और 315 बोर, .22 बोर के सैकड़ो ज़िंदा कारतूस, दर्जनों खाली ख़ोखे, देशी पिस्टल, देशी तमंचा, राइफल, एयरगन, धारदार हथियार, आरी, हिरन की खाल और नकदी भी मिली है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध फैक्ट्री कोतवाली मलिहाबाद से चंद कदमों की दूरी पर संचालित हो रही थी और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सूत्रों का कहना है कि लाला लंबे समय से असलहों का धंधा चल रहा था। आरोपित लाला कभी डाकघर के पास दवाखाना चलाता था। उसकी एक



बेटी नॉर्वे में रहती है, जबकि दूसरी लखनऊ की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। पुलिस अब लाला के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है कि लाला इन हथियारों की सप्लाई किन-किन जिलों या राज्यों में करता था और उसके गिरोह में कौन-कौन शामिल है। इसके लिए मलिहाबाद पुलिस ने सलाउद्दीन (लाला) के विरुद्ध संगीन धाराओं में दो मुक़द्दमे दर्ज कर आरोपी सलाउद्दीन को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। जहां पुलिस नें आरोपी के नेटवर्क और मुक़द्दमे की परते खोलने के लिए कोर्ट से रिमांड मांगी। जिसे को स्वीकृत करते हुए 14 दिनों की रिमांड दे दी है। अब पुलिस रिमांड की अवधि में इस पूरे अवैध नेटवर्क की परतें खोलेगी।

### छापेमारी में अवैध हथियारों की लंबी सूची, हिरन की खाल भी बरामद

पुलिस द्वारा बरामद सामान में 3 देशी पिस्टल, 3 अवैध तमंचा, 1 राइफल, 7 एयरगन, 18 कारतूस (315 बोर), 68 कारतूस व 40 खोखा (.22mm), 30 कारतूस (312 बोर), 3 कारतूस (2 जिंदा, 1 खोखा), 6 बांका, 2 छुरी, एक आरी, 2000 रुपए नकद और हिरन की खाल शामिल है।

## विवाहिता ने ससुराल वालों पर मारपीट और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में विवाहिता ने ससुराल वालों पर मारपीट, गाली गलौज और दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप लगाया है। क्षेत्र के मवई पडियाना निवासी दीपिका सैनी का कहना है कि 25 नवंबर 2020 को उसकी शादी प्रांजल सैनी से हुई थी। विवाहिता का मायका पारा थाने के फतेहगंज गांव में है। विवाहिता का कहना है कि उसके पति प्रांजल ,ससुर राजेश और सास मंजू द्वारा दहेज के लिए उससे आए दिन मांग की जाती है। दहेज न मिलने पर उसके साथ मारपीट, गाली गलौज की जाती है।पीड़िता अपनी तीन वर्षीय पुत्री अंजली के भविष्य को लेकर यह सब सहन करती रही ,जिससे उसके पति, सास और ससुर का उस पर अत्याचार और बढ़ता गया। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले उससे पाँच लाख रुपये घर बनवाने के लिए ,स्कॉर्पियो गाड़ी और दो तोले सोने की चेन की मांग करते हैं ना देने पर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करते हैं। पीडिता का कहना है कि वह लोग धमकी देते हैं कि अपने मायके से यह सब सामान ले आओ नहीं तो किसी दिन तुमको जान से मार दिया जाएगा इसके बाद पीडिता ने भयभीत होकर अपने मायके में जाकर अपने परिवार वालों से सारी बात बताई। पीड़िता ने बंथरा थाने में इसकी सिकायत दर्ज कराई।बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## 14 वर्षीय बालक ने की आत्महत्या

**लखनऊ,ठाकुरगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र की न्यू भूहर कॉलोनी, कोयला वाली गली, लालाबाग में बृहस्पतिवार को 14 वर्षीय नितिन उर्फ़ अनिल, पुत्र गोपी श्याम, ने घर की छत में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया। मां रमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। नितिन तीन भाई-बहनों में अकेला बेटा था। उससे बड़ी एक बहन और एक छोटी बहन है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले नितिन के पिता खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। फिलहाल आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। परिवार और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या की वजह का पता चल सके।

## पांच जोन, 18 सेक्टर में बांटा गया लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र : ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को मोहर्रम की तैयारियों को लेकर तमाम बातों को रखा। बबलू कुमार ने कहा कि लखनऊ में मोहर्रम क्षेत्र को पांच जोन, 18 सेक्टर में बांटा गया है। 18 एडिशनल एसपी, 54 डिप्टी एसपी, तीन हजार पुलिसकर्मी, आठ सौ महिला पुलिसकर्मी को दो शिफ्टों में ड्यूटी लगायी गयी है। मोहर्रम के दिन किसी प्रकार कोई दुर्व्यवस्था ना हो, इसके लिए पुलिसकर्मियों को चिन्हित स्थानों पर तैनात किया गया है। मोहर्रम के जुलूस के लिए पतली गलियों को बंद कराया जाएगा और मुख्य मार्गो की ओर से आने वाले वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू ने कहा कि मोहर्रम को लेकर थाना प्रभारियों एवं जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की गयी है। इसके साथ ही मोहर्रम कार्यक्रमों के आयोजन समिति के लोगों के साथ भी बैठक की गयी है। किसी प्रकार से कानून व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए लखनऊ पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहेगी। संबंधित थानों को पूरी तरह से सुबह शाम सतर्कता बरतने के लिए अलग से कहा गया है। लखनऊ पश्चिम जोन के समस्त धार्मिक स्थलों एवं मोहर्रम क्षेत्र के आसपास के इलाकों को भी निगरानी पर रखा गया है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन कैमरों के टीमों को सक्रिय किया गया है, जो प्रतिदिन निगरानी कर रही है। सोशल मीडिया टीम को भी सक्रिय किया गया है, किसी खुरापाती व्यक्ति के मैसेज पर भी नजर रखी जाएगी।

# संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, ड्रोन से की जा रही निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में अमन-चैन व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोहनलालगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। रविवार को कोतवाली प्रभारी दिलेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने संवेदनशील मऊ गांव में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता बनाने के लिए ड्रोन कैमरे से पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने मऊ गांव के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी। कोतवाली प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों से शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखने की अपील करते हुए चेताया कि ''किसी भी प्रकार की अफवाह, झगड़ा या उपद्रव की स्थिति को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।ड्रोन कैमरे से निगरानी और फ्लैग मार्च से आम नागरिकों को सुरक्षा और भरोसे का अहसास हुआ है। मोहर्रम के दौरान सभी नागरिकों को प्रशासन का पूर्ण सहयोग करना चाहिए।''

# पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मानसिक सुख-शांति एवं प्रसन्नता हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन श्री शारदा कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ के तत्वावधान में 23 जून से 27 जून 2025 तक किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जीवन को सुखमय बनाने के उपायों से परिचित कराना था।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शैलेश कुमार श्रीवास्तव,

एसोसिएट प्रोफ़ेसर, जूलॉजी विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यशाला के पाँचों दिन मुख्य वक्ता के रूप में विविध सत्रों में भाग लिया और ''सकारात्मक मनोविज्ञान'', ''आत्मबोध'', ''मानसिक स्वास्थ्य की वैज्ञानिक पद्धतियाँ'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर डॉ. ज्योति सिंह, निदेशक, एवं प्रो. विवेक मिश्रा जैसे प्रख्यात शिक्षाविदों ने भी विशेषज्ञ वक्ता के रूप में कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला का आयोजन ऋद्धइए सेल के अंतर्गत किया गया था। कार्यक्रम में आए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रमुख संरक्षक श्री इन्द्र बहादुर सिंह (चेयरमैन), संरक्षक निर्मेश सिंह (वाइस चेयरमैन), संयोजक प्रो. (डॉ.) विवेक मिश्रा एवं डॉ. सुषांत गुप्ता ने सफल संचालन के लिए सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी थी।

# मशरूम की खेती से महिलाएं बन रही हैं समाज के लिए प्रेरणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार नये आयाम स्थापित कर रही है। अब सरकार की पहल पर मशरूम की खेती को बढ़ावा देकर प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। प्रदेशभर में इसके तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें राजधानी लखनऊ समेत 08 जिलों में इस प्रॉफिटेबल बिजनेस ने रफ्तार भी पकड़ ली है। विशेष अभियान के तहत किसानों को मशरूम की खेती से जोड़कर न केवल रोजगार दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें तकनीकी व वैज्ञानिक खेती की ओर भी अग्रसर किया जा रहा है।

महिलाएं बनीं उद्यमिता की मिसाल : मशरूम की खेती केवल पुरुषों तक सीमित नहीं रही, अब महिलाएं भी इस क्षेत्र में मजबूती से कदम रख रही हैं। मथुरा की गीता देवी और हरदोई की सोनाली सभरवाल प्रदेश की महिलाओं के लिए नई प्रेरणा बन गई हैं। गीता देवी ने ढाई साल पहले मशरूम की खेती की शुरुआत की थी। उन्होंने योगी सरकार के सहयोग से 1 करोड़ 61 लाख रुपये के प्रोजेक्ट की नींव रखी। उन्हें 70 लाख रुपये का लोन मिला और आज मथुरा से लेकर आगरा व दिल्ली तक उनकी उगाई गई मशरूम की सप्लाई हो रही है।

हर साल 25 लाख रुपये तक की कमाई : गीता देवी के इस प्रोजेक्ट से उन्हें हर साल 20 से 25 लाख रुपये तक की आय हो रही है। वे न केवल आसपास के लोगों के लिए बल्कि अन्य जिलों की महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई हैं। सोनाली सभरवाल ने भी हरदोई में मशरूम की खेती को एक मिशन के तौर पर अपनाया है और अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित कर रही हैं।

इन आठ जिलों में हो रही लाखों की कमाई : लखनऊ, मथुरा, सहारनपुर, मिर्ज़ापुर, जौनपुर, हरदोई, रायबरेली, भदोही

तकनीकी कृषि को मिल रहा बढ़ावा : राज्य सरकार तकनीकी और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के जरिए किसानों को संसाधन और सहयोग दे रही है। इन योजनाओं से किसान न केवल पारंपरिक खेती से आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि हाई प्रॉफिट वाले एग्री बिजनेस को भी अपना रहे हैं। एआईएफ के तहत लाभार्थी थद्न्द्बद्बद्धन्थ.दथद.द्धफ.द्बद्ध पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 3 प्रतिशत ब्याज सहायता प्रदान की जा रही है।

किसानों को दी जा रही तकनीकी जानकारी : मशरूम उत्पादन को लेकर किसानों को ट्रेनिंग, वर्कशॉप और फील्ड विजिट के जरिए पूरी तकनीकी जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ टीमें किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए लगातार मार्गदर्शन कर रही हैं। इससे उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आमदनी में भी इजाफा हो रहा है। उत्तर प्रदेश में तकनीकी कृषि और महिलाओं की भागीदारी से अब खेती केवल जीविकोपार्जन का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और समृद्धि का माध्यम बन चुकी है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में एसी में लगी आग, कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । निगोहां कस्बा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा निगोहां में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बैंक परिसर में लगे एयर कंडीशनर एसी में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं और पूरे बैंक में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद बैंक कर्मियों और ग्राहकों ने तुरंत फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी।

घटना के समय बैंक में काफी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। जैसे ही एसी से धुआं और आग की लपटें निकलती दिखीं, लोग घबरा कर बाहर की ओर दौड़ पड़े। बैंक के अंदर मौजूद बैंक मैनेजर अमित कुमार सहित अन्य स्टाफ ने तुरंत फायर सिलेंडर उठाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। वहीं, आस-पास के दुकानदारों और कुछ ग्राहकों ने भी बाल्टी में पानी और धूल फेंककर आग बुझाने में मदद की।करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि आग बैंक के अंदर तक नहीं पहुंची और समय रहते ही उसे रोक लिया गया, जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बैंक मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि,बिजली के शॉर्ट सर्किट की वजह से बैंक परिसर के बाहर लगे एसी में आग लग गई थी। हमारी टीम ने तुरंत फायर सिलेंडर से आग बुझा ली। सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ है।इस घटना ने एक बार फिर से बैंक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अग्निशमन यंत्रों की उपयोगिता और तत्परता को साबित किया है। यदि समय रहते सूझबूझ न दिखाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# बेटी को पीटते रहे दबंग, मां-बहन भी बनीं शिकार गांव में दहशत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज,लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा गांव में बीते बुधवार की दोपहर एक युवती के साथ हुई मारपीट की घटना ने न केवल ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गहरे सवाल भी खड़े कर दिए हैं। गांव की बेटी को दिनदहाड़े पीटा गया और जब मां-बेटी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उन्हें भी बेरहमी से मारा गया। दबंगों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र कनकहा गांव की रहने वाली शालू पत्नी सुनील कुमार की पुत्री कु.राखी रावत बुधवार की दोपहर गांव के फहीम जनसेवा केंद्र के पास स्थित सरकारी इंडिया मार्का-2 हैंडपंप से पानी भर रही थी। तभी गांव के ही दबंग युवक शोएब और जोएब, पुत्रगण चाँद बाबू उर्फ कालिया, वहां पहुंचे और बिना किसी कारणवश राखी पर गालियां बरसाते हुए लात-घूंसों से हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर राखी की मां शालू और बहन रुचि दौड़ीं तो हमलावरों ने उन दोनों को भी बुरी तरह पीट डाला। तीनों महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। जब आसपास के ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

घटना से आहत मां शालू का कहना है कि,हमने अपनी बेटियों को हिम्मत और भरोसे के साथ जीना सिखाया, लेकिन जब सार्वजनिक स्थल पर भी बेटियां सुरक्षित न हों, तो यह समाज की सबसे बड़ी हार है।इस घटना के बाद कनकहा गांव में आरोपियों के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस सक्रिय होती और आरोपितों पर सख्त कार्रवाई होती, तो ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि गांव की बहन-बेटियां आज भयभीत हैं।मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी दिलेश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता द्वारा लिखित शिकायत मिली है मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को केवल एक व्यक्तिगत रंजिश या आपसी झगड़ा मानना आंख मूंद लेना होगा। यह मामला ग्रामीण महिलाओं की सार्वजनिक सुरक्षा, बेटियों की सामाजिक आज़ादी और प्रशासनिक तत्परता की कसौटी है। सवाल यह नहीं है कि पानी भर रही लड़की पर हमला क्यों हुआ, सवाल यह है कि ऐसा करने की किसी की हिम्मत कैसे हुई।

# राउन्ड टेबल मीटिंग में व्यापारियों ने उद्योग के क्षेत्र में आने का रोड मैप बनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय एस एम ई दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में ''राउन्ड टेबल मीटिंग'' का आयोजन हुआ। ''राउन्ड टेबल मीटिंग ''में राजधानी के प्रमुख व्यापारी एवं उद्यमी शामिल हुए मीटिंग की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा की गई अंतरराष्ट्रीय एस एम ई दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं राजधानी के व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी एवं भूमिका का निर्वाहन करने का संकल्प लिया गया तथा व्यापारियों को उद्यम के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का रोडमैप तैयार किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बोलते हुए कहा जिस दिन चीन से आयात 0% हो जाएगा। उस दिन वास्तव में भारत का एम एस एम ई सेक्टर को पूर्ण सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा भारत के व्यापारियों और नागरिकों को अधिक से अधिक उद्यम के क्षेत्र में आना होगा, तभी प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर की तथा देश की अर्थव्यवस्था फाइव ट्रिलियन डॉलर की हो पाएगी सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा केवल सरकार के भरोसे देश आगे नहीं बढ़ सकता। ''राउंड टेबल मीटिंग'' में वर्तमान में उत्तर प्रदेश मे एम एस एम ई की स्थिति पर चर्चा की गई

नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंहने एम एस एम ई के आंकडों पर चर्चा की तथा उत्तर प्रदेश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर और अधिक फोकस करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा युवाओं को प्रारंभिक स्तर से तकनीकी शिक्षा देनी होगी क्योंकि वर्तमान में एक तरफ युवाओं के पास रोजगार नहीं है। दूसरी तरफ फैक्ट्रियों में काम करने के लिए उपयुक्त स्किल के लोग नहीं है ऐसे में इस तालमेल को बढ़ाना अति आवश्यक है

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बोलते हुए कहा 140 देशों से 6000 से अधिक उत्पाद भारत आयात करता है। यदि इसके आधे भी उत्पाद भारत में बनना शुरू हो जाये तो निश्चित रूप से भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की द्वितीय अर्थव्यवस्था हो जाएगी

नगर के उपाध्यक्ष परवेश जैन ने कहा जेम पोर्टल में एमएसएमई सेक्टर के लिए विशेष व्यवस्था करनी चाहिए तभी सर्विस सेक्टर के लोगों को लाभ मिलेगा उन्होंने कहा जेम पोर्टल में एमएसएमई से भी टिंडो फीस में कई विभाग मनमानी कर रहे हैं तथा जेम पोर्टल पर व्यापार करने के लिए लाखों रुपए के सर्टिफिकेट लेने पड़ते हैं जिससे एमएसएमई की क्षमता घटती है तथा उसे लाभ नहीं मिल पाता।

उद्यमियों ने राउंड टेबल मीटिंग में लीज की प्रॉपर्टी पर बैंकों द्वारा समुचित ऋण न दिए जाने का विषय भी रखा

संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापारियों को भी एम एस एम ई की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए क्योंकि केंद्र सरकार ने व्यापारियों को भी एमएसएमई की परिभाषा में शामिल कर लिया है

उन्होंने कहा एम एस एम ई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए जेम पोर्टल की जागरुकता एवं दायरा बढ़ाना होगा

संजय गुप्ता ने कहाअफसर शाही का वास्तविक रूप से सकारात्मक ज्यादा सहयोग मिले ,तो पंख लग सकते हैं। राजधानी के उद्यमियों में

संजय गुप्ता ने कहाएम एस एम ई सेक्टर की रोज़गार देने में महत्वपूर्ण भूमिका है नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों से रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर अधिक फोकस करने को कहा उद्यमियों ने बैठक में कहा सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद भी भ्रष्ट अधिकारी बाज नहीं आते। राउन्ड टेबल मीटिंग में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह , ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ किदवई , नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, सोनू अग्रवाल, दिनेश शर्मा, धीरेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र साहू ,मनीष श्रीवास्तव, राधेश्याम शर्मा ,हिमांशु रस्तोगी आर चौधरी मनीष जैन ,परवेश जैन ,नरेश अग्रवाल मनोज अग्रवाल अमित सिंघल ,विजय साईं कपूर अमिताभ श्रीवास्तव मुख्य रूप से शामिल थे।

APPOINTMENT
RDSJ LAW COLLEGE Requires Teaching Faculty for 3 Year Law Course.
Basic Qualification - NET qualified, Ph.D (LAW) Salary as per UGC norms.
Last date for applying - 20th July, 2025
Apply Online
Mob. 9919936091, 8601122777
Email Id :- rdsjlawcollege@gmail.com

# पंचायत सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैम्हारा को दिया जा रहा भ्रष्टाचारिक संरक्षण

**योगी सरकार के आदेशों की पंचायत सचिव नेहा सिंह उड़ा रही धज्जियां , आम जनमानस का नही उठाती फोन**

**मनरेगा से लेकर वित्तीय धनराशि का जमकर किया जा रहा भ्रष्टाचार, ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैम्हारा में भ्रष्टाचार का खुला खेल**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही भ्रष्टाचार पर सख्ती के आदेश जारी कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। विकास खंड खैराबाद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैम्हारा में ग्राम प्रधानव पंचायत सचिव नेहा सिंह द्वारा वित्तीय धनराशि का जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। पंचायत सचिव गांव में हो रहे व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को न केवल नजरअंदाज कर रही हैं, बल्कि कथित रूप से उसे संरक्षण भी दे रही हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मनरेगा से लेकर वित्तीय योजनाओं तक में लूट की कहानी बनी हुई है। ग्राम पंचायत में मनरेगा, नल मरम्मत, तालाब में पानी भरवाना, प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, व्हीलचेयर, बूथ व्यवस्था पर व्यय, आंगनबाड़ी मरम्मत व रंगाई-पुताई जैसे कई कार्यों के नाम पर भारी भरकम बजट जारी हुआ, लेकिन जमीन पर इन योजनाओं की हकीकत कुछ और ही है।ग्रामीणों का कहना है किजूनियर विद्यालय हुसैनपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण हेतु मटेलरियल भुगतान दिनांक 24 जून 2024 को लगभग 491634 रुपयों का किया गया व पुनः दिनांक 24 जून 2024 को लगभग 12380 रुपये व पुनः उसी मद में दिनांक 24 जून 2024 को लगभग 7672 व जूनियर विद्यालय हुसैनपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण के एमआर का भुगतान दिनांक 24 जून 2024 को लगभग 3910 रुपयों का किया गया जिसमें काफी अनिमिताये बर्ती गयी है , यही नही प्राथमिक विद्यालय प्रयागपुर में टाइलीकरण मटेरियल के नाम पर दिनांक 08 फरवरी 2025 को लगभग 46399 रुपयों का भुगतान व पुनः उसी मद में 49886 रुपयों का भुगतान व पुनः 49886 रुपयों का भुगतान व पुनः दिनांक 08 फरवरी 2025 को लगभग 48152 रुपयों का भुगतान यही नही पुनः उसी मद में दिनांक 08 फरवरी 2025 को लगभग 49886 , 49886 , 49886 रुपयों का भुगतान व प्राथमिक विद्यालय प्रयागपुर में टाइलीकरण एम आर के नाम पर दिनांक 08 फरवरी 2025 को लगभग 93732 रुपयों का भुगतान कराया गया जिसमें काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है । जिसकी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। अब देखना यह है क्या कोई अधिकारी जांच करता है या फिर ऐसे ही भ्रष्टाचार करने वाले प्रधान व सचिव को संरक्षण मिलता रहेगा।

### सचिव नेहा सिंह नहीं उठाती जनमानस का फोन

योगी सरकार के सख्त निर्देश है , चाहे जो भी अधिकारी हो फ़ोन सभी को उठाना अनिवार्य है लेकिन पंचायत सचिव नेहा सिंह बिल्कुल इसके विपरीत कार्य कर रही है। पंचायत सचिव नेहा सिंह फोन उठाना मुनासिब नहीं समझतीं है, अगर लगातार दो से तीन फोन किया जाए तो नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल देती है, और उसके बाद कोई भी जवाब देना सही नही समझती है।उनका यह रवैया यह संकेत देता है कि वे न केवल जिम्मेदारियों से भाग रही हैं, बल्कि इस भ्रष्टाचार में उनकी भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में जब एडीओ पंचायत खैराबाद को फ़ोन किया गया तो उन्होंने बताया की शिकायत मिली है ,जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए

## माटीकला के कारीगरो को मण्डल स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन

सीतापुर । जिला ग्रोमोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना हेतु जनपद स्तर से माटीकला से जुड़े हुये निपुण कारीगरों के आवेदन पत्र दिनांक-15.07.2025 तक ऑनलाइन-upmatikalaboard.in/Home/AwardScheme लिंक पर जाकर आवेदन कर माटीकला/फाइनआर्टस के विशेषज्ञों की त्रि-सदस्यीय चयन समिति द्वारा चयनोपरान्त प्रथम पुरस्कार 15,000.00, द्वितीय पुरस्कार 12,000.00 एवं तृतीय पुरस्कार 10,000.00 की धनराशि का चेक व प्रशस्ति-पत्र प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष संख्या-9580503199 पर सम्पर्क करें।
उन्होंने बताया कि प्रतिभागी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो। मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना हेतु प्रतिभागी सम्बन्धित मण्डल का निवासी हो। परम्परागत माटीकला कारीगर हो तथा पूर्व में मण्डल स्तरीय पुरस्कार प्राप्त न किया हो।

# पत्थर की लीक साबित हो रहा रोजगार सेवक व मेट द्वारा फर्जी अपलोडिंग पर अंकुश लगाना

**कार्यवाही करने से कतरा रहे जिम्मेदार कही भ्रष्टाचार में संलिप्त तो नहीं, जॉच का विषय**

कैनविज टाइम्स संवाददात

बेहटा, सीतापुर। अपने ही आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों का मजाक बना रहे ब्लॉक स्तर के मनरेगा जिम्मेदार जहां आए दिन फर्जी मस्टर रोल अपलोड होना एक ही फ़ेश से दर्जनों मस्टर रोल अपलोड होना एक ही व्यक्तियों द्वारा कई मस्टर रोलो पर काम करना 4 बजे तक ब्लॉक की कुछ ही पंचायतों में काम होना पाया जाना वही 6 बजे के लगभग संख्या चौगुनी हो जाना जिसकी खबर किसी न किसी पेपर से प्रसारित होती रहती है विगत 21 जून को कैनविज टाइम्स दैनिक पेपर से प्रकाशित खबर, आखिर नहीं थम रहा ग्राम पंचायतों में मनरेगा अटेंडेंस अपलोड का फर्जीवाड़ा शीर्षक से प्रसारित 17 जून को 4,बजकर18 मिनट के सापेक्ष 6 पी, एम की अपलोडिंग में देर से अटेंडेंस अपलोड करने वाले दर्जनों गांवों का उल्लेख किया जिनमें आंबा , अढमलपुर औरी शाहपुर बरेती भिठया जाल्हेपुर करेहका ऊंच गांव कतरा रायपुर कुरतहिया, मानपुर,मल्लापुर मीदनियाँ मुसियाना न पर्वतपुर रामरूडा ,समौदी डीह, सीहपुर सोनसरी क्षतागुर सहित दर्जनों गांव शामिल रहे बावजूद जिम्मेदारों का मौन होना दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार को अंजाम देने की भूमिका का कारण बनता जा रहा है जो शासकीय धन का दुरूपयोग है जिम्मेदारों के कानों में जू तक नहीं रेंग रही है प्रसारित खबर पर संज्ञान न लेना उल्टा सीधा काम करवाने वाली पंचायतों के लिए वरदान साबित हो रहा है फर्जी फ़ेश से मस्टर रोल अपलोड करने वाली पंचायतों में 17/6/2025 को भिठिया जाल्हेपुर बरेती ,बेलवा गौहनिया ,गौर चौखड़िया कड़बड़ा 25/6/2025 को मुगलपुर में राजू के खेत से समौलिया सरहद तक ड्रेन सफाई व मनोज के खेत से राजू के खेत तक ड्रेन सफाई कार्य के नाम पर 14 मस्टर रोलो पर 140 श्रमिकों की अपलोडिंग की गई वही मिदनिया में प्रमोद गौतम के खेत से राकेश वर्मा के खेत तक नाला सफाई व सुकई गौतम के खेत से रामपति के खेत तक नाला सफाई के नाम पर व कर्मूडीह में रपटा पुल से सोबरन के खेत तक नाला सफाई व सोबरन की बाग से भूपति के खेत तक,भूपति के खेत से भारत के खेत तक नाला सफाई चेनिया में चंद्रिका के खेत से रहूप के खेत तक मिट्टी पटाई के नाम पर एक ही फ़ेश से दर्जनों मस्टर रोल अपलोड करना पाया गया वही 19 जून को 4,40 ६,द्व पर छतागुर मे मात्र 6 श्रमिक की उपस्थिति पाई गई वही 6,28 ६,द्व पर संख्या 83 हो गई यही पर 18 जून को 4,18 ६,द्व पर कोई काम होना नहीं पाया गया वही 6 ६,द्व की अपलोडिंग में श्रमिकों की संख्या 83 हो गईं जो बेहटा ब्लॉक के लिए कोई नया काम नहीं है यहां पर आए दिन ऐसा ही होता रहता है

## जहांगीराबाद को नगर पंचायत बनाये जाने की मांग

बिसवां, सीतापुर। पंचायत चुनावों की सरगर्मी बढ़ते ही बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद को एक बार फिर नगर पंचायत बनाये जाने की मांग जोर पकड़ रही है। विगत कई पंचवर्षीय से लगातार जनप्रतिनिधियों से इस बिसवां विकास खण्ड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्ज़ा दिलवाये जाने की मांग होती रही है। सभी ने सिर्फ आश्वासन देकर मामले को टाल दिया। आजतक इसे नगर पंचायत का दर्ज़ा नहीं मिल सका है। एक बार फिर पंचायत चुनावों की सुगबुगाहट शुरू हो गई है ऐसे में ग्राम पंचायत के लोगों ने इसे नगर पंचायत बनाये जाने की मांग फिर शुरू कर दी है। आबादी के लिहाज से यह नगर पंचायत की पात्रता भी रखती है। इस ग्राम पंचायत में आसपास के लगभग 4 किलोमीटर की एरिया के अन्य आठ मजरा गांव दानपुरवा, छठवान, फरदापुर, अहरोरी, मवासेपुर, मीनापुर, गनुवापुर व रघुनाथपुर शामिल हैं। जहांगीराबाद स्वयं एक बड़ा राजस्व ग्राम भी है।

# एपीओ के संरक्षण में फल–फूल रहा मछरेहटा में मनरेगा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददा

मछरेहटा, सीतापुर। गांव की गरीबी मिटाने और ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की कमाई का जरिया बन चुकी है। योजना की आत्मा थी ऽ ''काम दो, मजदूरी दो'', लेकिन हकीकत में हो रहा है ऽ ''नाम दो, पैसा खाओ''।विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत शाहपुर में मनरेगा के तहत हो रहे कार्य मे फर्जी अपलोड कर हाजरी लगाई जा रही है। ब्लॉक स्तर पर बैठे अधिस्त अधिकारी जो कि मनरेगा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में अक्षम दिख रहे है। मनरेगा ए पी ओ से ग्राम प्रधान व पंचायत सचिवों अच्छी साठ गांठ के चलते जमकर फर्जीबाड़ा किया जा रहा है। धरातल पर हुए कार्य व ऑनलाइन अपलोड की गई फोटो भारी फर्जीवाड़े की गवाही साबित हो रही है। एक ही फोटो प्रत्येक मास्टर रोल पर अपलोड की जा रही है। मास्टर रोल पर उपस्थित फोटो एवं अंकित मजदूरों के नाम में महिला पुरुष का भी जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं कुछ पंचायतों में शाम को 5:00 के बाद ऑनलाइन पोर्टल पर मजदूरों की उपस्थिति अपलोड की जा रही है। कहीं-कहीं पंचायतों में कार्यरत पंचायत मित्र का प्रधान व सचिव से साठ-गांठ न मिल पाने के कारण कार्य मुक्त रखा गया है। लेकिन प्रतिमाह मानदेय निकाला जा रहा है। सवाल यह है। भ्रष्टाचार मुक्त सरकार आखिर इन महा भ्रष्टाचारी पालनहारों पर लगाम लगाने में विफल क्यों साबित हो रही है।

### ग्राम पंचायत सहसापुर में विकास नहीं, भ्रष्टाचार ने पकड़ी रफ्तार

सीतापुर। जनपद के विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सहसापुर, में भ्रष्टाचार ने इस कदर पैर पसार लिए हैं कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं भी दम तोड़ती नजर आ रही हैं। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिलीभगत से विकास के नाम पर आई वित्तीय धनराशि का जमकर दुरुपयोग बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नल मरम्मत, नल रिबोर , शौचालय मरम्मत, टाइलीकरण, व्हील चेयर , पंचायत भवन निर्माण और मनरेगा जैसे कार्यों में जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया हैं की ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी स्थापना के नाम पर दिनांक 11 फरवरी 2025 को लगभग 123310 रुपयों का भुगतान किया गया व पुनः 11 फरवरी 2025 को लाइब्रेरी स्थापना के नाम लगभग 198098 रुपयों का भुगतान किया व पुनः 11 फरवरी 2025 लाइब्रेरी के नाम पर लगभग 41300 व पुनः दिनांक 14 फरवरी 2025 को 113870 रुपयों का भुगतान किया गया यही नही दिनांक 12 मार्च 2025 को पुनः लाइब्रेरी के नाम पर लगभग 130,000 रुपयों का भुगतान किया गया इतना पैसा खर्च होने के बावजूद भी जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

# अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई डे : डीएम, सीडीओ ने बांटे टूलकिट, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

**ट्राइबल क्राफ्ट और गुड़ उत्पादन से जुड़े लाभार्थियों को मिली नई ऊर्ज़ा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर,खीरी। अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर जनपद में छोटे व मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकास भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान चयनित लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया, जिससे वह अपने-अपने उद्यमों को सशक्त रूप से आगे बढ़ा सकें।कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने ओडीओपी योजना के तहत ट्राइबल क्राफ्ट और गुड़ उत्पादन जैसे पारंपरिक ग्रामीण उद्योगों से जुड़े 100 से अधिक लाभार्थियों को टूलकिट सौंपी गई। इनमें अधिकतर महिलाएं थीं, जो आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह केवल उपकरण नहीं, आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम है। सरकार का लक्ष्य है हर हाथ को हुनर देना और हर गांव में रोजगार के अवसर बढ़ाना। ट्राइबल क्राफ्ट व गुड़ उत्पादन जैसे कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जिन्हें अब नई पहचान मिल रही है। डीएम ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे अपने कौशल से जिले का नाम रोशन करें।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि टूलकिट वितरण सिर्फ सहायता नहीं, आत्मनिर्भरता की ओर कदम है। स्थानीय हुनर और पारंपरिक कार्यों को बढ़ावा देकर हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। सीडीओ ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस मौके को अपने जीवन का नया मोड़ बनाएं।कार्यक्रम का संयोजन और संचालन उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह ने किया। इस दौरान पांच लाभार्थियों को कम युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी लाभार्थियों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया और अपने-अपने क्षेत्र में मेहनत कर सफलता पाने का संकल्प लिया।

# बाढ़ से पहले अलर्ट मोड में खीरी प्रशासन

**एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने पलिया क्षेत्र में तैयारियों का लिया जायजा, दिए कड़े निर्देश**

**जनता की सुरक्षा सर्वोपरि, सभी राहत शिविरों और चौकियों के इंतजाम समय से हों मुकम्मल : एडीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। गुरुवार शाम एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम रत्नाकर मिश्रा के साथ पलिया तहसील क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का दौरा कर राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर व्यवस्था समय से पूरी हो और राहत शिविरों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने डॉक्टरों और स्टाफ से कहा कि बाढ़ के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दवाओं, एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैयारियों को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए।इसके बाद उन्होंने खजुरिया चौकी क्षेत्र का जायजा लिया।

निरीक्षण के अंतिम चरण में एडीएम ने पब्लिक इंटर कॉलेज सम्पूर्णानगर में प्रस्तावित बाढ़ राहत शिविर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत शिविर में शौचालय, साफ पेयजल, बिजली, प्राथमिक चिकित्सा सहित सभी जरूरी इंतजाम समय रहते सुनिश्चित कर लिए जाएं।

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क



मैगलगंज खीरी। औरंगाबाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकार मितौली व स्थानीय पुलिस बल के द्वारा औरंगाबाद क्षेत्र में मोहर्रम को लेकर मार्च निकाला गया। आगामी मोहर्रम को लेकर क्षेत्र में अमन चैन व शांति को लेकर क्षेत्राधिकारी मितौली व इंस्पेक्टर रविंद्र पांडे के द्वारा औरंगाबाद कस्बे में मार्च निकालकर जुलूस के रास्तों आदि का निरीक्षण किया गया तथा ताजिया दारों को यह बताया गया की ताजिया की लंबाई आदि का ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले इसके लिए लोगों को जागरूक किया। किसी को किसी प्रकार की अराजकता या अराजकतत्व जैसी जानकारी मिलती है तो तत्काल प्रशासन को अवगत कारण। इस दौरान नवाब कल्वे हसन, रिजवान हैदर, अजीम अब्बास के साथ-साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी कार्य में घोटाले का अदेंशा, घटिया सामग्री का खुला खेल जारी

धौरहरा खीरी। ईसानगर क्षेत्र के लौकाही मल्लापुर गांव में सरावल मार्ग पर हो रहे पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी हो रही है और घटिया गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गिट्टी और कोलतार की उचित मिक्सिंग नहीं की जा रही, जिससे सड़क जल्द ही उखड़ने की आशंका है। एक ग्रामीण ने बताया, ''सड़क की परतों में समरूपता नहीं है। कोलतार की परत ऊपर-नीचे दिख रही है और गिट्टी जगह-जगह से उखड़ रही है।''स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौके पर निगरानी करने नहीं पहुंचते, जिससे ठेकेदार मनमानी कर रहा है। मौके से ली गई तस्वीरें भी इन आरोपों की पुष्टि करती हैं, जिनमें सड़क की सतह पर साफ असमानता दिखाई दे रही है।ग्रामीणों की मांगः निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच होदोषी ठेकेदार एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएकार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए अन्यथा निर्माण कार्य तुरंत रोक लगाई जाए।

# एसपी ने पुलिस लाइन में आयोजित परेड का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर। पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन में स्थित कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी के परेड ग्राउंड में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासित बनाए रखने के लिए दौड़ लगवायी गयी व विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए।* तत्पश्चात महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों एवं अभिलेखों अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक, दिए निर्देश

**योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलाए लाभ, बैंकर्स करे पूरी प्रतिबद्धता से काम : डीएम**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले में स्वरोजगार योजनाओं को गति देने, बैंकिंग कार्यों की समीक्षा और हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की, जिसमें बैंकों की प्रगति, लंबित प्रकरणों और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार गुप्ता ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि बैंकर्स पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। निर्देश दिए कि बैंकर्स द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करें। विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किए प्रकरणों की विस्तार से बैंकवार समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं की बैंकों में लंबित फाइलों का यथा शीघ्र निस्तारण करें।डीएम ने विभागवार बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की वस्तुस्थिति जानी एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 सभी लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। डीसी स्वत रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्र ने स्वरोजगार योजनाओं के तहत विभिन्न बैंकों को ऋण हेतु भेजी पत्रावलियों में स्वीकृत एवं अंतरण में अनावश्यक विलंब की बात कही। जिसपर डीएम ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत भेजी गई ऋण पत्रावलियों को शीघ्र और आक्रामक तरीके से स्वीकृति दी जाए, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन की गति तेज हो और जिले की रैंकिंग भी बेहतर हो। बैठक में मुख्य रूप से आरबीआई के जिला अग्रणी अधिकारी संदीप मिश्र, नाबार्ड के डीडीएम प्रसून सोनार, डीसी एनआरएलएम, उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## एसपी व एडीएम ने लिया गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का जायजा, दिए जरूरी निर्देश



लखीमपुर खीरी। श्रावण मास की शुरुआत से पहले गोला स्थित ऐतिहासिक छोटी काशी शिव मंदिर में प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एसपी संकल्प शर्मा और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शिव मंदिर परिसर, कांवड़ यात्रा मार्ग और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर में जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस फोर्स की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, ट्रैफिक डायवर्जन और बैरिकेडिंग की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका, बिजली, स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण मास शुरू होने से पूर्व सारी व्यवस्थाएं धरातल पर नजर आनी चाहिए। विशेष रूप से कांवड़ मार्ग पर जल छिड़काव, शौचालय, मेडिकल कैंप और रैन बसेरा की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। इस दौरान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, तहसीलदार भीमसेन, सहित ईओ सहित पुलिस राजस्व एवं अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

## जनपद में उत्साह और अनुशासन से मनाए त्योहार: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। मुहर्रम, श्रावण मास में कॉवड यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, आस्तिक देव मेला, राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, नागपंचमी, रक्षा बंधन ,गंगा स्नान, जन्माष्टमी व अन्य त्यौहार को लेकर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ बचत भवन स्थित कलेक्ट्रट स्थित बचत भवन सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने सभी संगठनों से आए हुए धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान जिन स्थानों और रुटों का चयन किया गया है। उनकी व्यवस्थाए दुरुस्त करा ली जाए। उन्होंने एसडीएम व नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिये कि जहां सड़क व मार्ग में जल भराव व गढ्ढे आदि की समस्या हो वहां व्यवस्थाए ठीक करा ली जाए। जिससे कावड़ यात्रा और जुलूस आदि के निकलने में कोई कठिनाई न हो। डीएम ने उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को आपसी समन्वय बनाते हुए कावड़ यात्रा व जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के थानों में पीस कमेटी की बैठक करें और जो समस्याएं हों उनका तत्काल समाधान कराएं।

जिलाधिकारी ने सभी धर्मों के लोगों से कहा कि सभी लोग भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने रीति-रिवाजों से त्योहार मनाए। त्यौहार परंपरागत तरीके से ही मनाया जाए। किसी भी नयीं परम्परा की शुरुआत ना की जाए। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर प्रशासन से तुरंत संपर्क किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। पर्वों पर किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा। जुलूस व कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ या अश्लील गीत संगीत का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियम तोड़ने पर डीजे संचालकों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित मानक के अनुसार ही होनी चाहिए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर वहां पर सुरक्षा व्यवस्था अभी से दुरुस्त रखी जाए। अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए रखी जाए और किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, अधिशाषी अधिकारी सहित पीस कमेटी के सदस्य, बुद्धिजीवी जन भी उपस्थित रहे।

## जालौन में आकाशीय बिजली से एक किसान की मौत, दूसरा झुलसा

जालौन । जालौन में शुक्रवार को खेत में काम कर रहे दो किसानों पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे एक किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। यह हादसा नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवासा में उस समय हुआ जब किसान बारिश के दौरान खेत में जुताई कर रहे थे।मृतक की पहचान लखनपाल पुत्र पुनु पाल निवासी ग्राम गिदवासा के रूप में हुई है। लखनपाल अपने भाई बलराम पाल के साथ खेत की जुताई कर रहा था। उसी दौरान मौसम अचानक बिगड़ा और तेज बारिश शुरू हो गई। इसी बीच तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जो सीधे लखनपाल पर आकर गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के समय खेत में ही मौजूद अंशुल पाल नामक युवक भी बिजली की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल अंशुल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।घटना की सूचना पर पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। उधर, परिवार में अचानक हुए इस हादसे से कोहराम मच गया है।

## ठकुराइन खेड़ा में बड़ी चोरी, नकदी समेत जेवरात पर चोरों ने किया हाथ साफ



रायबरेली। थाना क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे बकुलिहा गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त की है जब परिवार के सदस्य अलग-अलग जगह सो रहे थे। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। निवासी शिवशंकर उर्फ बचई पुत्र रामकुमार के घर चोर पीछे की दीवार से चढ़कर जीने के रास्ते नीचे उतरे और कमरे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद अलमारी के लॉकर को खंगालते हुए वहां रखे जेवरात और नकदी समेट ली। यही नहीं, बाहर रखे दो बक्सों को भी खेत में ले जाकर उनका ताला तोड़ दिया गया।परिजनों के अनुसार बक्सों में शिवशंकर की पत्नी नन्हकई और पुत्रवधू साधना पत्नी संदीप के कीमती जेवरात तथा बीस हजार रुपये नकद रखे थे। घटना के वक्त शिवशंकर गाँव के बाहर डेरी में सो रहे थे, जबकि बेटा अनिल घर के बरामदे में और छोटा बेटा कमरे में कूलर चलाकर सो रहा था।सुबह जब परिजन जागे तो कमरे का टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर घटना की जानकारी हुई। कुछ ही देर बाद गाँव के बाहर खेत में टूटे हुए बक्से बरामद हुए, जिनमें जीवन बीमा की फाइलें मिलने से चोरी की पुष्टि हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गाँव में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार की बहू साधना इन दिनों मायके गई हुई हैं, जहाँ उनकी माँ बीमार चल रही हैं, जबकि बड़ा बेटा संदीप पंजाब में नौकरी करता है।इस संबंध में पीड़ित शिवशंकर के बेटे अनिल ने सेमरी पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।इंसेट-प्रभावी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिल चुकी है, मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## कार्डियक अरेस्ट में सीपीआर देकर बचाई जा सकती है मरीज की जान

वाराणसी । चिकित्सा अधिकारी डा. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने शुक्रवार को जिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार,एडीएम फाइनेंस वंदिता श्रीवास्तव व अन्य अफसरों की मौजूदगी में मानव शरीर की डमी पर सीपीआर देने की लाइव प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि कार्डियक अरेस्ट होने पर पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। अगर नौ मिनट तक मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिले तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।डा. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कार्डियक अरेस्ट आने पर बरती जाने वाली सावधानियों और ल्लसीपीआर ल्ल देने के तरीकों का खास तौर पर उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आजकल व्यायाम और नृत्य करते समय भी लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। इससे आने पर मरीज को सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है।

## थाना परिसर में की गई पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गदागंज,रायबरेली। आगामी मुहर्रम त्यौहार को लेकर गदागंज थाना परिसर में आज गुरुवार को उप जिलाधिकारी डलमऊ हमीद अहमद खान क्षेत्राधिकार अरुण कुमार नौवहार थाना प्रभारी बालेंदु गौतम की अध्यक्षता में मुस्लिम धर्म गुरुओं व क्षेत्र के ग्राम प्रधानों संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष बैठकर शांति व्यवस्था से त्योहार मनाने की गई अपील उप जिलाधिकारी हमीद अहमद खान ने आए हुए मुस्लिम धर्म गुरुओं को बताया कि पूर्व से जुलूस के रास्ते जो भी निश्चित है उन्हीं रास्तों से गुजर कर जुलूस निकाला जाएगा। कोई भी नया रास्ता नहीं चुना जाएगा। किसी प्रकार का कोई विवादित झंडा व रास्ते को अवरुद्ध नहीं किया जाएगा साथ ही रास्ते में पडने वाले पेड़ व बिजली के तार को भी सही करने के लिए कहा गया क्षेत्रा अधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौवहार ने कहा कि अपने त्यौहार को बहुत ही शांतिपूर्वक मनाएं। जिससे किसी प्रकार की किसी गांव में कोई विवाद ना हो और आप सबका त्योहार आसानी से निपट जाए मुतवल्ली पुर गांव निवासी रामनरेश विनोद चंदन ने बताया कि मेरे घर से 10 मीटर की दूरी पर पक्की सड़क है लेकिन जबरन मुहर्रम त्यौहार का जुलूस मेरे घर से सटाकर कोलिया से निकाला जाता है। जिसे जांच कर सही रास्ते से निकाला जाए वहीं थाना प्रभारी बालेंदु गौतम ने कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की कहीं भी कोई अराजकता ना फैले ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है साथ ही आप सब पुलिस को तत्काल सूचित कर सकते हैं जिससे हम लोग भी आपकी सेवा में तत्पर रहे इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अशोक सचान अवर अभियंता नितीश दुबे ग्राम प्रधान मोबिन अंसारी बलराम यादव शिवेंद्र बहादुर यादव अशोक बाजपेई हरिशंकर वर्मा शिवनारायण मौर्य पुष्कर सिंह हिमकर सिंह प्रेम श्रीवास्तव पप्पू चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्ति निरीक्षक के विदाई समारोह में उमड़ा कोटेदारों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज,रायबरेली। विगत 3 वर्षों से महराजगंज तहसील में तैनात पूर्ति निरीक्षक अविनाश चंद्र पांडे का गैर जनपद हुआ स्थानांतरण के बाद आज दिन शुक्रवार को तहसील सभागार में भव्य विदाई समारोह का आयोजन कोटेदार संघ द्वारा किया गया। जिसमें उपस्थित पूर्व में तैनात पूर्ति निरीक्षक अविनाश चंद्र पांडे को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र तथा फूल माला पहनाकर विदाई समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताते चले कि महराजगंज तहसील मैं तैनात रहे पूर्व निरीक्षक अविनाश चंद्र पांडे की कार्यशैली व कार्य क्षमता ने अपने 3 वर्ष के कार्यकाल में कोटेदारों व राशन कार्ड धारकों व पीड़ित उपभोक्ताओं पर जो अमिट छाप छोड़ी है वह काबिले तारीफ थी। उनकी कार्य कुशलता कार्य क्षमता व कार्य दक्षता के चलते ही महराजगंज क्षेत्र चाहे के वाई सी हो या फिर नए राशन कार्ड बने हो या यूनिट चढ़ाने का कार्य हो सभी कार्य को बखूबी कुशलता के साथ निर्वहन करते हुए निपटाने का कार्य किया। जिसके चलते क्षेत्र की जनता व कोटेदार भी अपने मातहत अधिकारी के कार्यों से संतुष्ट रहे। इस मौके पर नवागत पूर्ति निरीक्षक मुकेश पांडे, अवधेश चतुर्वेदी, नमामि शंकर शुक्ला, कन्हैया त्रिपाठी,आशुतोष पांडे, छोटू, कोटेदार संघ अध्यक्ष सुरेश कुमार शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, गुलाब सिंह, राजीव सिंह, भयऊ महाराज, सतीश चंद्र सुभाष चंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आपातकाल कंग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक:अरुण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गाजियाबाद । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने शुक्रवार को यहाँ कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता लोलुपता और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक है। 1975 में लगाया गया आपातकाल कोई राष्ट्रीय संकट नहीं था, यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश को बंधक बनाने की साजिश थी।गाजियाबाद में आयोजित एक प्रेसवार्ता में अरुण सिंह ने कहा कि देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कुचला था। प्रेस की स्वतंत्रता खत्म की थी। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को अपंग किया और लाखों देशवासियों को जेल में डालकर देश को अंधकार युग में धकेल दिया।उन्होंने कहा कि ल्लआज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस की मानसिकता में कोई अंतर नहीं आया है। 1975 में इंदिरा गांधी ने संविधान को रौंदा, आज वही प्रवृत्ति राहुल गांधी और उनके नेतृत्व में दिखाई देती है । आज भी प्रेस पर हमले होते हैं। विचारधारा के आधार पर मुकदमे दर्ज होते हैं, और डिजिटल माध्यम से एक नई 'डिजिटल इमरजेंसी' थोपी जा रही है।।अरुण सिंह ने कहा कि शाह आयोग ने भी स्पष्ट कहा था कि आपातकाल पूरी तरह एक राजनीतिक षड्यंत्र था, जिसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था। लेकिन कंग्रेस ने न तो आज तक माफी मांगी, न ही शर्मिंदगी दिखाई। उल्टे, आज भी जब गांधी परिवार पर भ्रष्टाचार की जांच होती है, कंग्रेस 'लोकतंत्र खतरे में है' का शोर मचाने लगती है।उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने न केवल न्यायपालिका को बंधक बनाया, बल्कि प्रेस की बिजली काट दी, मीसा जैसे काले कानूनों से छात्रों, पत्रकारों, विपक्षी नेताओं को जेल में ठूंस दिया। उस दौर में जिस किसी ने भी सवाल उठाया, उसे देशद्रोही बताया गया। आज कंग्रेस उसी मानसिकता को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लागू कर रही है।ङ्कआपातकाल सिर्फ एक घटना नहीं, कंग्रेस की सोच का प्रतिबिंब है । आज भी कंग्रेस सत्ता को परिवार के लिए आरक्षित समझती है और लोकतंत्र को एक औपचारिकता मानती है।प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक , सांसद अतुल गर्ग, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, पूर्व महापौर आशु वर्मा, विधायक संजीव शर्मा, भाजपा गाजियाबाद महानगर

## चार साल में ही एमजीयूजी के पास उपलब्धियों की लंबी श्रृंखला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। स्थापना के चार साल के भीतर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के नाम उपलब्धियों की लंबी सूची है। पूरे प्रदेश में इसकी पहचान समयानुकूल, रोजगारपरक शिक्षा तथा आधुनिक एवं प्राचीन चिकित्सा के संगम के रूप में सुदृढ़ हुई है। 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों लोकार्पित इस विश्वविद्यालय में 1 जुलाई को वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का आगमन होने जा रहा है। राष्ट्रपति यहां अकादमिक भवन, करीब पंद्रह सौ लोगों के बैठने की क्षमता के ऑडिटोरियम, ग्यारह कॉटेज वाले विश्व स्तरीय पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और एक हजार की क्षमता के गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी।एमजीयूजी मॉडर्न मेडिकल एजुकेशन, आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा, नर्सिंग शिक्षा, फार्मेसी शिक्षा के साथ स्नातक और परा स्नातक के अत्याधुनिक रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के संचालन वाले एक बड़े राष्ट्रीय केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। यहां के आयुर्वेद कॉलेज में बीएएमएस की पढ़ाई विश्वविद्यालय स्थापना के पहले सत्र से ही हो गई थी जबकि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स का संचालन पिछले सत्र से हुआ है। यही नहीं, नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल संकाय में दर्जनभर रोजगारदायी पाठ्यक्रम पूर्ण क्षमता से संचालित हैं। विश्वविद्यालय में एलॉयड हेल्थ साइंसेज फार्मेसी, एग्रीकल्चर, व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित डिप्लोमा से लेकर मास्टर डिग्री तक के दो दर्जन पाठ्यक्रम संचालित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह बताते हैं कि यहां के सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक हैं और उनकी बहुत मांग है। यहां भारतीय ज्ञान मूल्यों का संरक्षण व संवर्धन, वर्तमान और भावी समय को ध्यान में रखकर अनुसंधानिक तरीके से किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यहां पाठ्यक्रम ऐसे हैं जो समाज के लिए लाभकारी, विद्यार्थी के लिए सहज रोजगारदायी हैं।शिक्षा, चिकिसा, कृषि अनुसंधान, रोजगार व ग्राम्य विकास के क्षेत्र में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय नेपाल, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, एम्स गोरखपुर, केजीएमयू लखनऊ, आरएमआरसी गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, वैद्यनाथ आयुर्वेद, इंडो-यूरोपियन चैंबर ऑफ स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो, भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, जुबिलेंट एग्रीकल्चर रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी, लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल आदि के साथ एमओयू किया है। इन एमओयू के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में विश्व स्तरीय शोध अनुसंधान के साथ ही स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा। कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव कहते हैं कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की नींव में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के विचार हैं, जिनका मानना था कि दासता से मुक्ति, स्वावलंबन व सामाजिक विकास के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ भी इसी वैचारिक परंपरा के संवाहक हैं।

## सड़कों पर गड्ढे छोड़ने वालों की अब खैर नहीं! अमृत योजना और जल जीवन मिशन पर डीएम की सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर । सड़कों पर बेवजह खोदाई और अधूरे पड़े सीवरेज कार्यों से परेशान लोगों को अब राहत मिल सकती है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जल जीवन मिशन और अमृत योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिम्मेदार विभागों को सख्त चेतावनी दी है। अब अगर सड़कों पर गड्ढे दिखे तो एफआईआर होगी।बारिश से पहले सुधारो हालात, नहीं तो कार्रवाई तय जिलाधिकारी ने जल निगम नगरीय के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु को देखते हुए अब किसी भी सड़क पर अनावश्यक खोदाई न की जाए। अगर अत्यधिक आवश्यकता हो तो केवल पटरी पर ही खोदाई की जाए और काम खत्म होते ही तत्काल सड़कों की मरम्मत कर दी जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि यातायात बाधित हुआ तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।खराब प्रगति पर अधिकारियों को फटकार फ़ेज-1 और फ़ेज-2 सीवरेज परियोजना, हाउस कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी ने जल निगम के कार्यों को 'सबसे खराब' बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि अगर सुधार नहीं हुआ तो सख्त कदम उठाए जाएंगे।जहां सड़कें धंसी, वहां तुरंत मरम्मत के निर्देश जिन इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन या कनेक्शन कार्य के बाद सड़कें मरम्मत नहीं की गई हैं या मरम्मत के बाद बैठ गई हैं, उनकी सूची बनाकर तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया गया है। नगर पालिका को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया गया है कि वह ऐसे सभी स्थान चिन्हित कर संबंधित विभाग से तत्काल कार्य कराए।जल आपूर्ति शुरू, लेकिन पारदर्शिता जरूरी फ़ेज-1 के अंतर्गत डब्लूटीपी, इंटरवेल और सीडब्लूआर के माध्यम से 8 जून से जल आपूर्ति शुरू कर दी गई है, लेकिन जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक जोन और वार्ड में कितने हाउस कनेक्शन दिए गए हैं, इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लोगों को सही लाभ मिल सके।

## बांदा में बालू माफियाओं के खिलाफ डीएम की सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी जे. रीभा ने मोर्चा संभालते हुए बालू माफियाओं के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया है**

**अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और खान अधिकारी की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इसमें 9 ट्रक अवैध रूप से उपखनिज (बालू) का परिवहन करते पाए गए**

बांदा। बालू के अवैध खनन और परिवहन पर प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और एसडीएम नरैनी अमित शुक्ल के बीच ओवरलोड ट्रकों की सीजिंग को लेकर उपजे विवाद के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था। अब जिलाधिकारी जे. रीभा ने मोर्चा संभालते हुए बालू माफियाओं के खिलाफ निर्णायक अभियान चलाया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर 26/27 जून की मध्य रात्रि को जिलेभर में विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की गई। ग्राम पथरी मोड़ के पास अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और खान अधिकारी की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इसमें 9 ट्रक अवैध रूप से उपखनिज (बालू) का परिवहन करते पाए गए। ये सभी वाहन टैम्पर्ड नंबर, ओवरलोड और एक्सटेंड बॉडी के साथ पाए गए और इन्हें कोतवाली देहात थाने की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इसके अतिरिक्त, उपजिलाधिकारी बांदा, पैलानी, अतर्रा, नरैनी, बबेरू एवं यात्रीकर अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चलाई गई जांच में कुल 32 ओवरलोड, टैम्पर्ड नंबर और बिना वैध दस्तावेज वाले वाहनों को पकड़ा गया। इन सभी वाहनों को भी संबंधित थानों में सुपुर्द किया गया। इस प्रकार कुल 41 ओवरलोड बालू से भरे ट्रकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि हाल ही में एसडीएम नरैनी अमित शुक्ल पर बालू माफियाओं ने हमला किया था। यह घटना उस समय हुई जब उन्होंने अवैध बालू लदे ट्रकों को सीज किया था। माफियाओं ने न सिर्फ अभद्रता की, बल्कि एसडीएम के वाहन को पलटाने की भी कोशिश की थी। इस मामले में एसडीएम के चालक की तहरीर पर चार नामजद और 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।वहीं, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने इस प्रकरण में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनका और एसडीएम का कोई आपसी विवाद नहीं है। घटना के अगले ही दिन एसडीएम अमित शुक्ल प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना हो गए थे। हालात को देखते हुए जिलाधिकारी जे. रीभा ने बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, जिससे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# अनाड़ी चला रहे पैथोलॉजी और ब्लड कलेक्शन सेंटर,जोखिम में मरीजों की जान

**अनाड़ी चला रहे पैथोलॉजी और ब्लड कलेक्शन सेंटर, जोखिम में मरीजों की जान, जिम्मेदार बेखबर**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में पैथोलॉजी लैब्स का संचालन तय मानकों को दरकिनार कर बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और प्रशास निक अनदेखी के चलते जिले में वैध रूप से पंजी कृत पैथोलॉजी की तुलना में चार गुना अधिक संख्या में अवैध लैब्स धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं।चिंता की बात यह है कि इनमें बिना किसी योग्य ता वाले कर्मचारी कार्यरत हैं,जो गंभीर रोगों की जां च कर रहे हैं।परिणामस्वरूप अप्रशिक्षित कर्मचारी खून, यूरिन, शुगर सहित विभिन्न रोगों की जांच कर रहे हैं,जिससे गलत रिपोर्ट की आशंका बनी रहती है।यह मरीजों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

## जिले में सैकड़ो से ज्यादा लैब्स,अधिकांश अवैध

जानकारी के अनुसार जिले में 50 से अधिक पैथो लॉजी लैब्स संचालित हो रही हैं,जिनमें से अधिकां श बिना रजिस्ट्रेशन और योग्य स्टाफ के हैं।न सिर्फ गोण्डा शहर,बल्कि करनैलगंज,तरबगंज मनकापुर,जैसे तहसील मुख्यालयों में भी यह स्थिति बनी हुई है।सूत्रों की मानें तो इन अवैध लैब्स का निजी क्लीनिक से गठजोड़ है।कई डॉक्टर इन्हीं लैब्स से मरी जों की जांच करवा रहे हैं,जहां मरीजों से मनमानी फीस वसूल की जा रही है।

## जिला अस्पताल में भी डेरा

बता दें कि जिला अस्पताल की लैब से जांच कराने के लिए हर दिन दर्जनों मरीज पहुंचते हैं,लेकिन कई बार मरीज ऐसे मिलते हैं,जिनका इलाज जिला अस्पताल से चलता है और उनकी खून की जांच बाहर लैब से होती है।मामले में जानकारी यह भी है कि जिला अस्पताल की लैब में निजी लैब के ए जेंट मौजूद बने रहते हैं,जो भर्ती मरीज के परिजनों के संपर्क में आकर बाहर से जांच कराने सेंपल ले जाते हैं।

गाइडलाइन के अनुसार पैथोलॉजी लैब सि र्फ वही व्यक्ति लैब चला सकता है जिसके पास मा न्यता प्राप्त पैथोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री हो और उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण हो।लैब में सिर्फ क्वालिफाइड टेक्नीशियन को कार्य की अनुमति,पर वे लैब नहीं चला सकते।इन्हें सह चिकित्सीय परिषद से मान्यता प्राप्त होना अनिवा र्य है।लैब में वही जांच की जा सकती है,जिनके लि ए आवश्यक उपकरण मौजूद हों।सभी प्रकार की जांच की खुली अनुमति नहीं दी जा सकती।बीएस सी/एमएससी,डिप्लोमा इन क्लीनिकल पैथोलॉजी या लैब टेक्नोलॉजी के आधार पर कोई भी व्यक्ति लैब नहीं चला सकता या खुद को पैथोलॉजिस्ट नहीं कह सकता।बिना योग्यता लैब चलाना अपरा ध है।ऐसे मामलों में दोषी को तीन साल की जेल और पांच हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

# टिकरी जंगल में मिला युवती का शव,गले और चेहरे पर चोट के निशान

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज छानबीन में जुटी पुलिस**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के टिकरी जंगल में शुक्रवार को एक 28 वर्षीय युवती का शव मिला है।शुक्रवार सुबह 11:30 राहगीरों ने जंगल में शंभू नगर बुटाहा कच्चे मार्ग के पास शव को देखकर लोगो ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने आसपास के गांव वालों से शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन युवती की पहचान नहीं हो सकी है। घटनास्थल से एक खाली पानी की बोतल और खू न से सने कपड़े बरामद हुए हैं।शव के गले और चे हरे पर चोट के निशान मिले है।वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।लेकिन युवती कहां की रहने वाली है इसका प ता नहीं चल सका है?।युवती की हत्या कर शव को जंगल में फ़ेके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाग स्थिति स्पष्ट होगी।फिलहाल मृतका की पहचा न का प्रयास किया जा रहा है।

## युवती का पता लगाने में जुटी पुलिस अपर पुलिस

अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल ने सूचना मिलने पर घटनास्थल का निरीक्षण किया है पुलिसने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच के निर्दे श दिए हैं।मनकापुर कोतवाल मनोज कुमार पाठक के अनुसार प्राथमिक की जांच में हत्या का मामला लग रहा है,मृतका आसमानी धारीदार कुर्ती काला लैगी,दोनों हाथों में लाल चूड़ियां पहने हुई है नाक में एक कील,माथे पर लाल रंग कि बिंदी पहने हुए थी।हालांकि उसकी पहचान नहीं हो सकी है। आस पास के थानों में भी सूचना भेजी गयी है पोस्टमार्ट म रिपोर्ट आने के उपरांत स्पष्ट हो पायेगा की कैसे मौत हुई है।शव की पहचान करने के साथ पुलिस प्रत्येक पहलू पर जांच कर रही है।

# दहेज हत्या के मामले में वांछित मां-बेटे गिरफ्तार

**पुलिस ने दोनों आरोपियों को चीनी मिल हनुमान मंदिर के पास से किया गिरफ्तार**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नानपारा पुलिस को शुक्रवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब दहेज हत्या के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इन्हें चीनी मिल हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिथिलेश लोध पुत्र ब्रह्म लोध और ज्ञानवती पत्नी ब्रह्मा लोध के रूप में हुई है। दोनों ग्राम तेलियनपुरवा, थाना नानपारा के निवासी हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, महिला उपनिरीक्षक काजल वर्मा, आरक्षी अवधेश कुमार, आरक्षी हेमंत कश्यप शामिल थे। शुक्रवार सुबह करीब 9:45 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने चीनी मिल हनुमान मंदिर के पास से दोनों आरोपियों की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को बहराइच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और सजगता की सराहना की है। यह गिरफ्तारी न सिर्फ पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे क्षेत्र में पुलिस की सख्ती और अपराध के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति का भी स्पष्ट संकेत मिलता है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ 01 जुलाई से

**योजनान्र्तगत नवीन अतिथि प्रवक्ता के पद हेतु कुल 27 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किये जाने के क्रम में कुल 18 अभ्यर्थियों द्वारा डेमो क्लास का प्रदर्शन उपस्थित छात्र, छात्राओं व विषय-विशेषज्ञ की समिति के समक्ष किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । समाज कल्याण विभाग द्वारा संचलित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत के क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से मॉर्गदर्शी सिद्धान्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, पीसीएस, जेई,नीट, एनडीए, सीडीएस, एसएससी व वनडे परीक्षा इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण हाईब्रिड के माध्यम से प्रदान किये जाने हेतु जनपद के प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्यापन कार्य हेतु योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान, ट्रायल लेक्चर के उपरान्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में अतिथि प्रवक्ता के रूप में सत्र 2025-26 हेतु सूचीबद्ध किये जाने हेतु जनपद में नवीन अतिथि प्रवक्ताओं का डेमो मूल्यांकन समिति के सदस्यों, विषय विशेषज्ञों एवं उपस्थित छात्र/छात्राओं के फीडबैक के आधार पर प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी।किसान डिग्री कॉलेज, बहराइच में आयोजित डेमो मूल्यांकन में उक्त योजनार्न्तगत नवीन अतिथि प्रवक्ता के पद हेतु कुल 27 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किये जाने के क्रम में कुल 18 अभ्यर्थियों द्वारा डेमो क्लास का प्रदर्शन उपस्थित छात्र, छात्राओं व विषय-विशेषज्ञ की समिति के समक्ष किया गया। छात्र, छात्राओं फीडबैक को तीन कैटेगरी संतोषजनक, उत्तम, अति उत्तम श्रेणी के अनुसार तथा विषय विशेषज्ञों एवं विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर चयनित अतिथि प्रवक्ताओं के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारम्भ 01 जुलाई, 2025 को जनपद के मा. जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से अभिनन्दन समारोह का आयोजन कराकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, पीसीएस, जेई,नीट, एनडीए, सीडीएस, एसएससी की नियमित कक्षाओं को केन्द्रवार प्रारम्भ किया जायेगा।

# खाद वितरण में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाई,नौ खाद की दुकानों का लाइसेंस निरस्त,दस को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सरकारी खाद की कालाबाजारी और अधिक दर पर बिक्री को रोकने के लिए जिला कृ षि अधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने गड़बड़ी करने वा ले दुकानदारों पर बड़ी कार्यवाही की है।उन्होंने नौ दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए हैं।साथ ही दस दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं।तीन दुका नों पर खाद की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है।कार्रवाई का कारण स्पष्ट करते हुए अधि कारियों ने बताया कि इन दुकानों पर स्टॉक मेंटेन नहीं था।पीओएस मशीन से बिक्री नहीं की जा रही थी।इनके खिलाफ अधिक दर पर बिक्री की शिका यतें भी मिल रही थीं।जिले में इफको और निजी खाद विक्रय केंद्रों पर 9 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।नई व्यवस्था के तहत,निजी कंपनियों की खाद का 40% वितरण साधन सहकारी समितियों के माध्यम से होगा।शेष 60% निजी दुकानों से वितरित किया जाएगा।जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है।अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।नियम विरुद्ध बिक्री की शिकायतों पर लगातार कार्रवाई जारी है।जहां कहीं भी शिकायत मिलती है तत्काल हम लोग छापेमारी करके कार्रवाई भी कर रहे हैं। वही गोंडा डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि जिले में खाद की कहानी कोई दिक्कत नहीं है किसान भाइयों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

# स्वर्ण जयन्ती पौधशाला से क्रय करें शाकभाजी के बेहन पौध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच में उद्यान विभाग द्वारा स्थापित ''मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स'' कृषकों के लिए रोगमुक्त व स्वस्थ्य शाकभाजी पौध पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इच्छुक कृषक उत्पादित बेहन पौध रू. 2.00 प्रति पौधा की दर से प्राप्त कर सकते है तथा बेमौसम शाकभाजी उत्पादित कर कृषि को अपनी मुख्य आय बना सकता है। उन्होंने बताया कि एक्सीलेन्स नर्सरी में किसान अपना बीज देकर रू. 1.00 प्रति पौधा शुल्क जमा कर पौध उत्पादित करा सकते हैं। वर्तमान समय में बैगन, टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, पातगोभी, कद्दू एवं लौकी आदि के पौधे रोपण हेतु उपलब्ध हैं। यह पौधे राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। किसी प्रकार की जानकारी के लिए पौधशाला प्रभारी, मंजीत सिंह के मो.न. 7388046768 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मौत का दूत' बन सड़क़ों पर फर्राटा मार रहे ओवर लोड वाहन

**कई बार हो चुके हैं हादसे,जिनमें जा चुकी है लोगों की जान**

**परिवहन और यातायात विभाग ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाने में असफल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शहर से लेकर जिले भर में ओवर लोड वाह न सडक़ों पर फर्राटा मार रहे हैं।कई बार यह वाहन दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं जिनमें लोगों की जान भी जा चुकी हैं।लेकिन उसके बाद भी याता यात विभाग ऐसे वाहनों के ब्रेक लगाने में असफल साबित हो रहा है।यही वजह है कि सडक़ों पर यह वाहन बेखौफ मौत का दूत बन हवा से बात करते हैं।जिला परिवहन व यातायात सहित पुलिस विभा ग की निष्क्रियता के चलते इन दिनों जिलेभर में ओवरलोड वाहनों की आवाजाही खूब हो रही है। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर सडक़ पर जनता की सुरक्षा को दांव पर लगवा रहे हैं।क्योंकि भारी व ओवरलोड वाहनों के कारण सडक़ की दुर्गति हो रही है वहीं आमजनता के लि ए सडक़ मार्ग खतरनाक साबित होता है।इसके बा वजूद अफसर कार्रवाई करमें नाकाम हैं।आलम यह है कि धड़ल्ले से जिलेभर में भारी व ओवरलोड वाहन फर्राटा मारते हुए परिवजन व यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जो जो कि चिंता का विषय है।

## क्षमता से अधिक बैठाते हैं सवारी

ओवरलोड वाहनों से आए दिन हादसे होते हैं।ले किन फिर भी इनपर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। कई वाहन दिनभर सडक़ों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाकर फर्राटे भर रहे हैं।जिनमें ट्रैक्ट र,पिकअप,मेटाडोर,ट्रक आदि वाहन भी ओवर लोडिंग कर सडक़ों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं।बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग सक्रिय दिख रहा है न ही पुलिस।पढ़ाते हैं सुरक्षा का पाठ,खुद नहीं करते अमल यातायात सुरक्षा को लेकर पुलि स व परिवहन विभाग लोगों को सडक़ सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।विभाग की टीमें समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को तेज गति से वाहन न चलाने व क्षमता से अधि क भार लेकर न चलने की हिदायत देते हैं।लेकिन यातायात के कर्ता-धर्ता खुद इन बातों पर अमल नहीं करते।अगर करते तो मौत के दूत बने ये ओवर लोडिंग वाहनों का आवागमन कब का बंद हो गया होता।

## नियमों की हो रही अनदेखी

जिस तरह से ओवरलोड वाहन सडक़ों पर दौड़ रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि विभाग पूरी तरह से सक्रिय नहीं है।नियम है कि कोई भी भार वाहक वाहन में क्षमता से अधिक भार नहीं लादा जाए, ले किन इस नियम का शहर में पालन नहीं हो रहा है। चालक पिकअप,ट्रक में तिरपाल लगाकार चाहे कै सा भी सामान हो वह कई फीट ऊपर तक भरते हैं और सडक़ों पर फर्राटा भरते हैं।

## सडक़ें भी होती हैं क्षतिग्रस्त

सडक़ों पर बेखौफ हवा से बात करने वाले यह ओवर लोडिंग वाहन न सिर्फ राहगीरों के लिए आ फत बने हुए हैं बल्कि ऐसे ओवरलोड वाहनों से स डक़ों को भी भारी नुकसान पहुंचता है।इन वाहनों के आवागमन से सडक़ों भी क्षतिग्रस्त होती हैं।जि ससे यह वाहन जान के साथ माल हानि का भी का रण बन रहे हैं।जिम्मेदार बड़े-बड़े अधिकारी दोपहि या व चार पहिया वाहनों की चेकिंग का फरमान तो जारी करते हैं लेकिन ओवरलोड वाहनों पर कोई निर्देश नहीं दिया है।

## जिला जज,डीएम और एसपी ने जेल का किया निरीक्षण



गोण्डा। शुक्रवार को जिला जज,जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त नि रीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कारागार अस्प ताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया,साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उन की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।जिला जज,जिलाधिकारी और एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों,अस्पताल,भोजनालय,भंडार कक्ष,पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय।जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप क राने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला कारागार परिसर में ओपेन जिम का उद्घाटन किया गया।निरीक्षण के दौरान सीजेएम,जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर,एसएचओ कोतवाली नगर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक से भेंट कर पेशेंट और हॉस्पिटल के हालत से कराया अवगत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर के नेतृत्व में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक का स्वागत किया गया और पूर्वोत्तर रेलवे पर हॉस्पिटल और पेशेंट के बारे में बातचीत कर समस्याओं को बताया गया वहां पर वरिष्ठ चिकित्सक डीके सिंह उपस्थित रहे महामंत्री विनोद राय ने बताया रेलवे हॉस्पिटल में रेफर करने के लिए बहुत परेशान होना पड़ रहा है दो-दो तीन-तीन दिन लग जा रहा है रेफर करने में डॉक्टर अगर रेफर कर दे रहे हैं तब भी रेफर नहीं हो पा रहे हैं मरिज जबकि बोर्ड की गाइडलाइन है पेशेंट को रेफर कर दिया जाए हॉस्पिटल का नाम नहीं लिखा जाएगा जहां भी वह दिखाना चाहता है वह दिखा सके दूसरा मुद्दा बहुत दिनों से इमरजेंसी वार्ड नया बन रहा है और काम ठप पड़ा हुआ है नक्शे के हिसाब से जो बना था उसमें फ़ेरबदल किया गया अस्पताल में दवा वितरण काउंटर को नक्शे में 7 फीट का होना था उसको कम कर दिया गया है रीइंबर्समेंट का पेशेंट का पैसा नहीं मिल पा रहा है तमाम कानूनी अडचन डाल करके रोका गया है अस्पताल में बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार सभी वार्ड दवा वितरण इमरजेंसी सभी कार्यालय हॉस्पिटल का वाता अनुकूलित होना चाहिए लेकिन नहीं कराया जा रहा है पूर्वोत्तर रेलवे का केंद्रीय अस्पताल है यहां पर पेशेंट के लिए केबिन केवल दो है और बनाया नहीं गया है फातिमा हॉस्पिटल में अगर रेफर किया गया है तो वह फिर से जांच अपना कर रहे हैं और पेशेंट से पैसा मांगा जा रहा है महामंत्री ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के समक्ष और महाप्रबंधक महोदया के समक्ष बातों को भी रखा गया था आज वार्ता के क्रम में सभी बातों को प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक से बताया गया और उनसे अनुरोध किया गया की समस्याओं पर अधीनस्थ से जानकारी ले कर के इसको अभिलंब ठीक कराया जा पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ महामंत्री के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी नवीन मिश्रा मंडल मंत्री मुख्यालय फिरोज़ उल हक मंडल अध्यक्ष मुख्यालय संजीवधर वरिष्ठ पदाधिकारी दीपक चौधरी लक्ष्मी श्रीवास्तव यूथ अध्यक्ष देवेश सिंह यूथ लीडर अभिषेक गुप्ता सतीश श्रीवास्तव कृष्ण सिंह राजन सिंह महिला विंग।की पूनम सिंह सोनाली सुप्रिया द्विवेदी और बहुत से लोग उपस्थित रहे

## अधोमानक व अनफिट स्कूल वाहनों के संचालन पर दर्ज होगी एफआईआर: एआरटीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि स्कूली वाहनों की जांच पड़ताल में 54 स्कूली वाहन ऐसे मिले जिनकी फिटनेस समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित स्कूल के प्रबंधको, प्रधानाचार्य व वाहन स्वामियों को फिटनेस कराये जाने हेतु नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि बगैर फिटनेस व अन्य आवश्यक कागज़ातों के स्कूल वाहनों का संचालन करने पर सम्बंधित के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अनफिट स्कूली वाहनों के स्वामियों, विद्यालय के प्रबंधको को डाक से नोटिस प्रेषित कि गई है। प्रबंधकों व प्रधानाचार्यो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि कि स्कूली वाहनों को मानक के अनुरुप संचालित किया जाए।स्कूल वाहनों के लिए निर्धारित मानक की जानकारी देते हुए एआरटीओ ने बताया कि वाहन पीले रंग का हो, स्कूल का नाम लिखा हो, आपातकालीन फोन नम्बर लिखे होने चाहिए, बसों में दो व वैन में एक अग्निशमन यत्र की व्यवस्था, क्षमता से अधिक बच्चे सवार न हो, फर्स्ट एड किट की व्यवस्था, गति सीमा यंत्र, सीट बेल्ट लगा होने के साथ-साथ चालक का ब्योरा स्कूल में दर्ज हो।

# विद्यालय मर्जर नीति के खिलाफ शिक्षकों का हल्ला बोल, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर द्वारा विद्यालयों के प्रस्तावित मर्जर के विरोध में आज जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम सदर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने के लिए जिले भर से शिक्षक एकजुट होकर तिकोनिया पार्क से जिला कार्यालय तक पहुँचे और मर्जर नीति के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया।जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने बताया कि 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को एक-दूसरे में मिलाने की प्रक्रिया से गांवों के स्कूलों के बंद होने का खतरा है, जिससे गरीब और दूरदराज के बच्चों की शिक्षा बाधित होगी। विशेषकर, इससे बालिकाओं की शिक्षा पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की भावना के विपरीत है।जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने कहा कि सरकार किसी भी सरकारी प्राथमिक विद्यालय को बंद नहीं कर सकती, फिर भी मनमाने तरीके से निर्णय थोपे जा रहे हैं। यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर इस नीति के विरोध में संघर्ष करने का आह्वान किया। वहीं पूर्व मंडल ऑडिटर शमीम अहमद ने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे मर्जर के पक्ष में कोई सहमति पत्र न दें। अध्यक्ष दूबेपुर एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि जब तक प्रधानाध्यापक और एसएमसी अध्यक्ष की सहमति नहीं होगी, विद्यालयों का मर्जर नहीं किया जा सकता।प्रदेश उपाध्यक्ष मालती सिंह ने दो टूक कहा कि इस नीति के खिलाफ हर हाल में संघर्ष किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रपाल राजभर ने जानकारी दी कि विरोध प्रदर्शन में जिले भर के शिक्षकों की भारी भागीदारी रही।इस अवसर पर लम्भुवा ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह, अटेवा जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राम अनुज यादव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ. विनय प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष राधेश्याम मौर्य, जिला संयुक्त संगठन मंत्री देशराज, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, संगठन मंत्री अरुण सिंह, प्रचार मंत्री राहुल मिश्रा, कार्यकारी विनोद शर्मा, संगठन मंत्री फिरोज बजरंग यादव मो खालिद केडी सिंह आईबी यादव अरुण दिलीप वसीम मनोज सिंह अशोक मुनीन्द्र मिश्रा, केशी मिश्रा, ब्लॉक मंत्री वैभव भटनागर, संतोष सिंह, दीपेन्द्र सिंह, धीरेंद्र त्रिपाठी, प्रदीप यादव, इंद्रेश यादव, सौरभ राजभर सहित अनेक शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मर्जर योजना को जनविरोधी बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की।

## मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित



पीलीभीत। जमात ए इस्लामी हिन्द महिला विंग पीलीभीत की ओर से शहनाई गार्डन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे फलाह ए आम इस्लामिक स्कूल में 28 मई से 2 जून तक चले समर इस्लामिक कैम्प का पुरस्कार वितरण एवं हाइस्कूल ,इंटरमीडिएट मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आरंभ डॉ0 सादिया सुआलिहाती क़ुरआन पाठ से किया छात्रा फाइक़ा ने नआत पाक पेश की जमाअत इस्लामी हिन्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला सचिव आरफा ख़ातून ने प्रारंभिक उद्बोधन में कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में इस्लाम की बुनियादी बातों को बताया गया जिससे छात्राओं को बेहतर जीवन यापन के तरीकों को पता चले और ये हमारा चौथा कार्यक्रम है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जमाअत इस्लामी हिन्द की राष्ट्रीय सचिव शाइस्ता रफत साहिबा ने छात्रओं को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा कि आज के व्यस्त ज़माने में भी आप बच्चे ठीक से जीवन यापन करने के लिये सीखने आये और उन्होने आगे कहा कि शिक्षा व्यक्ति की जीवन स्तर को उठा देती है और एक बेहतर शहरी बनाने में मददगार होती है व्यक्ति को अपने अंदर छुपी हुई विशेषताओं को जानना चाहिए और उनको उभारने का प्रयास करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन उरूसा फात्मा ने किया और पुरुस्कार वितरण रुक़य्या फात्मा ने किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का समापन शकीला अख़्तर की दुआ से हुआ।कार्यक्रम में शकीबा,शमीम,नाज़िश, फरहाना शम्सी, जावहर शम्सी,नसरीन खानम,शाहजहां बेगम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्रायें उपस्थित थीं।

## शाहजहांपुर पुलिस ने हजारा जाकर दर्ज किए महिला के बयान

पूरनपुर। हजारा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि 23 अप्रैल की रात उसके घर में घुसकर कुछ लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। यही नहीं महिला ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया था। घटना के करीब एक महीने के बाद भी पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही थी। बीते सोमवार को महिला अपने भाई के साथ लखनऊ पहुंची और मुख्यमंत्री आवास के पास में आत्मदाह का प्रयास किया था। मौके पर मौजूद पुलिस ने उसको बचा लिया था। लखनऊ से पुलिस महिला को लेकर उसके घर पहुंची थी। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर ग्रामीण एवं सीओ शाहजहांपुर ने महिला के घर पहुंच कर उसके बयान दर्ज किए। पुलिस टीम ने महिला से पूरी घटना की जानकारी भी जुटाई। माना जा रहा है कि मामले में अन्य लोगों पर भी कार्रवाई तय है। शुक्रवार 11 बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहजहांपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के बयान दर्ज किए गए हैं।

## जापान भेजने के नाम पर तीन लाख की ठगी

पूरनपुर। नगर के मोहल्ला साहूकारा वार्ड नंबर 8 के रहने वाले सद्दाम हुसैन पुत्र मुस्तफा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया। कि वह बेरोजगार घूम रहा था। तभी मल्लपुर नगर सिटी मुजफ्फरनगर निवासी तंजीम शाहिद पुत्र मोहम्मद शाहिद से मुलाकात हुई। उसने उसे जापान में काम पर भेजने की बात कहकर तीन लाख रुपए ले लिए और साउथ कोरिया का बीजा देकर भेज दिया। पीड़ित दिल्ली पहुंचा तो जानकारी लगी की वीजा फर्जी है। यह सुनकर उसके होश उड़ गए उसने अपने रुपए वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने धमकी दी। युवक ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की मामले में मुकदमा दर्ज। शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे कोतवाली प्रभारी ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही ह

# हज़रत मेंढू शाह बाबा का सालाना 69 वां उर्स चादर पोशी के साथ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर कोतवाली के पास स्थित हजरत मेंढू शाह बाबा का 69 वां उर्स बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया जिसमें दूरदराज से आए लोगों ने दरगाह पर चादर चढ़ा कर दुआ मांगी। हजरत मेंढू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर हाजी लियाकत उर्फ भूरे भाई द्वारा हर वर्ष उर्स कराया जाता है इस बार भी उर्स 24 जून से शुरू होकर 27 जून शुक्रवार को आखिरी दिन कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स समापन हो गया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र नगर एंव दूरदराज से लोगों ने पहुंचकर दरगाह पर चादरपोशी कर देश के अमन, चौन की दुआएं मांगीं ।

इस दौरान हाजी लिकायत ने बताया कि हर साल होने वाले बाबा के उर्स मुबारक के मौके पर क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के जायरीनों की भीड़ लगती है। शुक्रवार को फातिहा ख्वानी के बाद उर्स का समापन हो गया। इस दौरान हाजी लियाकत उर्फ भूरे भाई,मो शारिक,ज़ियाउल मुस्तफा,फरदीन खान,परवेज खान,अमन,मुन्ने खान, असलम खान,जलालुद्दीन, आरिफ, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रानीगंज बासखेड़ा मे गाँव की समस्या गाँव में समाधान चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के गाँव रानीगंज बासखेड़ा में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने मिशन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई दोनों गाँव में चौपाल लगाकर गाँव की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान कराने का अस्वाशन दिया चौपाल के दौरान लोगों ने गांव की तमाम समस्याएं बताईं एक समस्या लिखित रूप में राजस्व विभाग से संबंधित आई है जिसको संबंधित उच्च अधिकारियों को निस्तारण हेतु दिया जाएगा कार्यक्रम में जन कल्याण सुरक्षा संघ के कलीनगर तहसील अध्यक्ष बृजेश सिंह तहसील सचिव भूपराम पासवान महिला जिला अध्यक्ष चंद्रकांता महिला नगर कानूनी सलाहकार पीलीभीत एडवोकेट होशियार सिंह, नगर सचिव पीलीभीत छाया देवी ग्राम अध्यक्ष जमुनिया खास हरिशंकर यादव ग्राम प्रधान मथना जप्ती भारत लाल पूर्व प्रधान चौखे लाल राजपूत जगदीश कुमार वर्मा प्रशांत कुमार गुड्डू संजय कुमार भगवान दास रामचंद्र महेश कुमार आसाराम प्रेम शंकर मोथेलाल वीर बहादुर महिपाल वर्मा धर्मपाल प्रेम राज मोहित दयाराम सहित आज लोग उपस्थित रहे।

## गौवंश को बचाने के चक्कर मे पेड़ से टकराई बस, कई गंभीर

पूरनपुर। मोहनपुर चौराहे पर पलिया से दिल्ली जा रही बस ने गोवंश को बचाने के चक्कर में बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य सवारिया मामूली रूप से चोटिल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। एक सवारी के चोट गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया हादसे के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गई। सभी सवारियां बस से उतर गईं। हादसे में मोहम्मद माज पुत्र रशीद बिजुरिया, अमित पुत्र रामप्रसाद ढकिया, शीतल पुत्री हरि नारायण भूढा, निशा पुत्री हरिकिशन सरिया पारा जनपद लखीमपुर घायल हो गए। अन्य सवारियों को भी मामूलीचोट आईं। चारों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया।इस दौरान मोहम्मद माज के चोट अधिक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बस के क्षतिग्रस्त होने से मामूली रूप से घायल सवारियां दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना हो गए। कुछ लोग घरों को वापस लौट गए। हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन तुरंत पहुंचे और स्थिति को संभाला ।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर जेठ ने किया दुष्कर्म का प्रयास, चप्पलों से पिटाई कर घर से निकला

पूरनपुर। नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती की शादी 9-05-2022 में थाना शेरगढ़ बरेली के रहने वाले एक युवक के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज़ दिया था। आरोप है शादी के कुछ दिनों के बाद से ही पति के अलावा जेठ जेठानी व ननंद कम दहेज का ताना देकर मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे और अतिरिक्त दहेज़ में कार और पाँच लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप है इसी को लेकर पीड़िता के जेठ ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उक्त लोग मारपीट करते थे और पानी में बिजली का करंट छोड़कर जान से मारने का प्रयास भी किया। मोहल्ले के लोगों के सामने चप्पल से पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के परिजनों ने उक्त लोगों को समझाने का काफी प्रयास किया पर वह लोग नही माने। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार दोपहर 3 बजे कोतवाली प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर पीस मीटिंग का हुआ आयोजन

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत थाना घुघंचाई में शुक्रवार दोपहर 2:30 पर आगामी त्यौहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीस मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान पीस मीटिंग में सभी धर्मों के लोग एवं धर्मगुरु मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने सभी से भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की और किसी भी तरह की समस्या आने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की है।

## धान की रोपाई का समय अनुकूल किसान जल्द से जल्द करें धान की रोपाई : जिला कृषि अधिकारी

पीलीभीत।जनपद में मानसून के चलते बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। किसानों अपने अपने खेतों में धान की रोपाई की तैयारी में जुट गए हैं।पीलीभीत,बीसलपुर, अमरिया, पूरनपुर,कलीनगर तहसील क्षेत्र के कुछ किसानों ने धान की रोपाई शुरू भी कर दी है।किसानों का कहना है। कि इस बार बारिश का समय से शुरुआत होने के कारण धान की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अगर जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर की बात करें तो सर्वाधिक धान की फसल की पैदावार पूरनपुर तहसील क्षेत्र में ही होती है। इसलिए पूरनपुर को मिनी पंजाब भी कहा जाता है। किसान लगातार कई दिनों से अपने धान की रोपाई में जुट गए हैं। अभी लगभग 20% धान की रोपाई का काम पूरा हो चुका है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों के लिए अभी समय काफी पर्याप्त है।

# ग्राम पंचायत नवदिया धनेश में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही है जमकर धज्जियां

**गांव की गलियों में लगा गंदगी का अंबार सफाई कर्मचारी गायब नालियों से वह रहा हैं। गंदा पानी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नवादिया धनेश में उड़ाई जा रही हैं जमकर स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार लगातार स्वच्छ भारत अभियान के तहत लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके गांव को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन उनके ही सरकार में तैनात कर्मचारी इस अभियान को लेकर सजग दिखाई नहीं दे रहे हैं।गांव-गांव स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है। गांवों की साफ-सफाई के लिए लाखों रुपये प्रतिमाह सफाई कर्मियों के मानदेय में खर्च किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों की मनमानी से गांव की गंदगी नहीं हट रही है।पूरनपुर ब्लाक के गांव नवदिया धनेश में सफाई कर्मी के नियमित नहीं आने से गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियां पूरी तरह से चोक है। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। लोगों को आवगमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसे लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। नालियों में गंदगी भरी रहने से संक्रामक रोगों का फैलने का खतरा बना हुआ है। अगर जल्द ही इन नालियों की सफाई नहीं की गई तो ग्रामीण मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में जाकर शिकायत करके कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

# बसपा की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। बसपा की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की बूथ और सेक्टर को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया बहुजन समाज पार्टी की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य मंडल प्रभारी राम स्नेही गौतम ने की कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों को गिनाया बरेली मंडल के प्रभारी राम स्नेही गौतम ने कहा कि बसपा संगठन को मजबूत करने में जुटी है। उन्होंने बूथ और सेक्टर की प्रभावी तैयारी और समीक्षा पर जोर दिया मुख्य मंडल प्रभारी और जिला अध्यक्ष राम स्नेही गौतम और जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से ही मायावती के संकल्प साकार होंगे और मायावती पांचवीं बार मुख्यमंत्री बन सकेगी निश्चित रूप से जनता अवकी वार 2025 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करेगी। कार्यक्रम में विधान सभा प्रभारी गणेश गोतम, महेश सागर, वि0स0 अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, जिला कार्यकारिणीसदस्य प्रदीप सागर, गोपल जीत, छेदालाल गौतम, याकूव मंसूरी, अकील सलमानी, ओमप्रकाश, होरी लाल विनोद कुमार शर्मा, लोक राम गौतम, कन्हैया लाल, सुनील कुमार, राधेश्याम गौतम, झण्डू सिंह सरोज आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम मे बढ़ाया उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को एक दिन विगत तीन वर्षों से भूखे जरूरतमंदो को मुफ्त खाना खिलाने का सिलसिला जारी है। देर शाम बृहस्पतिवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय व रेलवे-स्टेशन पर गुरुवार की शाम राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा संचालित निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत युग तेवर के संपादक एवं वरिष्ठ साहित्यकार कमल नयन पाण्डेय ने जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन की थाली वितरित कर कहा, अगर जीवन को सही अर्थ देना है, तो समाज सेवा जैसे कार्यों से जुड़ना चाहिए। सप्ताह में एक दिन हम अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों, तीमारदारों और रेलवे स्टेशन परिसर में ठहरे आश्रयहीन यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराते हैं, ताकि वे कुपोषण के शिकार न हों। उन्होंने यह भी बताया कि यह सेवा गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन के माध्यम से की जा रही है, जिसे संगठन पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य से तन, मन और धन से जुड़कर अपनी क्षमतानुसार योगदान दें। वही उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा मंत्री एवं जिला ओलंपिक संघ के महासचिव पंकज दूबे ने रेलवे स्टेशन परिसर में भूखे यात्रियों और जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर कहा सगठन मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा।

## रवायती अंदाज में निकला पहली मोहर्रम का जुलू

ससुल्तानपुर। शुक्रवार को मुहर्रम का पहला जुलूस रवायती अंदाज मे निकाला गया. यह जुलूस शहर के परंपरा गत रास्ते से गुजरा इस दौरान पुलिस प्रशासन व नगर पालिका की ओर से पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी.मिली जानकारी के अनुसार मुहर्रम का पहला परंपरागत जुलूस शहर के डीहवा से निकाला गया. आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पुलिस महकमे व नगर पालिका प्रशासन ने अपनी तैयारी दुरुस्त की थी. प्रभारी इंस्पेक्टर यदुवीर सिंह दरोगा रजत पांडेय विनय कुमार सिंह हरेंद्र सिंह सुखदेव सिंह सुशील द्विवेदी दलबल के साथ मौजूद रहे.उप जिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी क्षेत्राधिकारी प्रशांत सिंह ने व्यवस्थाओ का जायजा लिया वही आयोजकों से चर्चा की.अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज के निर्देश पर सफाई इंस्पेक्टर अधूलिका सिंह ने दर्जनों कर्मियों को लगाकर जुलूस मार्ग मे साफ सफाई संपन्न करवाई।

# यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम गत बैठक में समिति द्वारा दिये गये निर्देशों की कार्यवाही की समीक्षा की। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि जनपद में जितने भी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं अगर अभी तक वहां पर साइनेज बोर्ड तथा रबंल स्ट्रिप नहीं बनवाएं गये हैं तो तत्काल बनवाया जाय। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसियों द्वारा स्कूलों के पास साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाय तथा सड़कों पर निर्धारित गति सीमा के बोर्ड लगाया जाय। उन्होंने कहा कि लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों का चालान किया जाय। कस्बों बाजरों आदि में सड़कों पर हुये अवैध अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया। जनपद में जितने भी जेसीबी व हाइड्रा मशीने हैं उनको चिन्हित कर उनके चालकों का हैवी ड्राइविंग लाइसेंस बना है कि नहीं इसकी जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाय तथा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए जो गाड़ियां लगी हों उनकी फिटनेस आदि की जांच अनिवार्य रूप से की जाय तथा अनफिट पाई गई गाड़ियों का तत्काल चालान कर उन्हें सीज करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटना को न्यून करने के लिए आवश्यक है कि सड़क सुरक्षा के नियमों को कड़ाई से लागू किए जाए लोगों से यातायात नियमों का पालन कराया जाय। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिर अंतरिक्ष में दस्तक

अमेरिका के एक्सियम-4 मिशन में तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिये भारतीय शुभांशु शुक्ला का रवाना होना, निश्चय ही भारत के लिए अंतरिक्ष में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह गर्व की बात है कि स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा के अंतरिक्ष में कदम रखने के 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में पहुंचा है। दरअसल, ह्यूस्टन स्थित एक्सियम स्पेस नामक अमेरिकी कंपनी ने यह मिशन नासा व स्पेस एक्स के साथ मिलकर शुरू किया है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ पौलेंड, हंगरी व अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री भी हैं। यूं तो अंतरिक्ष यात्रियों में कल्पना चावला व सुनीता विलियम्स का नाम लिया जाता है, लेकिन वे भारतीय मूल की थीं, भारतीय नहीं। दरअसल, एक्सियम-4 का सफल प्रक्षेपण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे भारत के महत्वाकांक्षी मानव मिशन गगनयान की पहली सीढ़ी माना जा रहा है। इस मिशन के अनुभवों से गगनयान अभियान की सफलता में मदद मिलेगी। दरअसल, गगनयान भारत का पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2027 में अंतरिक्ष मिशन पर भेजा जाना है। एक्सियम-4 मिशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए समझौते ने गति दी थी। जिसके चलते हम चार दशक बाद किसी दूसरे भारतीय को अंतरिक्ष में भेजने में सफल हो सके। कई तकनीकी कारणों से इस उड़ान में विलंब हुआ, लेकिन अंततरू अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण संभव हुआ। दरअसल, गगनयान के अलावा इसरो भारत के कई महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों पर तेजी से काम कर रहा है। इसमें वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और किसी भारतीय को चांद पर भेजना शामिल है। एक्सियम-4 मिशन को इन्हीं महत्वाकांक्षी अभियानों की आधारशिला बताया जा रहा है। एक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को जो अनुभव मिलेंगे, उसका लाभ हमारे भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों को कामयाब बनाने में मिलेगा, क्योंकि इसरो को अभी तक अंतरिक्ष में मानव मिशन का अनुभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 में भारतीय वायुसेना के अधिकारी राकेश शर्मा ने तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ दिन बिताए थे। अब इस कड़ी में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का नाम भी जुड़ गया है। जिनका अनुभव निकट भविष्य में होने वाले अंतरिक्ष मिशनों में मददगार साबित होगा। निस्संदेह, पिछले एक दशक में भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। चंद्रयान और मंगलयान अभियान की सफलता ने इसरो की क्षमताओं को प्रदर्शित किया है। मोदी सरकार का आत्मनिर्भरता पर जोर स्वदेशी तकनीक और लागत प्रभावी समाधानों के जरिये रहा है। भारत की कोशिश है कि मानवयुक्त उड़ानों के लिये उसे अमेरिका व रूस पर निर्भर न रहना पड़े। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें चीन हमसे आगे है। भारत का महत्वाकांक्षी गगनयान अभियान इसी दिशा में इसरो की पहल है, ताकि भारत भी रूस, अमेरिका व चीन के समकक्ष वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभर सके। इसी कड़ी में भारत 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की भी महत्वाकांक्षा रखता है। ये असंभव नहीं है, लेकिन अभी हमें इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। दरअसल, एक्सियम-4 मिशन इसरो के लिये अनुसंधान के दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है। आईएसएस पर वैज्ञानिक अध्ययन व अनुसंधान की गतिविधियों में दुनिया के लगभग तीस देश शामिल होंगे। निस्संदेह, भारत को इस स्थिति का पूरा लाभ उठाना चाहिए। ताकि भविष्य में स्वदेशी मिशनों में ये अनुभव लाभदायक साबित हो सके। उल्लेखनीय है कि शुभांशु शुक्ला समेत एक्सियम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे किस तरह उगते हैं, पर भी अध्ययन करेगी। साथ ही यह जानने की कोशिश होगी कि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण शून्य होने पर पौधे कैसे उगते हैं। साथ ही इन पौधों में धरती के पौधों से इतर कई विशेषताएं होंगी। दरअसल, इस मिशन के दौरान साठ से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किये जाने हैं। भारत के वैज्ञानिकों ने सात प्रयोगों का सुझाव दिया है।

# बेटियों के लिये मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। जन्म से पहले ही पता चल जाए कि लड़की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी।**

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। 'द इकोनॉमिस्ट' द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है, और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है। वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिये लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। इक्कीसवीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिये अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। जन्म से पहले ही पता चल जाए कि लड़की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लगता रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? लेकिन अब इस संकीर्ण सोच में बदलाव आना एक सुखद संकेत है। अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है, इसे बदलने में अभी भी लम्बा सफर तय करना होगा। बालिकाएं पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 ( 2019-21 ) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता-पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। लड़कियों को भावनात्मक लगाव या घरेलू स्थिरता के लिये तो महत्व दिया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पोषण, शिक्षा या विरासत तक उन्हें समान पहुंच दी जाए। भारतीय समाज में दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं आज भी बेटी के माता-पिता की बड़ी चिंता बनी रहती हैं। परंपरावादी समाज में यह धारणा बलवती रही है कि बेटियां दूसरे परिवार की हैं। यही वजह है कि ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों में लड़कियां हाशिये पर रख जाती हैं। लेकिन इसके बावजूद भारत को लिंग समानता के वैश्विक आंदोलन की किसी भी तरह अनदेखी नहीं करनी चाहिए। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 वैश्विक लैंगिक अंतर का आकलन और तुलना करने के लिए एक समझने योग्य ढांचा प्रदान करके और उन देशों को उजागर करके जो इन संसाधनों को महिलाओं और पुरुषों के बीच समान रूप से विभाजित करने में रोल मॉडल हैं, रिपोर्ट अधिक जागरूकता के साथ-साथ नीति निर्माताओं के बीच अधिक आदान-प्रदान के लिए उत्प्रेरक का काम करती है। भारत में समान संपत्ति अधिकार लागू करने, दहेज प्रथा की कुरीति को समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। तभी भारतीय समाज में लिंगभेद की मानसिकता खत्म होगी और लैंगिक समानता की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही देश में तेजी से बढ़ती बुजुर्गों की आबादी के लिये बालिकाएं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आधार बन सकेगी। **–ललित गर्ग**

# चीन की धरती से भारत का आतंकवाद पर दुनिया को कड़ा संदेश

**मृत्युंजय दीक्षित**

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले का कोई विवरण नहीं था। यह पाकिस्तान तथा चीन दोनों की उपस्थिति में आतंकवाद तथा उसके वित्त पोषकों और परोक्ष सहयोगियों का किसी भी प्रकार से बचाव व महिमामंडन करने वाले राष्ट्रों को कड़ा संदेश है। भारत के आतंकवाद के विरुद्ध इस दृढ़ता की चर्चा विश्वव्यापी हो गई है। गलवान की घटना व मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिरोध के बाद भारत के रक्षमंत्री व एनएसए अजीत डोभाल की यह पहली चीन यात्रा थी। जब भारत की यह दोनों हस्तियां चीन की यात्रा पर जा रही थीं तब विश्लेषक अनुमान लगा रहे थे कि इस यात्रा से दोनों देशों के मध्य बनी दूरियों में कुछ कमी आएगी, किंतु ऐसा नहीं हुआ । एससीओ की बैठक के बाद संयुक्त घोषणापत्र के विषय चयन से तनाव कम होने के स्थान पर बढ़ता दिखाई दे रहा है। भारत ने एससीओ के संयुक्त घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया से विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। भारत ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में संयुक्त घोषणापत्र पर इसलिए हस्ताक्षर करने से मना कर दिया क्योंकि इसमें 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख तक नहीं किया गया है जिसमें 26 निर्दोष लोगों का धर्म पूछकर मारा गया था। भारत ने साफ कहा कि यह घोषणा पत्र आतंकवाद के विरुद्ध भारत के मजबूत पक्ष को नहीं दिखा रहा है। यह बहुत ही आपत्तिजनक है क्योंकि इसमें पहलगाम की जगह बलूचिस्तान का उल्लेख किया गया है। शंघाई सहयोग संगठन का घोषणापत्र ऐसा संदेश दे रहा था कि आतंकवाद से सबसे अधिक पीड़ित पड़ोसी पाकिस्तान है और बलूचिस्तान में अशांति पैदा करने के लिए भारत जिम्मेदार है। शंघाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन में वर्तमान में दस सदस्य देश शामिल हैं जिसमें बेलारूस, चीन, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। यह संगठन 2001 में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया थे। संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन पहुंचे थे। संयुक्त घोषणापत्र आने के पूर्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमापार आतंकवाद का प्रयोग नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी चुनौतियां शांति ,सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित है।इन समस्याओं का मूल कारण बढ़ती कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद है।शांति समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते।उन्होंने कहा कि सरकार से इतर तत्वों और आतंकवदी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार सौपने के साथ शांति नहीं रह सकती। रक्षामंत्री ने कहाकि इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित,पोषित तथा प्रयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अब आतंकवाद का शिकार नहीं रहेगा। अब भारत आतंकी कृत्यों के उत्तर में सैन्य शक्ति और कूटनीति दोनों स्तरों पर उत्तर देगा।रक्षामंत्री ने फिर एक बार स्पष्ट कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। रक्षामंत्री से पूर्व भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने भी बैठक में वक्तव्य दिया और आतंकवाद से जुड़े सभी विषयों की चर्चा की । शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में संयुक्त हस्ताक्षर के लिए जो घोषणापत्र तैयार किया गया उससे साफ पता चलता है कि चीन अब पूरी ताकत के साथ हर मंच पर पाकिस्तान के पक्ष में कूटनीतिक बिसात बिछा रहा है। इसी बीच समाचार आ रहा है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अब ब्रिक्स समूह के शिखर सम्मेलन में भी नहीं जाएंगे।

## सेहत मंत्र

# फॉलेट से भरपूर चुकंदर है खास, प्रेगनेंसी और ब्लड प्रेशर में मिलते हैं लाभ

चुकंदर में इतने ढेर सारे पोषक तत्व होते हैं कि इसके फायदों को जानकर हैरानी होती है। इसमें मौजूद सभी तत्व शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसके सेवन से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है और खून की कमी पूरी होती है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है इसलिए ये कई बीमारियों और गर्भावस्था की कई समस्याओं में बहुत फायदेमंद है। इसे सलाद में कच्चा भी खाया जा सकता है और सब्जियों में पकाकर भी लोग खाते हैं। इसके अलावा चुकंदर के जूस को काफी गुणकारी माना जाता है। इसे खाने या पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। आइये आपको बताते हैं कि चुकंदर किस तरह आपके लिए फायदेमंद है। चुकंदर में फॉलिक एसिड की मात्रा भरपूर होती है। ये तत्व शरीर के लिए जरूरी है क्योंकि ये कैंसर और हार्ट अटैक की आशंका को कम करता है। प्रेगनेंसी के दौरान महिलाओं को फॉलिक एसिड वाले आहार खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये बर्थ डिफ़ेक्ट्स से बचाता है। हमारे शरीर को एक दिन में लगभग 180 से 400 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत होती है, वहीं गर्भवती महिलाओं को 400 से 800 माइक्रोग्राम फॉलिक एसिड की जरूरत पड़ती है। गर्भावस्था में फॉलिक एसिड की जरूरत आम दिनों से दोगुनी हो जाती है क्योंकि फॉलिक एसिड शिशु की निर्माण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार समय से पहले प्रेगनेंसी के मामले में भ्रूण के एम्बायरोज न्यूरल ट्यूब में कुछ परेशानी हो जाती है, तो भ्रूण का विकास ठीक से नहीं होता है। यही ट्यूब आगे जाकर बच्चे के स्पाइनल कॉर्ड और मस्तिष्क के रूप में विकसित होता है। फॉलिक एसिड की कमी के कारण बच्चा शारीरिक या मानसिक रूप से कमजोर पैदा हो सकता है या ऐसा भी हो सकता है कि उसके किसी अंग का पूरा विकास न हो पाया हो।

## धर्म मंत्र

# घर पर है बुरा साया या परेशान हैं राहु दोष से तो करें गोमूत्र के उपाय

हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है। ग्रंथों के अनुसार गाय में अनेक देवी-देवता निवास करते हैं इसलिए इसके गोबर और मूत्र को भी पवित्र कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, गाय के गोबर और मूत्र में देवी लक्ष्मी निवास करती हैं। इसलिए पूजा-पाठ में भी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग किया जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रफुल्ल भट्ट के अनुसार, ज्योतिष शास्त्र में भी गोमूत्र के अनेक उपाय बताए गए हैं, जिनसे अनेक समस्याओं का समाधान हो सकता है। ये उपाय बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति इन्हें आसानी से कर सकता है। जानिए कौन-से गोमूत्र के वो उपाय 1. अगर किसी घर में नेगेटिव एनर्जी यानी ऊपरी शक्ति का असर है तो वहां रोज सुबह-शाम गंगा जल में गोमूत्र मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। इससे बुरी शक्ति उस घर को छोड़कर जाती है। 2. घर में वास्तु दोष या किसी की नजर लगी तो भी गोमूत्र का छिड़काव करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। 3. जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु अशुभ स्थान पर हो, उसे रोज पानी में गोमूत्र की कुछ बूंदे मिलाकर नहाना चाहिए। इससे राहु का दोष कम हो सकता है। 4. अगर किसी व्यक्ति पर बुरी शक्ति का प्रभाव है तो उस पर भी गोमूत्र छिड़कना चाहिए या उसे गोमूत्र का तिलक लगाना चाहिए। 5. नए घर में प्रवेश करने से पहले वहां गोमूत्र छिड़कने से सभी प्रकार के दोषों का निवारण हो जाता है।

## पर्यटन



# दुनिया के इन 7 देशों में सबसे ज्यादा घूमने जाते हैं लोग

हम में से बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिनका सपना विदेश घूमने का होता है।ऐसे में किसी का सपना पूरा हो गया है तो किसी का सपना अभी तक हकीकत में नहीं बदल पाया है।आज हम आपको बताने जा रहे हैं दुनिया के ऐसे 7 देश जहां सबसे ज्यादा पर्यटक घूमने जाते हैं। **फ्रांस**: घूमने-फिरने के लिहाज से सबसे पसंदीदा देश है फ्रांस। यहां सालाना करीब 8 करोड़ टूरिस्ट आते हैं। एफिल टॉवर से लेकर डिज्नीलैंड पेरिस तक कई खूबसूरत जगहों को देखना चाहते हैं तो फ्रांस की टूर प्लॉन कर सकते हैं। फ्रांस उन यूरोपीय देशों में शामिल है जो अपने पड़ोसी देशों के सीमाओं पर ज्यादा पाबंदी नहीं लगाता। यानी आप बॉर्डर के उस तरफ आसानी से आ जा सकते हैं। **मैक्सिको**: साउथ अमेरिका और यूएसए के बीच बसा मैक्सिको मिला-जुला देश है। यहां कोई अलग संस्कृति नहीं है, पड़ोसी देशों का इस पर काफी प्रभाव है। यहां कई खूबसूरत बीचेस हैं और सबसे बड़ी बात यहां के लोग अपने मेहमानों को दिल खोलकर स्वाागत करते हैं। **अमेरिका**: भारतीयों का सबसे पसंदीदा फॉरेन प्लेस अगर कोई है, तो वो है अमेरिका। न्यूयॉर्क, लॉस वेगास, लॉस एंजेल्स, फ्लोरिडा जैसे कई खूबसूरत शहर हैं जहां आप अपना दिन बना सकते हैं। यहां की नाइटलाइफ का अलग ही मजा है। यहां सालाना 7 करोड़ पर्यटक आते हैं जिसमें भारतीयों की संख्या भी काफी ज्यादा है। **स्पेन**: छुटि्यां बिताने का सबसे कूल डेस्टिनेशन है स्पेन। यहां खूबसूरत बीचेस भी हैं, तो फ़ेमस आईलैंड भी जहां घूमने का सपना हर किसी का होता है। अबकी बार कभी फॉरेन टूर प्लॉन करें तो स्पेन बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। यहां आप एक बार नहीं बार-बार आना पसंद करेंगे। **चीन**:दुनिया में सबसे ज्याबदा आबादी वाले देश चीन में भी काफी संख्याो में टूरिस्टस आते हैं। यहां सालाना करीब 5 करोड़ टूरिस्टम चीनी संस्कृति को समझने उनके देश आते हैं। चीन की दीवार तो विश्वट प्रसिद्ध है, एक बार तो इसे देखना बनता ही है। **इटली**: यूरोप के खूबसूरत शहरों में शामिल इटली का इतिहास, कल्चैर, आर्ट और म्यूरजियम तो विश्व प्रसिद्ध है। वेनिस हो या रोम, इटली के कई शहर आपको आकर्षित करते हैं। यहां साल में लगभग 5 करोड़ टूरिस्टस तो आ ही जाते हैं। इटली में घूमने-फिरने के लिए कई फ़ेमस स्पॉरट हैं। **यूके**: यूनाइटे किंगडम यानी यूके की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह सबसे पसंदीदा टूरिस्ट् प्लेसेज में नहीं गिना जाता। यहां कुछ चुनिंदा जगहें ही हैं, जहां आप इंज्वॉय कर सकते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो यूके में सालाना करीब 3.4 करोड़ विदेशी पर्यटक आते हैं।

# गन्ने की खेती कृषि क्षेत्र में समृद्धि ला सकती है : डीएम

## किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और योजनाओं की दी जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज तहसील हैदरगढ़ स्थित बलरामपुर चीनी मिल परिसर में आयोजित ''गन्ना किसान समृद्धि गोष्ठी'' में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा विभागीय गतिविधियों की जानकारी देते हुए खेती को लाभकारी बनाने के सुझाव दिए।किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गन्ने की खेती किसानों की आय बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाकर समृद्धि ला सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का निरंतर प्रयास है कि किसानों को अधिकतम लाभ मिले। माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं लागू कर रहे हैं।जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ अत्याधुनिक कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक विधियों को अपनाएं, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर सब्सिडी दी जा रही है। और इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू आज शुरू हुई है। किसान भाई इस पोर्टल पर पंजीकरण कर अत्यल्प लागत पर सरकार द्वारा अनुदान के माध्यम से कृषि यंत्रों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

गोष्ठी के दौरान जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी और जिला उद्यान अधिकारी ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान सीजीएमकॉरपोरेट ऑफिस बलरामपुर ग्रुप अरविंद सिंह, सीजीएम हैदरगढ़ मिल श्री विनोद यादव, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला गन्ना अधिकारी श्री दुष्यंत कुमार, जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा उपाध्याय, एसडीएम हैदरगढ़ शम्स तबरेज खां, तहसीलदार शशांक उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# रामनगर क्षेत्रवासियों को सहज मिलेगी औषधियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। रामनगर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ शुभारंभ हुआ।जिसका उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी द्वारा किया गया।इस केंद्र के माध्यम से अब लोगों को उच्च गुणवत्ता की दवाएं सस्ती दरों पर मिलेंगी।फार्मासिस्ट निलेश कुमार द्वारा संचालित यह केंद्र खासतौर पर गरीब मध्यमवर्ग और बुजुर्ग मरीजों के लिए लाभकारी होगा।इस कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक प्रणव श्रीवास्तव सहित भाजपा कार्यकर्ता कमलेश शुक्ल पुष्कर मिश्रा गणमान्य नागरिक व स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।

# हरे-भरे आम के वृक्षों की अवैध कटाई से आहत हुआ प्रकृति का हृदय

## ग्रामीणों की सजगता से वन विभाग ने दर्ज की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी प्रकृति की शांति को उस समय गहरी ठेस पहुँची जब कस्बा इचौली में बिना अनुमति दो हरे-भरे आम के पेड़ों को बेरहमी से काट दिया गया। यह घटना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति हमारी जिम्मेदारी पर भी सवाल खड़ा करती है। ग्रामीणों की जागरूकता और तत्परता ने इस अवैध कृत्य को समय रहते रोककर प्रकृति की रक्षा की एक मिसाल पेश की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इचौली निवासी आशा राम मौर्य की निजी भूमि पर वर्षों पुराने आम के दो पेड़ खड़े थे, जिन्हें उन्होंने अरुवा गांव के लकड़ी ठेकेदार रामदीन को बेच दिया था। गुरुवार रात्रि को ठेकेदार ने बिना वन विभाग की अनुमति के पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। पेड़ काटने की आवाजें सुनकर जागरूक ग्रामीणों को शंका हुई और उन्होंने तत्क्षण पुलिस तथा वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक मनजीत सिंह और वनरक्षक प्रवीण तिवारी मौके पर पहुंचे और जांच की। जब ठेकेदार से वैध परमिट दिखाने को कहा गया, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर वन विभाग ने तत्काल मापन कर कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ की। वन अधिनियम के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुए ठेकेदार रामदीन और भूमि स्वामी आशा राम मौर्य के विरुद्ध विभागीय मुकदमा दर्ज किया गया। वनरक्षक प्रवीण तिवारी ने बताया कि ''बिना अनुमति किसी भी पेड़ की कटाई न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह हमारी धरती माँ के खिलाफ किया गया एक क्रूर प्रहार है। आज जब जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान और घटते हरियाली के कारण पूरा विश्व चिंतित है, ऐसे में प्रत्येक पेड़ का जीवन बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आम का पेड़ न केवल फल देता है, बल्कि पक्षियों का घर, छांव का स्रोत और कार्बन को अवशोषित करने वाला प्रकृति का प्रहरी भी होता है।

प्रकृति हमसे पुकार कर कह रही है मुझे मत काटो, मुझे बचाओ। और इस पुकार की रक्षा में ग्रामीणों का यह साहसिक कदम एक प्रेरणास्रोत है।

# मोहर्रम को लेकर बाराबंकी-अयोध्या सीमा पर पुलिस सतर्क

## शांति व्यवस्था बनाए रखने को पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी मोहर्रम पर्व को लेकर बाराबंकी और अयोध्या जिले की सीमा पर स्थित संवेदनशील गांवों में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना टिकैतनगर क्षेत्र के अंतर्गत खंड पिपरा गांव में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस संयुक्त बैठक में दोनों जिलों के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों से संवाद कर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। खंड पिपरा और साहपुर,नियामत पुर जैसे गांव दो जिलों की सीमा पर स्थित हैं, जहां प्रशासनिक और थाना क्षेत्रीय व्यवस्थाएं अलग-अलग हैं। उदाहरणस्वरूप साहपुर गांव अयोध्या जिले में आता है, लेकिन थाना बाराबंकी के टिकैतनगर के अंतर्गत है। ऐसे क्षेत्रों में त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता आवश्यक मानी जाती है। बैठक की अध्यक्षता बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट सर्किल के क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने की। वहीं अयोध्या जिले की ओर से रुदौली सर्किल के क्षेत्राधिकारी आशीष निगम भी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहे। सीओ जटाशंकर मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व पर सीमावर्ती गांवों में शांति बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। दोनों जिलों की पुलिस समन्वय के साथ कार्य कर रही है। किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें। सभी समुदायों को मिल-जुलकर त्योहार मनाना चाहिए, यही सामाजिक एकता की असली पहचान है। सीओ रुदौली आशीष निगम ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और रुदौली सर्किल के सभी संवेदनशील गांवों में लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश को सख्ती से रोका जाए। नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखने में सभी की भूमिका अहम होती है। इसके अतिरिक्त टिकैतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय, अयोध्या जिले के पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव, सुखीपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मजार के पास चाकू लहराते पकड़ा गया युवक, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा इचौली में गुरुवार को एक युवक को मजार के पास संदिग्ध परिस्थितियों में धारदार हथियार (चाकू) के साथ घूमते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

उपनिरीक्षक मंदीप सिंह गुरुवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा इचौली में एक युवक मजार के पास संदिग्ध अवस्था में एक धारदार चाकू के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को घेराबंदी करके पकड़ लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नामरहमतउल्लाह पुत्र झंझडू हलवाई निवासी मोहल्ला शेखाना, कस्बा इचौली बताया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोहे का अवैध चाकू बरामद हुआ, जो कि किसी भी प्रकार से वैध नहीं था और बिना किसी कारण वह इसे लेकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहा था। पुलिस ने बरामद चाकू को जब्त करते हुए रहमतउल्लाह के खिलाफ भारतीय शस्त्र अधिनियम (आर्म्स एक्ट) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल रत्नेश पांडेय ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के मजार के पास संदिग्ध अवस्था में चाकू लेकर घूमने के उद्देश्य की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में तो नहीं था।

## सीडीपीओ ने सम्भाला कार्यभार

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अनिल कुमार ने सीडीपीओ पद का कार्यभार संभाला। यहां पर तैनात सीडीपीओ सुलेखा यादव का सुल्तानपुर ट्रांसफर हो गया था। समाचार विवरण के अनुसार बहराइच जनपद से आए अनिल कुमार ने ब्लाक रामनगर में स्थित बाल विकास पोषाहार परियोजना कार्यालय पहुंचकर सीडीपीओ के पद पर कार्यभार संभाला । तथा यहां पर तैनात कर्मचारियों का परिचय लिया। उसके बाद रखरखाव संबंधित अनेक जानकारियां लेते हुए समय से कार्य पूरा करने के लिए दिशा निर्देशित दिया।

## अन्नपूर्णा भवन निर्माण में सुस्ती बीडीओ ने चेताया

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड बनीकोडर में अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। बीडीओ डॉ विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वित्त वर्ष में पांच अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण होगा, जिनमें से रामपुर और किठूरी में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कंधईपुर में निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है, लेकिन शेष पंचायतों को चिन्हित कर निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन की लागत लगभग 8 लाख 25 हजार रुपये होगी।पिछले वित्तीय वर्ष में फतेहगंज, हकामी, सकतपुर, मानपुर मकोहिया और खुशेहटी में अन्नपूर्णा स्टोर बनकर तैयार हो गए हैं।अन्नपूर्णा भवन का उद्देश्य राशन वितरण प्रणाली को मजबूत करना और ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाना है। प्रत्येक भवन में एक गोदाम और वितरण केंद्र दोनों शामिल होंगे।

## कर्बला मार्ग का सुंदरीकरण प्रारंभ ग्रामीणों में खुशी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत औरेला में ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन ने गांव से कर्बला तक का रास्ता सुधारने की पहल की है। गांव से कर्बला तक 230 मीटर लंबे मार्ग पर खड़ंजा लगाने का काम शुरू हो गया है।शुक्रवार को ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन खुद मजदूरों के साथ खड़ंजा लगाने के काम में जुटे नजर आए। उन्होंने बताया कि गांव के बाग तक पहले से रास्ता बना हुआ था। लेकिन वहां से कर्बला तक का रास्ता बेहद खराब स्थिति में था।मुकाम हुसैन ने कहा कि मोहर्रम के जुलूस में करीब 40 हजार से अधिक लोग शामिल होते हैं। खराब रास्ते की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी को देखते हुए ग्राम पंचायत की ओर से यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। खड़ंजा लग जाने से मोहर्रम जुलूस में शामिल होने वाले लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी।

## संगीतमई कथा आनंद विभोर ग्रामवासी

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लोहटी पसई में ग्रामीणों द्वारा 23 जून से 29 जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।श्रीअयोध्याजी पुरी से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक वेदप्रकाश बाजपेयी जी प्रतिदिन दोपहर 3 से 5 बजे एवं रात्रि 7 से 10:30 बजे तक संगीतमई कथा में श्रीकृष्ण लीला धर्म भक्ति और ज्ञान की गूढ़ बातें सरल भाषा में प्रस्तुत कर रहे हैं।शुक्रवार को कथा की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से हुई जिसे देखकर सुनकर हजारों ग्रामीण आनंदित हुए।

## चौपाल आयोजन ग्रामीणों में सुनाई समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ठाकुरपुर और दरिगापुर पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों पंचायतों में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता और सचिव के संयोजन में चौपाल संपन्न हुई।ठाकुरपुर में ग्राम प्रधान विकेश वर्मा की अध्यक्षता और सचिव मनीष शुक्ला के संयोजन में चौपाल हुई। ग्रामवासियों ने नाली की सफाई और जाली लगवाने की मांग रखी। चन्द्रेश कुमार ने सहजराम के घर से बृजेश वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग की मांग की। अमरेश ने धनीराम के घर से शिव शंकर के घर तक इंटरलॉकिंग करवाने का प्रस्ताव रखा। ग्राम सचिव मनीष शुक्ला ने सभी मांगों को कार्य योजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।दरिगापुर में प्रधान प्रतिनिधि हाजी मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता और सचिव वीरेन्द्र तिवारी के संयोजन में चौपाल आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की

## पीड़ित परिवार से मिला समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

**बाँदा।** थाना कालिंजर के ग्राम मुड़ी में अजय खंगार की हुई हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है।गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा अजय खंगार की कथित रूप से हत्या किए जाने की घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करने और वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ग्राम मुड़ी पहुंचा।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर यह प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और घटना की विस्तृत जानकारी जुटाई।प्रतिनिधिमंडल द्वारा इस पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रस्तुत की जाएगी।प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रमुख नेताओं में सपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधुसूदन कुशवाहा,सांसद कृष्णा पटेल,राष्ट्रीय महासचिव विशंभर निषाद,विधायक विशंभर सिंह यादव,एमएलसी डॉ.मानसिंह यादव,पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद,प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार,पूर्व प्रत्याशी किरण वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, नरैनी विधानसभा अध्यक्ष मुन्ना पटेल,पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल,जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव,जिला महासचिव एजाज खान,मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता 'राजा',इंद्रजीत यादव,विवेक बिंदु तिवारी,सुनील कुशवाहा,राजबहादुर कुशवाहा,जुगल किशोर जाटव,सुमन दिवाकर,मौसमी कोरी,ज्ञान सिंह यादव,विक्रम खंगार,अशोक खंगार और नंद किशोर आदि शामिल रहे।प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

## खाद्यान्न माफियाओं का सिंडिकेट उजागर करने पर जान का खतरा

**बाँदा।** जिले के एक सामाजिक कार्यकर्ता और इलेक्ट्रॉनिक न्यूज़ चैनल के पत्रकार रवींद्र नाथ गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर अपनी जान को खतरा बताया है।पत्रकार का आरोप है कि जिला पूर्ति विभाग और खाद्यान्न माफियाओं का गठजोड़ उजागर करने के कारण उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।पत्रकार ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद कुमार स्वर्णकार,राजाभइया द्विवेदी और सुशील शिवहरे पर जान से मारने की धमकी और झूठे मामलों में फंसाने का आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि 2 जून 2025 को राजाभइया द्विवेदी ने उन्हें धमकी दी थी,वहीं 26 जून को सूत्रों से यह जानकारी मिली कि थाना गिरवां की मदद से उनके खिलाफ एक साजिश रची जा रही है।आरोप है कि एक महिला के माध्यम से उन्हें फंसाने की योजना है और पुलिस उन्हें फरार दिखाकर गिरफ्तार करने की तैयारी में है,ताकि माफियाओं के खिलाफ उनकी आवाज को दबाया जा सके।पत्रकार ने सुप्रीम कोर्ट के ''ललित कुमारी बनाम यूपी स्टेट'' मामले का हवाला देते हुए कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# मजलिस-ए-अज़ा का आयोजन, शहादत का ज़िक्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जैदपुर बाराबंकी। मुहर्रम के महीने की पहली तारीख को मज़ार सैयद ज़ैद 'रह' (दादा) में मजलिस-ए-अज़ा का एहतमाम किया गया।मजलिस की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुई, जिसके बाद मनकबत और नौहा खानी का सिलसिला चला। नामवर शायरों और नौहा ख्वानों ने करबला के शहीदों की याद में अपने कलाम पेश किए, जिससे माहौल ग़मगीन हो गया। मौलाना सैयद जौहर अब्बास साहब ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने इमाम हुसैन (अ.स) की कुर्बानी, करबला के हालात, और इस्लामी उसूलों की हिफाजत के लिए की गई जद्दोजहद पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि ल्लकरबला सिर्फ ग़म का नाम नहीं, बल्कि इंसाफ, इंसानियत और हक़ की बुलंदी का पैग़ाम है। इस अवसर पर मौलाना बेगम अब्बास रिजवी सभासद प्रतिनिधि सायंम मेहंदी रिजवी एडवोकेट अली गदीर रिजवी मकासिद मेहंदी रिजवी सैयद जफर हुसैन रिजवी. मौलाना राकिम सहित दर्जनों अजा दारो ने मजलिसे अज़ा में शिरकत की।

# पेयरिंग नीति के विरुद्ध मुख्यमंत्री को मांग पत्र

## मंत्री सतीश शर्मा को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग करने की प्रस्तावित नीति के विरोध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा के माध्यम से प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में इस नीति को छात्र एवं शिक्षक विरोधी करार देते हुए संगठन ने स्पष्ट रूप से विरोध दर्ज कराया। संगठन का मानना है कि यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के भविष्य के साथ घोर अन्याय है। विद्यालयों की जबरन विलय की प्रक्रिया से न केवल शिक्षण संसाधनों में कमी आएगी, बल्कि स्वतः ही शिक्षकों के पदों में कटौती भी सुनिश्चित हो जाएगी, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षक प्रतिनिधियों ने राज्य मंत्री जी को शिक्षा के अधिकार तथा बाल अधिकार अधिनियम के उल्लंघन की जानकारी देते हुए इस निर्णय को वापस लेने की मांग की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में विद्यालयों की पेयरिंग के विरोध में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा को डॉ. राकेश सिंह जनपदीय अध्यक्ष एवं जनपद बाराबंकी के संगठन पदाधिकारियों , शिक्षकों के साथ ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन में शिक्षा के अधिकार अधिनियम में बच्चों को उनके परिवेश में ही प्राथमिक शिक्षा देने की बात कही गयी है। ज्ञापन कार्यक्रम में जनपदीय मंत्री श्री उमानाथ मिश्र, जनपदीय कोषाध्यक्ष श्री राजेश श्रीवास्तव , प्रान्तीय संगठन मंत्री एवं जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र द्विवेदी , जनपदीय उपाध्यक्ष श्रीमती किरन विश्वकर्मा ,जनपदीय संगठन मंत्री/ब्लॉक मंत्री आदर्श कुमार पांडे , मोहम्मद आसिम जी, जनपदीय प्रचार मंत्री/ब्लॉक संयुक्त मंत्री आशुतोष नाथ मिश्रा जी, जनपदीय उपाध्यक्ष श्री ललित वर्मा जी,जनपदीय उपाध्यक्ष डॉ विवेक गुप्ता,जनपदीय मीडिया प्रभारी जय सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष शिव कृष्ण सिंह , हैदरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह , मंत्री कुलदीप मिश्रा , कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष हनुमंत अवस्थी , मंत्री पवन मिश्र , ब्लॉक अध्यक्ष महिला शबाना परवीन, कोषाध्यक्ष प्राची गुप्ता, अतुल यादव, संयुक्त मंत्री सरोजिनी, उपाध्यक्ष अल्पना, सारिका, श्वेता, शांति, अर्चना सिंह, पूनम गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष वर्मा, रोशन लाल यादव, अशोक वर्मा, अजयमिश्रा, विजय नारायण सिंह, मोहम्मद महफूज, अजय शंकर, मोहसिन, मोहम्मद असलम, परमजीत, घनश्याम यादव, निर्मल तिवारी, प्रमोद कुमार, मोहम्मद इमरान, गिरीश कुमार, मोहम्मद हामिद आदि शिक्षकों, जनपदीय पदाधिकारियों एवं ब्लाक सिद्धौर के शिक्कों की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया।

# पहला टी20 मैच: विश्व कप को ध्यान में रखकर इंग्लैंड का सामना करेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी

नॉटिंघम। भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे



कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके अलावा इंग्लैंड इस्सी वोंग, एलिस कैप्सी और सोफिया डंकले जैसी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को भी मैदान में उतारेगा। ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, मंधाना, शैफाली, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को पहले मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# ट्रैविस हेड की जुझारू पारी से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जगाईं उम्मीदें

एजेंसी

ब्रिजटाउन। केनसिंग्टन ओवल में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार (भारतीय समयानुसार) ट्रैविस हेड की जुझारू बल्लेबाजी ने ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में बनाए रखा है। पिच पर तेज गेंदबाजों को लगातार मदद मिल रही है और मैच तीसरे दिन से आगे जाता नहीं दिख रहा।

पहली पारी में वेस्टइंडीज ने 190 रन बनाकर 10 रन की मामूली बढ़त हासिल की थी। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत भी लड़खड़ाई और टीम ने 65 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। हालांकि ट्रैविस हेड और ब्यू वेबस्टर ने मोर्चा संभाला और स्टंप्स तक स्कोर 92/4 तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया को अब तक 82 रन की बढ़त मिल चुकी है। हेड, जिन्होंने पहली पारी में टेस्ट का एकमात्र अर्धशतक लगाया था, दूसरी पारी में रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए टिके रहे। अलजारी जोसेफ की एक गेंद उनकी



बाईं ग्लव पर भी लगी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। दिन का खेल खत्म होने तक हेड 13 रन (37 गेंदों पर) और वेबस्टर 19 रन (24 गेंदों पर) बनाकर नाबाद लौटे। पहले दिन जहां 14 विकेट गिरे थे, वहीं दूसरे दिन भी गेंदबाजों का दबदबा जारी रहा और 10 विकेट गिरे। पिच पर अब भी सीम और मूवमेंट मौजूद है जिससे तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिल रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## एफआईएच प्रो लीग: दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी भारतीय महिला टीम

**बर्लिन।** भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम (एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दो मैच) के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई। भारत अब शनिवार और रविवार को चौथे स्थान पर काबिज चीन के खिलाफ लगातार दो मैचों में जीत के साथ अपने प्रो लीग अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। भारतीय टीम को भले ही लगातार छह हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन उसने यहां अच्छी और आक्रामक हॉकी खेली। लेकिन शुरुआत में मिले मौकों का फायदा उठाने और पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने में असफल रहने के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। दीपिका पर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का बहुत अधिक दबाव था जिससे उनका खेल प्रभावित हुआ। भारतीय मिडफील्ड ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया। सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनलिता टोप्पो, वैष्णवी विट्ठल फाल्के और नेहा जैसी खिलाड़ियों ने अग्रिम पंक्ति के लिए पर्याप्त मौके बनाए। लेकिन स्ट्राइकरों ने भारत को निराश किया क्योंकि नवनीत, दीपिका, बलजीत कौर और अन्य खिलाड़ियों को गोल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। रक्षा पंक्ति में सुशीला चानू, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छेत्री और सुमन देवी तौदाम ने कई गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। भारतीय टीम को अगर चीन के खिलाफ दोनों मैच में जीत हासिल करनी है तो उसे गलतियों से बचकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## अविनाश साबले की निगाह व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और विश्व चैम्पियनशिप पर

**बेंगलुरू।** पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा, ''पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है। अभी अभ्यास के 15 दिन बचे हुए हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं आठ मिनट के करीब पहुंचने में सफल रहूंगा। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी 2023 में एशियाई खेलों के बाद से पिंडली की चोट से जूझ रहा था। उन्होंने 2025 के अपने सत्र की शुरुआत ज़ियामेन डायमंड लीग में आठ मिनट 22.59 सेकंड (8:22.59) सेकंड के समय के साथ की और इसके बाद शाओक्सिंग में 8:23.85 सेकंड का समय निकाला। साबले ने मई में दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई चैंपियनशिप में 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा, ''तैयारियां अच्छी चल रही हैं। मैं सत्र की शुरुआत में चोटिल हो गया था। लेकिन इसके बावजूद मैंने चीन में दो डायमंड लीग स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। मैंने अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए एशियाई चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया। यह भारतीय खिलाड़ी पिछली विश्व चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने में असफल रहा था और अपनी हीट में सातवें स्थान पर रहा था। लेकिन इस बार वह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साबले ने कहा, '' मैं विश्व चैंपियनशिप में इस बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं और उसके लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं। साबले को 8:09.91 सेकंड का राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है और अब उनकी निगाह आठ मिनट से कम समय निकालने पर टिकी हैं। उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से मैं यह उपलब्धि हासिल करना चाहता हूं। यह जल्दी नहीं होगा लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा।

## गुजरात में होंगे 2029 विश्व पुलिस और फायर खेल

**अहमदाबाद।** विश्व पुलिस और फायर खेल 2029 भारत में गुजरात के अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर (केवडिया) में होंगे जिसमें 10000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। ये खिलाड़ी 70 देशों के पुलिस, अग्निशमन, कस्टम और सुधार सेवा विभागों के होंगे। इन खेलों की 1985 में शुरूआत के बाद भारत इनकी मेजबानी करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश होगा। बर्मिंघम में पिछले रविवार को डब्ल्यूपीएफजी की संचालन ईकाई कैलिफोर्निया पुलिस एथलेटिक महासंघ के सामने भारत ने अंतिम बार अपनी दावेदारी पर अपना पक्ष रखा जिसके बाद यह घोषणा की गई। प्रदेश सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार, '' भारत अब कनाडा, आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड , चीन और अमेरिका जैसे देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने इन खेलों की मेजबानी की है। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा भी व्यक्त कर चुका है और अहमदाबाद ही मुख्य मेजबान होगा।

## नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत फ़ेयरफैक्स के वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किये गए

**नई दिल्ली।** कनाडा के अरबपति प्रेम वत्स की कंपनी फ़ेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड ने नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत को वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया है। पूर्व जी-20 शेरपा अमिताभ कांत की आर्थिक विकास, नवाचार और सतत विकास में व्यापक विशेषज्ञता से भारत में कंपनी के दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। कंपनी के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रेम वत्स ने कहा, ''हम अमिताभ कांत का हमारे फ़ेयरफैक्स परिवार में स्वागत करते हुए बहुत उत्साहित हैं।'' उन्होंने कहा कि कांत भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिसकी परिणति ऐतिहासिक नई दिल्ली लीडर्स घोषणा के रूप में हुई। वत्स ने कहा कि नीति आयोग के सीईओ के रूप में वे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के पीछे एक प्रेरक शक्ति थे, जिसने भारत के कुछ सबसे वंचित क्षेत्रों का उत्थान किया।

# न्यूजीलैंड ने ट्राई-सीरीज़ के लिए टीम की घोषणा की, मिल्ने और हेनरी की वापसी

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने आगामी टी20 ट्राई-सीरीज़ के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और मेज़बान ज़िम्बाब्वे भी शामिल हैं। इस टीम में तेज़ गेंदबाज़ एडम मिल्ने और मैट हेनरी की वापसी हुई है। अनकैप्ड बल्लेबाज़ बेवन जैकब्स, जो दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज़ का भी हिस्सा थे, ने अपनी जगह बरकरार रखी है। 23 वर्षीय जैकब्स को एक बार फिर मौका दिया गया है और कोच का मानना है कि वे घरेलू क्रिकेट और विभिन्न फ्रेंचाइज़ लीग्स में अपने प्रदर्शन से प्रभावित कर चुके हैं। एडम मिल्ने नवंबर के बाद पहली बार टीम में लौटे हैं, वहीं मैट हेनरी कंधे की चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चोट उन्हें आईसीसी





चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान लगी थी। वहीं, तेज़ गेंदबाज़ बेन सियर्स चोट के चलते अनुपलब्ध हैं, लॉकी फर्ग्यूसन को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया है और काइल जैमीसन पारिवारिक कारणों (पहले बच्चे के जन्म का इंतज़ार) से इस दौरे पर नहीं होंगे। डेवोन कॉनवे और मिच हे भी टीम का हिस्सा नहीं हैं, जबकि विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी टिम सिफर्ट को सौंपी गई है। कप्तान केन विलियमसन ने खुद को चयन के लिए अनुपलब्ध रखा है। यह दौरा न्यूजीलैंड के नए मुख्य कोच रॉब वॉल्टर का पहला कार्यभार होगा। उन्होंने एक बयान में कहा,''मुझे लगता है कि हमारे पास इस दौरे के लिए एक मजबूत टीम है और मैं खिलाड़ियों के साथ काम शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने आगे कहा,''पाकिस्तान के खिलाफ मार्च सीरीज़ में आईपीएल की वजह से जो खिलाड़ी उपलब्ध नहीं थे, उन्हें फिर से टीम में देखकर अच्छा लग रहा है। यह ट्राई सीरीज़ बेहतरीन होगी, दक्षिण अफ्रीका एक मजबूत टीम है और ज़िम्बाब्वे अपने घरेलू हालात में हमेशा चुनौतीपूर्ण रहता है। रॉब वॉल्टर ने एडम मिल्ने के अनुभव को अहम बताया और कहा कि उनकी गेंदबाज़ी खासकर पावरप्ले में काफ़ी असरदार है। इसके साथ ही उन्होंने इस सीरीज़ को अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, ''विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह सीरीज़ हमारी तैयारी का एक महत्वपूर्ण चरण है। यह हमें विभिन्न खिलाड़ियों और संयोजनों को आज़माने का मौका देगा।''

# कमिंस को ड्रेसिंग रूम जाने का इशारा करने वाले कैरेबियाई तेज गेंदबाज सील्स पर जुर्माना

एजेंसी

ब्रिजटाउन। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन पैट कमिंस के आउट होने पर उन्हें ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सील्स ने आईसीसी आचार संहिता का लेवल एक का अपराध किया है और उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया चूंकि यह 24 महीने के भीतर उनका दूसरा अपराध था। आईसीसी आचार संहिता के तहत सील्स ने धारा 2.5 का उल्लंघन किया है जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने या ऐसे इशारे करने से संबंधित है जिससे बल्लेबाज आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकता है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में विभिन्न मापदंडों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसयू) के प्रदर्शन संबंधी समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक में पीएसयू बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की।

वित्त मंत्री कार्यालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के अलावा डीएफएस के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल





हुए। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्रायल के वित्तीय सेवा विभाग की ये बैठक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा प्रमुख नीतिगत ऋण दर रेपो रेट में अपेक्षा से कहीं अधिक 50 आधार अंकों (0.50 फीसदी) की कटौती करने तथा नीतिगत रुख को 'समायोज्य' से बदल कर 'तटस्थ' करने के कुछ हफ्ते बाद हुई है। आरबीआई ने अपनी नीतिगत समीक्षा में बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ाने के लिए अपने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी कटौती की है।

# भारत का कतर, दोहा और दुबई को लीची का निर्यात

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के बगवानी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने पहली बार पंजाब से कतर और दोहा को 1.5 टन लीची का निर्यात किया। इसके अलावा पठानकोट से दुबई और संयुक्त अरब अमीरात को 0.5 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि भारत के बागवानी निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने बागवानी विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय तथा पंजाब सरकार के सहयोग से 23 जून को पठानकोट, पंजाब से दोहा, कतर के लिए एक मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप को रवाना करने में मदद की। इसके अलावा पठानकोट से दुबई, संयुक्त अरब अमीरात को 0.5 मीट्रिक टन लीची का निर्यात भी किया गया, जो दोहरी निर्यात उपलब्धि है और वैश्विक ताजे फल बाजारों में भारत की क्षमता को मजबूत करता है। यह पहल प्राधिकरण द्वारा पंजाब के बागवानी विभाग और लुल्लू ग्रुप के सहयोग से की गई। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71,490 मीट्रिक टन रहा, जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 फीसदी का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4,327 हेक्टेयर था, जिसकी औसत उपज 16,523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। उल्लेखनीय है कि सरकार फलों और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में ये निर्यात साल-दर-साल 5.67 फीसदी बढ़कर 3.87 अरब डॉलर हो गया।

# असम में ओएनजीसी के कुएं से गैस रिसाव को 16 दिन बाद बंद किया गया: हरदीप पुरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने असम के शिवसागर जिले में अपने कच्चे तेल के कुएं में 16 दिनों तक जारी गैस रिसाव के बाद हुए विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। उन्होंने कहा कि इसे बिना किसी जानमाल की हानि के अंजाम दिया गया। हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में कहा, ओएनजीसी ने आज 11.15 बजे कुआं आरडीएस 147ए के विस्फोट को सफलतापूर्वक रोक दिया है। उन्होंने कहा कि यह विस्फोट 12 जून को शुरू हुआ था और सभी बेहतरीन प्रथाओं का पालन करते हुए कम से कम समय में सफलतापूर्वक रोक दिया गया है।'' पुरी ने कहा कि कैपिंग बिना किसी चोट, हताहत या आग के पूरी कर ली गई। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने



आगे कहा कि ओएनजीसी संकट प्रबंधन टीम ने अंतरराष्ट्रीय कुआं नियंत्रण विशेषज्ञों के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक योजना और ठोस प्रयासों के माध्यम से सुरक्षित तरीके से गैस कुआं विस्फोट पर पर्दा डाल दिया, जिससे किसी भी तरह की चोट, हताहत या आग नहीं लगी, जो संकट प्रबंधन की योग्यता को दर्शाता है। उन्होंने इसके लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और राज्य सरकार के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर टीमों को उत्कृष्ट और निरंतर समर्थन देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, लगातार पांचवें दिन सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। सोना आज लगातार पांचवें दिन बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। सोने के भाव में आज 850 रुपये से लेकर 930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। इसी तरह चांदी का भाव भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,020 रुपये से लेकर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,850 रुपये से लेकर 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में



आज 1,07,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ये रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।



इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के समक्ष वित्त की समस्या के साथ साथ बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किये हैं। सरकार ने छोटे उद्योगों की परिभाषा में बदलाव करते हुए इनका दायरा बढाया है। राष्ट्रपति ने पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे उद्योग क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में योजनाओ का लाभ उठाना चाहिए। विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में छोटे उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी किया। उन्होंने ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) पोर्टल का अनावरण भी किया। श्रीमती मुर्मु ने एमएसएमई हैकाथॉन 5.0 का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हैकाथॉन 4.0 के परिणाम की घोषणा भी की गयी। राष्ट्रपति 'एमएसएमई पत्रिका' और एक पुस्तिका 'अपने ऋणदाता को जानें' का विमोचन किया।

# देश के आगे एक परिवार को तवज्जों देने के लिए संविधान और लोकतंत्र को कुचला गया : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शुक्रवार को आपातकाल के मुद्दे पर कंग्रेस तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि देश के आगे एक परिवार को तवज्जों देने के लिए संविधान एवं लोकतंत्र को कुचला गया था।

डॉ. जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि युवा पीढ़ी को आपातकाल से हुए नुकसान के अलावा इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि इस दौरान संविधान और लोकतंत्र को कैसे कुचला गया था। उन्होंने कहा, ल्लदेश में जब आपातकाल लागू हुआ था, उस वक्त एक युवा होने के नाते मैंने क्या देखा और उससे क्या सबक ली। साथ ही उस वक्त की स्थिति और मीडिया प्रभाव के बारे में भी मैंने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई की ओर से आयोजित नकली संसद (मॉक पार्लियामेंट) में अपने विचारों को रखा। उन्होंने कहा, देश में आपातकाल का प्रभाव, संविधान और लोकतंत्र की हत्या, विश्व पटल पर हमारी छवि कैसे बिगाड़ी गयी और साथ ही देश की राजनीतिक हलचल और आपातकाल से हुए नुकसान हुआ उन सभी पहलुओं के बारे में हमने चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा देश में आपातकाल लगाने का एक महत्वपूर्ण कारण था कि देश के आगे एक परिवार को तवज्जों दिया गया, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि देशहित को सबसे आगे जा रहा है। मुझे इस बात को बताते हुए गर्व होता है कि देश के विभिन्न पार्टियों के सांसद देश का प्रतिनिधित्व विभिन्न देशों में किया और सबने एक संदेश दिया कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं कर सकता। अगर आतंकवाद की बात होगी तो भारतवासियों के लिए पक्ष या विपक्ष एक साथ होकर खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संविधान की प्रति हाथ में लेकर घूमते हैं, लेकिन दिल की भावना कुछ और है। क्या कभी कंग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी मांगी, जिसमें उसने संविधान और लोकतंत्र दोनों का गला घोटा था। उन्होंने कहा कि आपातकाल बहस का कोई मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक संविधान और लोकतंत्र, मीडिया और राजनीतिक को कुचलने के लिए याद किया जाने वाला काला अध्याय है और आज जो विपक्ष पिछले 11 साल को अघोषित आपातकाल की बात कर रहा है, उनसे साफ कर दूं कि अगर आपातकाल होता तो ना तो संसद चलते और ना ही सरकार से सवाल पूछने वालो को छोड़ा जाता क्योंकि कंग्रेस की सरकार में ऐसा ही हुआ था। इस दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर, दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी और दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा मीडिया प्रमुख शुभम मलिक भी उपस्थित थे।

# प्रदूषण कम करने के लिए चल रहे अभियान का दिख रहा असर: सिरसा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने और कचरा प्रबंधन की सजग रणनीति अब ज़मीन पर असर दिखा रही है तथा आज का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 76 दर्ज हुआ है जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है।

श्री सिरसा ने आज कहा कि यह सुधार केवल मौसम का असर नहीं है, बल्कि हर विभाग द्वारा ज़मीन पर हो रहे समन्वित कार्यों का परिणाम है जिसमें लैंडफिल साइट्स की सफाई, गाड़ियों पर सख़्ती और रोज़ाना की धूल नियंत्रण कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा ल्लये अलग-अलग प्रयास नहीं हैं, बल्कि एक ही मकसद से चल रही मुहिम है। दिल्ली की हवा, ज़मीन और सड़कों को साफ़ करने की। चाहे कचरा हो, धूल हो या गाड़ियों से निकलने वाला धुआँ हो हर चुनौती का जवाब सीधे एक्शन, वैज्ञानिक तकनीक और विभागीय तालमेल से दिया जा रहा है।

श्री सिरसा ने कहा कि 54 ऊँची इमारतों में अब तक एंटी स्मॉग गन लग चुकी हैं, जो दिल्ली सरकार के पर्यावरण एक्शन प्लान के तहत अनिवार्य की गई हैं। यह कदम खासकर घनी आबादी वाले और ऊँची बिल्डिंग ज़ोन में डस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा ल्लदिल्ली को अब लैंडफिल और ख़राब हवा के लिए नहीं जाना जाएगा। हमारा लक्ष्य है ज़ीरो वेस्ट माउंटेन, कम से कम धूल और हर जगह में साफ़ हवा। हमारी नीति इंतज़ार की नहीं बल्कि सीधे काम करने की है।

# जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री को फोन कर आभार जताया

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष विराम के बाद मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराग़ची से टेलीफोन पर बात की और भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। डॉ. जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर ईरान के विदेश मंत्री अराग़ची से बात की। वर्तमान जटिल स्थिति में ईरान के दृष्टिकोण और सोच को साझा करने के लिए उनकी सराहना करता हूँ। भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए उनका धन्यवाद। ऑपरेशन सिंधु के तहत, अब तक कुल 4415 भारतीय नागरिकों (ईरान से 3597 और इज़राइल से 818) को भारतीय वायुसेना के तीन विमानों सहित 19 विशेष निकासी उड़ानों के माध्यम से निकाला गया है।

# आदिवासी आबादी वाले राज्यों में पार्टी के भीतर 10-15 उर्ज़ावान नेता होने चाहिए : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी में ' संगठन सृजन ' अभियान के तहत निचले स्तर के संगठन में हो रहे बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि आदिवासी आबादी वाले राज्यों में पार्टी के भीतर 10-15 उर्ज़ावान नेता होने चाहिए।

उन्होंने पिछले दिनों आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों के एक समूह से मुलाकात की थी। इस मुलाकात का वीडियो पार्टी की ओर से शुक्रवार को जारी किया गया। राहुल गांधी ने इस बातचीत में गुजरात में हाल ही में की गई जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा , '' हम नया कदम उठा रहे हैं। अभी गुजरात में हमने शुरू किया है। गुजरात में हमने 41 जिला - शहर अध्यक्ष बनाए हैं । उसमें आदिवासी , दलित और दूसरे सभी वर्गों को स्थान दिया गया है। उनका कहना था , '' हम जिला अध्यक्षों के हाथ मजबूत करने जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष कंग्रेस को चलाएगा , विचारधारा को बढ़ाएगा और सदस्यता बढ़ाएगा। जिला अध्यक्ष अब हमारा नोडल अधिकारी बन जाएगा। यह हम हिंदुस्तान के हर जिले में करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि कंग्रेस में स्थानीय संगठन के बारे में निर्णय दिल्ली से नहीं , बल्कि बनासकांठा और भरूच से होगा। उन्होंने कंग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ ' अखिल भारतीय आदिवासी कंग्रेस ' के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया का हवाला देते हुए कहा , '' हमने इनको आदिवासी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया है। अगर आदिवासी जिला है तो वहां टिकट के बारे में इनसे पूछा जाएगा...यह नहीं कहा जाएगा कि आपका कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा, ''यह ढांचा हम बना रहे हैं...हम चाहते हैं कि हर (आदिवासी आबादी वाले) राज्य में 10-15 ऊर्ज़ावान आदिवासी नेता दिखें। आदिवासी कंग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने एक बयान में कहा, ''आदिवासी विरोधी भाजपा और आरएसएस की मानसिकता से लड़ने के लिए आपको राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत होकर खड़े करना हम सबकी जिम्मेदारी है। आने वाले समय में गुजरात की तरह हम अन्य प्रदेशों में भी आदिवासियों को संगठन में बराबर की हिस्सेदारी देंगे और अपने लोगों को अपनी लड़ाई खुद लड़ने के लिए मजबूत बनाएंगे। उनका कहना था, ''राहुल जी ने आदिवासी युवाओं को कंग्रेस में आगे लाने की बात की और आदिवासी बहुल जिलों के टिकट में आदिवासी कंग्रेस की भूमिका पर भी जोर दिया। यह हमारे लिए बहुत प्रेरणादायक है। हम सभी राहुल जी के मार्गदर्शन में पूरी ताकत से आदिवासी हितों की लड़ाई लड़ेंगे।



# सीबीआई की विशेष अदालत ने साइबर वसूली में शामिल आरोपी को रिमांड पर भेजा

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने एक दिन पहले गिरफ्तार किये गये अंतरराष्ट्रीय साइबर वसूली सिंडिकेट से जुड़े एक संदिग्ध को शुक्रवार को चार दिन के रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई ने इस आरोपी को गुरूवार को मुंबई से गिरफ्तार किया था। इससे पहले जांच एजेन्सी ने बुधवार को इस मामले की जांच के दौरान अहमदाबाद और मुंबई में कई स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया था। तलाशी के दौरान एजेन्सी ने अनेक आपत्तिजनक चीजें बरामद की थी। यह मामला एक अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी नेटवर्क से संबंधित है जो विदेशी नागरिकों विशेष रूप से अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को सरकारी अधिकारी बनकर झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देकर धन उगाही में शामिल है। ऑपरेशन के दौरान आरोपी के पास साइबर धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए जाने वाले एक सुव्यवस्थित तंत्र का पता चला।

# नौसेना प्रमुख ने 51 नौसैनिकों को वीरता और अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शुक्रवार को यहां 51 नौसैनिकों को राष्ट्रपति की ओर से वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए।

नौसेना प्रमुख ने नवनिर्मित नौसेना भवन में पहली बार आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह में नौसेना कर्मियों की बहादुरी, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और विशिष्ट सेवा को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में कुल 51 नौसैनिकों को पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें एक युद्ध सेवा पदक, तेरह नौसेना पदक (वीरता), आठ नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और सत्रह विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने हिंडन नहर में एक व्यक्ति को डूबने से बचाने के लिए धर्मबीर सिंह नेगी, पूर्व पीओ ईएल (पी) को जीवन रक्षा पदक, उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल पदक और इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर और अनुप्रयुक्त स्रोतों के क्षेत्र में उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल पदक भी प्रदान किए। औद्योगिक और गैर-औद्योगिक श्रेणियों में क्रमशः मैटेरियल ऑर्गनाइजेशन (विजाग) और आईएनएस शिवाजी को सर्वश्रेष्ठ हरित अभ्यास के लिए सीएनएस ट्रॉफी प्रदान की गई।

सीएनएस ने पिछले वर्ष में उत्कृष्ट सेवा के लिए विभिन्न इकाइयों को यूनिट प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। ऑपरेशनल यूनिट की श्रेणी में पुरस्कार पाने वालों में आईएनएस शिवालिक, त्रिशूल, कर्ण और फ्लाइट स्क्वाड्रन आईएनएएस 316 शामिल थे। तटीय प्रतिष्ठानों की श्रेणी में पुरस्कार पाने वालों में आईएनएस सतवाहन, राजली और तुनीर शामिल थे।

इस अवसर पर एडमिरल त्रिपाठी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह अवसर विशेष महत्व का है और साथ ही नौसेना द्वारा अपने कर्मियों की वीरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के विशिष्ट कार्यों की औपचारिक स्वीकृति है। समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवार और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ गणमान्य मौजूद थे।

# 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है।

पंजाब कंग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा बरार ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है।

पंजाब प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान जगदीप और खुशबू यादव का परिचय कराते हुए कहा कि इन दोनों के भाई लोग डेढ़ साल से रूस में लापता हैं। उनका कहना था कि दिसम्बर 2023 को 126 लोग एजेंट के माध्यम से विदेश गए थे। वे लोग सिंगापुर, मलेशिया और इटली जाना चाहते थे, लेकिन उनको मॉस्को भेज दिया गया। जगदीप के अुनसार एजेंट के माध्यम से पांच लोग मॉस्को गए थे और इसके बदले उनसे 35 लाख 40 हजार रुपए दिए लेकिन उन्हें इटली भेजने की बजाय मॉस्को भेज दिया गया। उसके बाद मॉस्को की सरकार ने इन लोगों को सेना में भर्ती करा दिया और 15 दिन की ट्रेनिंग देकर उन्हें मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इन 126 लोगों में 14 लोग लापता हैं जिनमें से करीब 100 लोग वापस आ गए हैं, क्योंकि कुछ लोगों को गोली लग गई और कई लोग जख्मी हो गए। जगदीप और खुशबू यादव अपने भाई को वापस लाने के लिए हर मंत्रालय गए, लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। कंग्रेस नेता ने कहा कि लापता 14 लोगों में उत्तर प्रदेश के नौ लोग हैं जबकि पंजाब के तीन, महाराष्ट्र तथा जम्मू कश्मीर से एक-एक है। परिजन परेशान हो गये हैं लेकिन उनको ढूंढने को लेकर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार रूस से पूछेगी कि बिना अनुमति के हमारे लोगों को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया और क्या सरकार ने अपने लोगों को वापस लाने का कोई प्रयास किया है। सारा मामला खुलने के बाद सरकार ने धोखेबाज एजेंटों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। रशिया में लापता मनदीप जी के भाई जगदीप ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से मैं अपने भाई मनदीप को ढूंढने की कोशिश कर रहा हूं, लेकिन हमारी कोई सहायता नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि हर बार उन्हें यही आश्वासन दिया जाता है कि उनके भाई को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ नहीं होता। उनकी मां बेटे के लौटने की उम्मीद लगाए हुए है लेकिन सरकार मदद करने को तैयार नहीं है। रूस में लापता जोगिंदर यादव की बहन खुशबू ने बताया कि उनके परिवार वाले बहुत परेशान हैं और एक साल से उनकी अपने भाई से बात नहीं हुई है। वह जिंदा हैं या नहीं इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# पेज एक का शेष

## केवल अपने परिवार...

कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं, जिनमें सभी जातियों और समुदायों के लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। यूपी देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 55 हजार युवाओं को 5 लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि हमने इन युवाओं का चयन उनकी प्रतिभा के आधार पर किया, न कि उनकी जाति या क्षेत्र के आधार पर। इस योजना ने सभी समुदायों के युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। सीएम ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 1 लाख से अधिक परंपरागत कारीगरों को टूलकिट और सस्ते ऋण प्रदान किए गए हैं मुख्यमंत्री ने इस वर्ष 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह शो यूपी के एमएसएमई उत्पादों को वैश्विक खरीदारों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी के 77 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है और 75 नए आवेदनों पर कार्य चल रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई आलोक कुमार, एसएलवीसी के कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित एमएसएमई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर औद्योगिक आख्यान खैमई अलीगढ़ की पांच औद्योगिक इकाइयों और उनके प्रतिनिधियों को आवंटन पत्र वितरित किया। इस दौरान मेसर्स मैक्स बोल्ट एनर्जी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सत्येन्द्र शुक्ला और विशाल गुप्ता, मेसर्स मानसरोवर इंगट प्राइवेट लिमिटेड की अदिति और अंशिका मित्तल, मेसर्स मैडवाई इंडिया के पवन ओझा, मेसर्स प्रभा इंटरनेशनल के अतुल शर्मा, मेसर्स गायत्री बिल्डिंग मैटेरियल के कुलदीप आर्य को आवंटन पत्र वितरित किया। यूपी के प्रोडक्ट को अधिक से अधिक जीआई टैग मिले इसके लिए मुख्यमंत्री के समक्ष आयुक्त उद्योग के. विजयेन्द्र पांडियन और ह्यूमन वेलफ़ेयर एसोसिएशन के पद्मश्री डॉ रजनीकांत के बीच एमओयू का आदान-प्रदान हुआ। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एमएसएमई प्रोत्साहन नीति के लाभार्थियों को चेक वितरित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वाराणसी की अदिति सिंह, गोरखपुर के दुर्विजय, लखनऊ के पवन कुमार मिश्रा, बाराबंकी के ललित कुमार, बाराबंकी के दिवाकर तिवारी, लखनऊ की गरिमा पांडेय को डमी चेक वितरित किया। ओडीओपी वित्त पोषण योजना के अंतर्गत सीतापुर के अफसर अली, बाराबंकी के श्रवण कुमार, रायबरेली के राजेश कुमार त्रिपाठी, उन्नाव के मोहम्मद नदीम, लखनऊ की रेखा मलानी को डमी चेक वितरित किया। ओडीओपी ट्रेनिंग टूलकिट योजना के अंतर्गत रायबरेली के रंजीत कुमार, लखीमपुर खीरी की कुमारी जया, अमेठी के गोविंद यादव, कौशाम्बी के विनोद कुमार, मीरजापुर के बहादुर को टूलकिट वितरित किया।

## लिव-इन रिलेशनशिप...

शोषण किया है, क्योंकि कोई भी उससे शादी करने को तैयार नहीं है। इन दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि हालांकि लिव-इन-रिलेशनशिप की अवधारणा ने युवा पीढ़ी को काफी आकर्षित किया है, लेकिन इसके दुष्परिणाम वर्तमान मामले जैसे मामलों में देखे जा रहे हैं। हालांकि, पीठ ने आरोपित को 25 फरवरी से लगातार जेल में रहने, किसी पूर्व आपराधिक इतिहास की अनुपस्थिति, आरोपों की प्रकृति और जेलों में भीड़भाड़ को देखते हुए जमानत दे दी।

## उत्तराखंड में...

गया है। महाधिवक्ता की ओर से उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद उच्च न्यायालय को चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश सरकार मामले में भी शीर्ष अदालत ने कहा है कि चुनाव आयोग, सरकार और न ही उच्चतम न्यायालय को चुनाव रोकने का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने आरक्षण तय करने में संविधान की धारा 242 (डी) का अनुपालन किया है। उन्होंने कहा कि जो आरोप याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाये गये हैं उन्हें चुनावी याचिका के माध्यम से चुनौती दी जानी चाहिए। सरकार का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने चुनावी प्रक्रिया पर लगी रोक को हटा दिया। साथ ही सरकार को तीन दिन में जवाब देने को कहा है। गौरतलब है कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिये विगत 21 जून को अधिसूचना जारी की गयी थी। इसी के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ हरिद्वार जिले को छोड़ कर शेष 12 जिलों में चुनावी प्रक्रिया लागू हो गयी। इसके तहत 10 और 15 जुलाई को दो चरणों में मतदान और 19 जुलाई को मतगणना का कार्य होना था लेकिन इन याचिकाओं के आलोक में विगत 23 जून को न्यायालय ने पूरी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

## चार परियोजना...

जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रथम और द्वितीय की समीक्षा के दौरान प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा परियोजना प्रबंधक संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (।।) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह को कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि थमायी गई है। इसके साथ ही प्रयागराज के अवर अभियन्ता विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के अवर अभियन्ता दिनकर और आशीष कुमार यादव को भी कार्यों में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

## रिहाई में देरी...

की रिहाई के बारे में सूचित किया गया तो उसने टिप्पणी की, ल्लस्वतंत्रता संविधान के तहत गारंटीकृत एक बहुत मूल्यवान और कीमती अधिकार है। अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने मामूली गैर-मुद्दे के चलते कम से कम 28 दिनों के लिए अपनी स्वतंत्रता खो दी थी। आरोपी व्यक्ति पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 366 (अपहरण, अपहरण या महिला को शादी के लिए मजबूर करना आदि) और उत्तर प्रदेश धर्म के गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3 और 5 (गलत बयानी, बल, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन द्वारा एक धर्म से दूसरे धर्म में धर्मांतरण का निषेध) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## आतंकवाद के संदर्भ के...

बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के बीच एकता देखी। भारत ने दुनिया को यह संदेश दिया कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है और अगर यह जारी रहता है, तो देश को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। विदेश मंत्री ने कहा कि जब मैं शशि थरूर, सुप्रिया सुले, कनिमोझी, संजय झा, जय पांडा, रविशंकर प्रसाद और श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को देखता हूं तो मुझे बहुत गर्व होता है, लेकिन जब मैं दुनिया भर में सभी दलों के बीच एकता देखता हूं, जो राष्ट्रहित में बोलते हैं, यह संदेश देते हैं कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है और अगर यह जारी रहता है, तो हमें अपनी रक्षा करने का अधिकार है। वे जिस भी देश में गए उन्हें बताया गया कि सबसे प्रभावशाली बात यह थी कि सभी दल देश का प्रतिनिधित्व करने में एकजुट थे। यह हमारे लिए एक महान क्षण था।

# युवा अपने लक्ष्य राष्ट्र पर केंद्रित रखें : धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर युवाओं से किया राष्ट्र निर्माण का आह्वान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों से अपने लक्ष्यों को संकीर्ण और आत्मकेंद्रित न रखकर समाज, मानवता तथा राष्ट्र पर केंद्रित रखने का आह्वान किया है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को यहां शेरवुड कॉलेज के 156वें स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को यह भावना आत्मसात करनी होगी कि राष्ट्र सर्वोपरि है। बिना शर्त पूर्ण राष्ट्रवाद को स्वीकार करना होगा क्योंकि भारत की 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत है।




उन्होंने कहा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उसकी पहुंच और वहन करने की क्षमता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए मूलभूत हैं, शिक्षा ईश्वर का वरदान है। अगर आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं। अगर आपको इस प्रकार की शिक्षा 1.4 अरब की जनसंख्या वाले देश में मिलती है, तो आप सच में विशेषाधिकार प्राप्त हैं। उपराष्ट्रपति ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा, मातृत्व-पितृत्व वह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जो केवल आपके बच्चों के प्रति ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के प्रति है। इसलिए अपने बच्चों पर दबाव न डालें। आप यह मत तय करें कि उनका जीवन का उद्देश्य क्या होगा। यदि आप तय करेंगे, तो वे सब केवल पैसे या सत्ता के पीछे दौड़ेंगे। फिर वैज्ञानिक कहां से आएंगे? खगोलशास्त्री कहां से आएंगे? वे लोग कहां से आएंगे जो पूरे विश्व की दिशा तय करते हैं? 'विकसित भारत' के लक्ष्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दशक को देखें तो वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक प्रगति अभूतपूर्व रही है। अवसंरचना में अद्भुत वृद्धि हुई है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हम सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। भारत के लिए पिछला दशक विकास और प्रगति का दशक रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक नई जगह बनाने का दशक रहा है और अब सबको मिलकर इसे आगे ले जाना है - क्योंकि 'विकसित भारत' केवल 'हमारा सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। संस्थान के पूर्व छात्रों की विरासत को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, आप ऐसे स्थान पर हैं जहां दिग्गजों ने कदम रखे हैं। मेजर सोमनाथ शर्मा, भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता - इस राष्ट्र का सर्वोच्च सैन्य सम्मान - यहीं के छात्र थे। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ 1971 की ऐतिहासिक विजय के शिल्पकार, जिन्होंने यह जीत राष्ट्र को दिलाई - वे भी यहीं से शिक्षित हुए। उन्होंने कहा, आप उस विरासत में जी रहे हैं - इसे कभी न भूलें और अगर मैं अन्य क्षेत्रों की बात करूं तो अनेक नाम हैं लेकिन मैं एक नाम अवश्य लूंगा - अमिताभ बच्चन (बॉलीवुड अभिनेता) का। अमिताभ बच्चन हमें हमेशा याद दिलाते हैं - कर्म ही पूजा है। कार्य करने की कोई उम्र नहीं होती - आपको निरंतर योगदान करते रहना है।

# राज्य सरकार को राहत, पटना हाई कोर्ट ने 19,858 सिपाहियों के स्थानांतरण पर लगी अंतरिम रोक को हटाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। पटना उच्च न्यायालय ने बिहार पुलिस में 19,858 सिपाहियों के बड़े पैमाने पर किए गए स्थानांतरण पर शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने इन ट्रांसफर पर लगी अंतरिम रोक को हटा दिया है। यह आदेश राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया गया, जिसमें कार्यवाहक चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की अगुवाई वाली खंडपीठ ने हस्तक्षेप किया। हालांकि, जिन सिपाहियों ने कोर्ट में याचिका दायर की थी, उनके ट्रांसफर पर फिलहाल रोक जारी रहेगी।

इस मामले में खंडपीठ ने हस्तक्षेप करते हुए आदेश में आंशिक संशोधन किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के तबादलों पर अंतरिम रोक तब तक बनी रहेगी जब तक अंतिम सुनवाई नहीं हो जाती, लेकिन अन्य सभी सिपाहियों के स्थानांतरण वैध रूप से लागू माने जाएंगे। याचिकाकर्ता




की ओर से कोर्ट में कहा गया कि 2022 तक एक ट्रांसफर पॉलिसी प्रभावी थी, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया। अब नई नीति के बिना एक साथ इतनी बड़ी संख्या में ट्रांसफर करना न केवल प्रशासनिक असंतुलन पैदा करता है, बल्कि यह सर्विस रूल्स और प्राकृतिक न्याय के भी खिलाफ है। राज्य सरकार अब बाकी सिपाहियों का ट्रांसफर प्रभावी तरीके से लागू कर सकती है। वहीं, जिन सिपाहियों ने याचिका दायर की है, उनके मामले पर अंतिम सुनवाई के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। यह फैसला राज्य सरकार के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि लंबे समय से अटके ट्रांसफर आदेशों को लागू करने की राह अब साफ हो गई है। स्थानांतरण की सूची में पटना के अलावे नालंदा, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, भोजपुर, वैशाली, बक्सर और चंपारण समेत अन्य जिले भी शामिल हैं । आदेश में अंगरक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त ऐसे सिपाहियों का तबादला प्रतिनियक्ति अवधि तक स्थगित रहेगा। प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद वे संबंधित जिले से कार्यमुक्त हो जाएंगे । गौरतलब है कि बीती 05 मई 2025 को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर राज्य भर के 19,858 सिपाहियों का तबादला एक जिले से दूसरे जिले में कर दिया था। इसे लेकर राज्य में काफी हलचल मच गई थी। इस फैसले को अमिताभ बच्चन समेत अन्य याचिकाकर्ताओं ने पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि बिहार में 2022 के बाद कोई नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू नहीं की गई, फिर भी इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण कर दिए गए, जो नियमों के खिलाफ है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के बवाना इलाके में शुक्रवार की सुबह सैर पर निकले दीपक नाम के युवक को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला। दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं साथ चल रही उसकी बेटी घायल हो गई। बेटी के हाथ में गोली लगी है। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। पुलिस को इस पूरे मामले में नंदू गैंग पर शक है। मृतक की पहचान कुख्यात गैंगस्टर मंजीत महाल के सगे भांजे दीपक के रूप में हुई है। यही कारण है कि हत्या के तार गैंगस्टर मंजीत महाल के दुश्मन और विदेश में बैठे नंदू गैंग से जोड़े जा रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि गैंग के इशारे पर ही दीपक पर हमला हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी के अनुसार बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे दीपक नाम का शख्स अपने परिवार के साथ सुबह सैर करने निकला था। बाइक पर सवार होकर आए दो हमलावरों ने उस पर कई राउंड फायरिंग की और उसकी हत्या कर दी। इस हमले में मृतक दीपक के साथ सैर पर आई उसकी बेटी के हाथ में भी गोली लगी है, जिसका फिलहाल अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। दीपक पेशे से ट्रेडिंग का काम करता था। बीटेक की पढ़ाई करने के बाद वो ट्रेडिंग के काम मे लग गया था, वो बवाना के नांगल ठाकरान गांव में अपने माता पिता, पत्नी और बच्चों के साथ रहता था। दीपक रोज सुबह बवाना रोड पर पूरे परिवार के साथ सैर के लिए जाया करता था। ऐसे में आशंशा जताई जा रही है कि हमलावरों को पता था कि वो रोज वहां जाता है। कुल मिलाकर उसकी रेकी की गई थी। शुक्रवार की सुबह भी हमले के समय दीपक के माता-पिता पीछे चल रहे थे। कुछ दूरी पर आगे दीपक अपनी बेटी के साथ सैर कर रहा था, तभी बाइक पर आए दो हमलवारों ने उसपर कई राउंड फायरिंग की। पुलिस के मुताबिक दीपक का किसी तरह का कोई क्रिमिनल केस नहीं था। पुलिस को आशंका है कि इस हत्या के पीछे विदेश में बैठे नंदू गैंग का हाथ हो सकता है, क्योंकि नंदू और मंजीत गैंग की दुश्मनी पिछले काफी सालों से चल रही है।

# सीएम रेखा गुप्ता ने नरेला में बस टर्मिनल का किया उद्घाटन

**■ सौ से ज्यादा देवी इलेक्ट्रिक बसें समर्पित कीं**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार को नरेला सेक्टर ए-9 में 90 दिन में बने अत्याधुनिक बस टर्मिनल का उद्घाटन किया और सौ से ज्यादा देवी इलेक्ट्रिक बसें दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित कीं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ एक नई सुविधा नहीं, बल्कि दिल्ली को बेहतर, सुरक्षित और समावेशी भविष्य की ओर ले जाने वाला मजबूत कदम है। इस अवसर पर सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह व मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि नरेला में 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बना यह टर्मिनल-3 बस-वे, विशाल शेड, साफ-सुथरे टॉयलेट, आरओ जल संयंत्र, कैंटीन-पैंट्री, ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित है।



यात्री अब बेहतर अनुभव के साथ यात्रा करेंगे। नई देवी बसें यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के नए मानक स्थापित कर रही हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरे, इमरजेंसी पैनिक बटन, लाइव ट्रैकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। साथ ही दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए ये बसें व्हीलचेयर-फ्रेंडली डिजाइन के साथ पूरी तरह सुलभ बनाई गई हैं। आज दिल्ली की सड़कों पर 2000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दौड़ रही हैं। हमारा संकल्प है कि 2027 तक राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह इलेक्ट्रिक बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित दिल्ली के विजन को साकार करेंगे। मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली बदल रही है और ट्रांसपोर्ट स्मार्ट बन रहा है। नरेला में तैयार हुआ राजधानी का नया इलेक्ट्रिक बस टर्मिनल है। यह विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक बस टर्मिनल दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को और भी आधुनिक, इको-फ्रेंडली और यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाएगा। मंत्री कहा कि नरेला बस टर्मिनल से ज्यादातर इलेक्ट्रिक बसों का राजधानी दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर संचालन होगा। इस बस टर्मिनल से चलने वाली बसें पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, मोरी गेट, दिल्ली सचिवालय, उत्तम नगर, दयालु कॉलोनी और बॉर्डर एरिया को जोड़ेंगी। बसों के नरेला डिपो से संचालित होने से उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में आवागमन बेहतर होने के साथ राजधानी के हर कोने में स्वच्छ और हरित परिवहन का उद्देश्य भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि नरेला बस टर्मिनल में यात्रियों, बस ड्राइवरों की सुविधा के साथ ही बसों के रख-रखाव लिए भी कई तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस बस टर्मिटल से बस संचालन के लिए 3 समर्पित बस-वे, 34 मीटर और 40 मीटर के 2 आधुनिक शेड का निर्माण, बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, शानदार कैंटीन, स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय ब्लॉक, सुरक्षित पेयजल के लिए आरओ वाली पानी की व्यवस्था के साथ ही भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग पॉइंट भी स्थापित किए गए हैं। नरेला बस डिपो राजधानी में स्वच्छ, कुशल और सुलभ परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# तरनतारन से आआपा विधायक सोहल का निधन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब के तरनतारन विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक डॉ. कश्मीर सिंह सोहल का शुक्रवार को निधन हो गया। सोहल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को उन्हें अमृतसर के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया था, जहां आज उनका निधन हो गया। कश्मीर सिंह सोहल ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा के दौरान अकाली दल के हरमीत सिंह संधू को 13 हजार से अधिक वोटों से हराया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोहल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह आम आदमी पार्टी के संघर्षशील तथा जुझारू नेता थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह दुख सहने का बल प्रदान करे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा तथा अन्य कई कैबिनेट मंत्रियों ने भी सोहल के निधन पर शोक जताया है।

# पंजाब में गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और सहयोगी की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के गुरदासपुर में हथियारबंद युवकों ने बीती रात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके सहयोगी नौजवान करणवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की जिम्मेदारी बंबीहा गैंग ने ली है। करणवीर के पिता पंजाब पुलिस में थानेदार हैं। पुलिस हत्याकांड का नतीजा गैंगवार मान रही है। पिछले दिनों लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गुट में हुए विवाद के बाद यह पहला गैंगस्टर हत्याकांड है। पुलिस के अनुसार, हरजीत कौर किसी काम से करणवीर सिंह के साथ जा रही थीं। उनकी गाड़ी अर्बन स्टेट में कादियां चुंगी के पास पहुंची ही थी कि घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। हरजीत कौर और करणवीर सिंह की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने गुरदासपुर जिले को सील करके जांच शुरू कर दी है।

# पौध रोपण करना ही हमारा लक्ष्य नहीं, उनकी देखभाल भी जरूरी: सीडीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। हरेला पर्व और मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डोभ श्रीकोट गांव व मल्ली गांव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बेडू के पौधों का रोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारी व कर्मचारियों को रोपे गये पौधों के संरक्षण की शपथ भी दिलायी। वहीं रोपे गये पौधों की सुरक्षा के लिये बायो फेंसिंग भी की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि हरेला पर्व न सिर्फ सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण




आवश्यक है, लेकिन उतना ही आवश्यक है उनकी देखभाल और संरक्षण। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि अपने अपने गांवों के आसपास विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करें। साथ ही कहा कि ग्रामीण पौध की आवश्यकता पड़ने पर वन व उद्यान विभाग से पौधे ले सकते हैं। सीडीओ ने कहा कि ग्रामीणों की सहभागिता इस अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य रोपे और उसकी देखभाल का संकल्प ले। कार्यक्रम में ग्रामीणों और स्थानीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मतदाता जागरुकता को लेकर भी लोगों को प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पर्यावरण के साथ-साथ लोकतंत्र की जड़ों को भी मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बेडू से जेम, चटनी सहित कई उत्पाद तैयार किये जा सकते हैं जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वे बेडू के पौधों की नियमित देखभाल करें ताकि वे अच्छी तरह विकसित हों और भविष्य में आमदनी का सशक्त स्रोत बन सकें। उन्होंने बताया कि अन्य क्षेत्रों से भी बेडू की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इसकी खेती और संरक्षण से रोजगार के अवसर भी बढ़ सकते हैं। साथ ही कहा कि इसके लिये विभाग पूरा सहयोग करेगा। साथ ही प्रोडक्ट तैयार करने के लिये प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी सौरभ हांडा, उप कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा दीपक नेगी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक विजय बिष्ट, जेई मनरेगा प्रतीक राज, रोजगार सेवक संजय कुमार, एरिया समन्वयक भरत नेगी, संगीता रावत, रीप से मोहन कुमार, आलोक रावत, सीएलएफ स्टॉप व ग्रामीण शामिल रहे।

# पंजाब में बब्बर खालसा के तीन गुर्गे पकड़े गए

**■ हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल, विस्फोटक मिले**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए अमृतसर ग्रामीण के रामदास निवासी सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह का मॉड्यूल यूके में बैठे निशान सिंह और पाकिस्तान में छिपे आतंकी हरविंदर रिंदा द्वारा चलाया जा रहा था। पुलिस ने इनके पास से दो हैंड ग्रेनेड, 1 ग्लॉक पिस्तौल, और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पकड़े गए संदिग्ध अमृतसर में पुलिस ठिकानों पर हमला और टारगेट किलिंग की योजना बना रहे थे। पुलिस का दावा है कि इनकी गिरफ्तारी से एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया एक आरोपित नाबालिग है। इस संबंध में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के मोहाली स्थित थाने में बीएनएस और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच चल रही है।

# जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना और सौंग बांध पेयजल परियोजना के कार्यों में लाएं तेजी : धामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना और सौंग बांध पेयजल परियोजना के कार्यों में और तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दोनों परियोजना को तय लक्ष्य से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के तहत होने वाले कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए। जमरानी बांध परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य जून 2029 तक रखा गया है, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसे दिसम्बर 2028 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सौंग बांध परियोजना को भी निर्धारित अवधि मार्च 2030 से पहले पूर्ण



करने को कहा है। लगभग 3808 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 150.6 मी. ऊंचे बांध का निर्माण, 42.92 किमी लम्बी नहर का पुनर्निर्माण एवं 21.25 किमी लंबी नई नहर का निर्माण कार्य किया जाना है। इस परियोजना के तहत हल्द्वानी शहर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों की भविष्य की लगभग 10.50 लाख आबादी के लिए 117 एम.एल.डी. पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस परियोजना में बनने वाली 09 किमी. लम्बी झील से एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित होगा व लगभग 57 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा। लगभग 2492 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 130.60 मी. ऊंचे बांध का निर्माण एवं 1.5 मी. व्यास की 14.70 किमी. लम्बी जल वहन प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 85 किमी. जल वितरण प्रणाली एवं 150 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र का निर्माण भी इस परियोजना के तहत किया जाना है। इससे भविष्य में देहरादून शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की वर्ष 2053 तक अनुमानित लगभग 10.65 लाख की जनसंख्या के लिए 150 एम.एल.डी. ग्रेविटी से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इस बांध निर्माण से बनने वाली 3.5 किमी. लम्बी झील को एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव एस.एन.पाण्डेय, युगल किशोर पंत, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

# अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी को पुलिस ने पकड़ा

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम जिले की एएटीएस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 15 वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपित फर्जी भारतीय पहचान पत्र बनवा कर दिल्ली में लंबे समय से रह रहा था। पुलिस के अनुसार पकड़े गए व्यक्ति की पहचान ओहिद के रूप में हुई है। वह भारत में बगैर वैध दस्तावेजों के करीब 15 वर्ष पहले अवैध तरीके से सीमा पार करके दाखिल हुआ था। गिरफ्तारी के बाद आरोपित के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर दी गई है और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय की मदद से उसे बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली थी कि वसंत कुंज इलाके में एक संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी नागरिक घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएटीएस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे रोका और पूछताछ की। आरोपित ने शुरुआत में अपना नाम मो. रोहित शेख, निवासी बाराचंद घर उत्तर पाड़ा, जिला नदिया, पश्चिम बंगाल बताया और आधार कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत किए। लेकिन जब गहराई से पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि वह वास्तव में बांग्लादेश का नागरिक है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063